वर्ष-07 - अंक 294
पृष्ठ-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
शुक्रवार, 31 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून गाज़ियाबाद, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

कोक्लियर इम्प्लांट के बाद स्पीच थेरेपी की सुविधा बढ़ाने ............. 3
पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने 9 वर्षों में रचा विकास का .................... 4
आईटीआई परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश ............... 11

## पश्चिम एशिया संघर्ष में 16 भारतीयों की मौत, 75 घायल : सरकार

### संसद में दी गई जानकारी, प्रभावित परिवारों को सहायता और मुआवजा उपलब्ध कराया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने संसद में जानकारी दी है कि वर्ष 2026 से अब तक क्षेत्र में हुई विभिन्न घटनाओं में 10 भारतीय नाविकों समेत 16 भारतीय नागरिकों की मौत हुई है, जबकि 75 भारतीय घायल हुए हैं। सरकार ने बताया कि प्रभावित भारतीयों और उनके परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई गई है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि मृतकों में ओमान के आठ, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के चार, कुवैत के दो, सऊदी अरब के एक और इराक के एक भारतीय नागरिक शामिल हैं। घायलों की संख्या 75 बताई गई है, जिनमें यूएई में 32, ओमान में 24, कुवैत में 13, कतर में चार, सऊदी अरब में एक और इस्राइल में एक भारतीय शामिल हैं। सभी घायलों का स्थानीय अस्पतालों में उपचार कराया गया और भारतीय मिशनों ने लगातार उनकी सहायता की। सरकार ने बताया कि संघर्ष संबंधी घटनाओं से अलग कतर के रास लाफान गैस सुविधा केंद्र में हुए एक हादसे में 12 भारतीय नागरिकों की जान गई थी। इन मामलों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि स्वीकृत की गई है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मृतकों के पार्थिव शरीर भारत लाने, परिजनों से संपर्क स्थापित करने, यात्रा संबंधी सहायता उपलब्ध कराने और सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय दूतावासों एवं वाणिज्य दूतावासों ने स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय किया। सरकार ने बताया कि 16 मृतकों में से पांच मामलों में मुआवजे का भुगतान भी किया जा चुका है। सरकार ने बताया कि विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावासों और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के समन्वय से फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई। हवाई क्षेत्र खुलने के बाद विशेष वाणिज्यिक एवं गैर-निर्धारित उड़ानों की व्यवस्था की गई। जहां सीधी उड़ानें उपलब्ध नहीं थीं, वहां भारतीय नागरिकों को ट्रांजिट वीजा उपलब्ध कराकर पड़ोसी देशों के रास्ते स्वदेश लौटने में सहायता दी गई। युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में जान गंवाने वाले भारतीय नाविकों के परिजनों को सीफेयरर्स वेलफेयर फंड सोसाइटी (एसडब्ल्यूएफएस) के तहत 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

> लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि मृतकों में ओमान के आठ, संयुत अरब अमीरात (यूएई) के चार, कुवैत के दो, सऊदी अरब के एक और इराक के एक भारतीय नागरिक शामिल हैं। घायलों की संया 75 बताई गई है, जिनमें यूएई में 32, ओमान में 24, कुवैत में 13, कतर में चार, सऊदी अरब में एक और इस्राइल में एक भारतीय शामिल हैं।

## असम में बाढ़ से तबाही, मृतकों की संख्या 78 पहुंची

### सात जिलों के तीन लाख से अधिक लोग प्रभावित, 21 हजार हेक्टेयर फसल जलमग्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गुवाहाटी।** असम में लगातार हो रही भारी बारिश से आई भीषण बाढ़ ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, बाढ़ से अब तक 78 लोगों की मौत हो चुकी है। बुधवार को शिवसागर और गोलाघाट जिलों में तीन और लोगों की मौत के बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़ गया। राज्य के शिवसागर, चराइदेव, गोलाघाट, जोरहाट, नगांव, बिस्वनाथ और कामरूप महानगर सहित सात जिले बाढ़ की चपेट में हैं। करीब 3 लाख लोग प्रभावित हैं, जबकि 551 गांव जलमग्न हैं। बाढ़ से 21,523 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि प्रभावित हुई है। चराइदेव सबसे अधिक प्रभावित जिला है, जहां 1.37 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं।

**राहत-बचाव अभियान जारी**

राज्य में 71 राहत शिविरों में 16,500 से अधिक विस्थापित लोगों को ठहराया गया है, जबकि 30 राहत वितरण केंद्रों के माध्यम से हजारों लोगों तक सहायता पहुंचाई जा रही है। सेना, वायुसेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मृतकों के परिजनों के लिए अनुग्रह राशि बढ़ाकर 9 लाख रुपये करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में पानी उतरने लगा है, लेकिन व्यापक नुकसान के कारण सामान्य स्थिति बहाल होने में समय लगेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री से बातचीत कर केंद्र की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

**खेती और मवेशियों को भारी नुकसान**

बाढ़ से हजारों हेक्टेयर फसल नष्ट हो गई है। 11 हजार से अधिक पशु बह गए, जबकि 17 हजार से अधिक मवेशी प्रभावित हुए हैं। कई सड़कें, पुल, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

**भारी बारिश का अलर्ट**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 30 जुलाई से 1 अगस्त तक असम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। तिनसुकिया जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और आधिकारिक निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## पश्चिम एशिया संकट पर पीएम मोदी की उच्चस्तरीय बैठक



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की समीक्षा की। बैठक में ऊर्जा सुरक्षा, उर्वरकों की उपलब्धता, भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने और हालात पर लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को देखते हुए ऊर्जा और उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए विभिन्न मंत्रालयों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई। साथ ही संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय नाविकों और वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने आगामी रबी सीजन को ध्यान में रखते हुए उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि आयात प्रभावित होता है तो वैकल्पिक स्रोतों की व्यवस्था पहले से तैयार रखी जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में भारतीय और विदेशी ध्वज वाले जहाजों पर कार्यरत भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिए कि नाविकों और उनके परिवारों को समय-समय पर सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए, आवश्यकता पड़ने पर आपातकालीन सहायता और परामर्श (काउंसलिंग) की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### न्यायाधीश तक पहुंचने के प्रयास पर इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लंबित मामले में न्यायाधीश तक पहुंचने के कथित प्रयास पर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया है। कोडीन कफ सिरप मामले से जुड़ी 74 जमानत याचिकाओं की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने स्वयं को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया और सभी प्रकरणों को नई पीठ के गठन के लिए मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भेजने का आदेश दिया। यह आदेश भोला प्रसाद की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान पारित किया गया। न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने अपनी टिप्पणी में कहा कि किसी भी लंबित मामले को प्रभावित करने या न्यायाधीश तक निजी तौर पर पहुंच बनाने का प्रयास न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार है। उन्होंने इसे 'न्यायालय के इतिहास का काला दिन' बताया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि न्याय व्यवस्था की नींव इस विश्वास पर आधारित है कि न्याय निष्पक्ष, निर्भीक और किसी भी बाहरी प्रभाव से मुक्त होकर दिया जाता है।

### यूपी बोर्ड: हाईस्कूल-इंटर की आवेदन तिथि नहीं बढ़ेगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने स्पष्ट कर दिया है कि सत्र 2026-27 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के आवेदन पत्र तथा कक्षा 9 और 11 के अग्रिम पंजीकरण की अंतिम तिथि में कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। इसे लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) देवेंद्र पांडेय ने निजी और सरकारी विद्यालयों को समय से सभी छात्रों का आवेदन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस ने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर किसी छात्र का आवेदन या पंजीकरण नहीं हो पाता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य की होगी। उन्होंने सभी विद्यालयों को समयबद्ध तरीके से आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने बताया कि राजधानी में अब भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का आवेदन और पंजीकरण शेष है। ऐसे में विद्यालय प्रबंधन को किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचते हुए सभी पात्र छात्रों के आवेदन समय पर भरवाने होंगे। डीआईओएस ने यह भी बताया कि नौकरीपेशा अभ्यर्थियों, जो यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा देना चाहते हैं, उनके लिए 10 राजकीय विद्यालयों को आवेदन केंद्र बनाया गया है।

## जंतर-मंतर प्रदर्शनकारियों को दिल्ली सरकार की बड़ी राहत



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली सरकार ने हाल ही में जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शनों में शामिल लोगों को बड़ी राहत देने का फैसला किया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रदर्शन में शामिल आम नागरिकों के खिलाफ कोई प्रतिकूल या दंडात्मक कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। सरकार का कहना है कि यह निर्णय सामान्य स्थिति बहाल करने, नागरिकों का भरोसा मजबूत करने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। सरकार ने हालांकि यह भी साफ कर दिया है कि यह राहत सभी प्रदर्शनकारियों पर समान रूप से लागू नहीं होगी। जिन लोगों का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है या जो गंभीर आपराधिक मामलों में आरोपी हैं, उन्हें इस फैसले का लाभ नहीं मिलेगा। ऐसे मामलों में कानून के अनुसार कार्रवाई जारी रहेगी और न्यायिक प्रक्रिया पूर्ववत चलती रहेगी। सरकार ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य किसी भी अपराधी को कानूनी कार्रवाई से बचाना नहीं है। सरकार के इस फैसले से सबसे अधिक राहत उन लोगों को मिलने की संभावना है, जिन्हें प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार या हिरासत में लिया था। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे सभी मामलों की त्वरित समीक्षा की जाए। जिन प्रदर्शनकारियों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, उनकी रिहाई और संबंधित कानूनी प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने के आधार पर किसी भी नागरिक के खिलाफ भविष्य में कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा और न ही कोई अतिरिक्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने इस पूरे प्रकरण को प्रशासनिक स्तर पर समाप्त मानते हुए संकेत दिया है कि इस विषय में आगे नई कानूनी कार्रवाई शुरू करने का इरादा नहीं है। सरकार का मानना है कि इस फैसले से उन लोगों को राहत मिलेगी, जो किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल नहीं थे, बल्कि केवल प्रदर्शन का हिस्सा बने थे। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि कानून व्यवस्था से समझौता न हो और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहे। दिल्ली सरकार के इस निर्णय को बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के लिए कानूनी और मानसिक राहत के रूप में देखा जा रहा है। वहीं सरकार ने दोहराया कि कानून का सम्मान करने वाले नागरिकों के हितों की रक्षा के साथ-साथ सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## यूपी में राशन कोटेदारों का बढ़ सकता है लाभांश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के 80 हजार से अधिक राशन कोटेदारों का लाभांश बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। शासन ने खाद्य एवं रसद विभाग को हरियाणा, दिल्ली और गुजरात की तर्ज पर प्रस्ताव तैयार कर 15 दिनों के भीतर भेजने के निर्देश दिए हैं। प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश के कोटेदारों को प्रति कुंतल 90 रुपये लाभांश मिलता है, जबकि हरियाणा और दिल्ली में 200 रुपये, गोवा में 230 रुपये प्रति कुंतल लाभांश दिया जाता है। वहीं गुजरात में कोटेदारों को 2,000 रुपये की न्यूनतम आय गारंटी का प्रावधान है। शासन के निर्देश के बाद खाद्य एवं रसद विभाग ने जिलों से कोटेदारों की संख्या और राशन वितरण का ब्योरा तलब कर प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि कम लाभांश के कारण बढ़ती महंगाई में कोटेदारों के सामने आर्थिक संकट बना हुआ है। उन्होंने प्रदेश में कोटेदारों के लिए मानदेय की व्यवस्था करने की भी मांग की। सरकार के इस प्रस्ताव पर मुहर लगने की स्थिति में प्रदेश के हजारों कोटेदारों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।

## नेपाल में सांप्रदायिक हिंसा के बाद कई जिलों में कर्फ्यू

**काठमांडू(एजेंसी)।** नेपाल के भारत से सटे क्षेत्रों में सांप्रदायिक तनाव बढ़ने के बाद प्रशासन ने कई जिलों में कर्फ्यू और निषेधाज्ञा लागू कर दी है। कोशी प्रांत के सुनसरी जिले में हुई हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि सुरक्षाकर्मियों समेत एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रशासन ने मधेश प्रांत के धनुषा और सिराहा जिलों में गुरुवार से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया। धनुषा के सहायक मुख्य जिला अधिकारी भूदेव झा के अनुसार, जनकपुर, लक्ष्मीनिया हाटबाजार, बैलीनी रोड, नागराइन नगरपालिका और ढुथमती ब्रिज सहित कई संवेदनशील क्षेत्रों में दोपहर 3:30 बजे से कर्फ्यू प्रभावी कर दिया गया। वहीं सिराहा जिले के गोलबाजार क्षेत्र में भी दोपहर 2 बजे से कर्फ्यू लागू है। प्रशासन के अनुसार, सुनसरी जिले के कप्तानगंज क्षेत्र में दो धार्मिक समुदायों के आयोजनों के दौरान रविवार को विवाद शुरू हुआ, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गया। स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोली चलाई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए।

## जेपीएससी परीक्षा पर बवाल, हजारों छात्रों का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची(एजेंसी)।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 14वीं संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर राजधानी रांची में बुधवार को हजारों छात्रों ने प्रदर्शन किया। छात्रों ने जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट चौक तक मार्च निकालकर परीक्षा रद्द करने, दोबारा परीक्षा कराने और पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की। प्रदर्शन में शामिल छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और लगातार सामने आ रही अनियमितताओं से युवाओं का प्रतियोगी परीक्षाओं पर भरोसा कमजोर हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और आयोग से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल छात्रा खुशी कुमारी ने कहा कि लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराई जानी चाहिए। वहीं धनबाद से परीक्षा देने आई छात्रा फाल्गुनी ने आरोप लगाया कि 14वीं जेपीएससी परीक्षा में कई गंभीर गड़बड़ियां हुई हैं और पूरे मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जानी चाहिए। इस बीच झारखंड भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने भी जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि परीक्षा में सीटों की खरीद-फरोख्त के आरोप सामने आए हैं तथा सीआईडी इस मामले में सहायक परीक्षा नियंत्रक सहित कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। उन्होंने इस मुद्दे पर राज्य सरकार से जवाब मांगा और कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े मामले में पारदर्शी जांच आवश्यक है। हालांकि, इन आरोपों पर जेपीएससी या राज्य सरकार की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## हेल्पलाइन-1905 की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें अधिकारी : सीएम धामी

### जल जीवन मिशन की लंबित शिकायतों पर जताई नाराजगी, एक सप्ताह में समाधान के निर्देश



**देहरादून(एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन प्रदेशवासियों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम है और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पेयजल विभाग और जल जीवन मिशन से जुड़ी बड़ी संख्या में लंबित शिकायतों पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित शिकायतों का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समय पर शिकायतों का समाधान नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों की हेल्पलाइन शिकायतों के निस्तारण में शून्य प्रतिशत प्रगति है, उन्हें विभागाध्यक्ष तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करें। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा में जिन शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा है, उनकी नियमित समीक्षा विभागाध्यक्ष और जिलाधिकारी स्तर पर की जाए। साथ ही स्पेशल क्लोज, डिमांड, सजेशन तथा अन्य श्रेणियों में परिवर्तित शिकायतों की भी गंभीरता से जांच की जाए, ताकि किसी भी वास्तविक शिकायत का निस्तारण प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान है और सभी विभाग शिकायत निवारण व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाएं।

> उन्होंने स्पष्ट कहा कि समय पर शिकायतों का समाधान नहीं होने पर जिमेदार अधिकारियों के खिलाफ सत कार्रवाई की जाएगी। मुयमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों की हेल्पलाइन शिकायतों के निस्तारण में शून्य प्रतिशत प्रगति है, उन्हें विभागाध्यक्ष तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करें। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

## लॉन बॉल में भारत की लगातार दूसरी जीत, भारोत्तोलन में मार्टिना पदक से चूकीं



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 (सीडब्ल्यूजी) के आठवें दिन भारत को लॉन बॉल में शानदार जीत मिली, जबकि भारोत्तोलन में भारतीय खिलाड़ी मार्टिना देवी पदक जीतने से मामूली अंतर से चूक गईं। लॉन बॉल के पुरुष पेयर्स सेक्शन-बी के दूसरे राउंड में नवनीत सिंह और दिनेश कुमार की भारतीय जोड़ी ने बोत्सवाना के कायज़र गेबे और चार्ल्स डिटेको को रोमांचक मुकाबले में टाईब्रेक के बाद 1-0 से हराया। निर्धारित मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ था। इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी ने प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वहीं, महिला 86+ किलोग्राम भार वर्ग में भारतीय भारोत्तोलक मार्टिना देवी पदक से चूक गईं। उन्होंने कुल 240 किलोग्राम वजन उठाया, जो पदक जीतने के लिए पर्याप्त नहीं रहा। मार्टिना ने स्नैच में 105 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 140 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाया। हालांकि क्लीन एंड जर्क के दूसरे प्रयास में 144 किलोग्राम और तीसरे प्रयास में 146 किलोग्राम वजन उठाने में वह असफल रहीं। यदि वह तीसरे प्रयास में 146 किलोग्राम वजन उठा लेतीं तो कांस्य पदक अपने नाम कर सकती थीं। स्नैच राउंड के बाद मार्टिना पांचवें स्थान पर थीं, लेकिन अंतिम दौर में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद वह पोडियम तक पहुंचने में सफल नहीं हो सकीं। बावजूद इसके, उन्होंने कड़ा संघर्ष करते हुए भारत के लिए सराहनीय प्रदर्शन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना कप्तानगंज पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में थाना कप्तानगंज पर मु0अ0सं0 201/2026 के तहत धारा 69, 351(2) एवं 352 भारतीय न्याय संहिता (BNS) में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी बार-बार संबंध बनाने के लिए दबाव बना रहा था जिससे परिवार आदि जा करके पुलिस में कंप्लेंट दिया इसके बाद पुलिस में मुकदमा दर्ज करकेआरोपी को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सूरज वर्मा पुत्र स्वर्गीय राम संवारे वर्मा, निवासी ग्राम गौरा, थाना कप्तानगंज, जनपद बस्ती को ग्राम बैहार के बाहर पंडूल रोड स्थित नर्सरी के पास से करीब 11:45 बजे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए माननीय न्यायालय भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष कप्तानगंज आलोक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रविंद्र यादव तथा कांस्टेबल जगदंबा प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ग्राम प्रधान शेर मोहम्मद ने गांव बेईली में बहा दिया विकास की गंगा




**बस्ती।** बस्ती जिले केग्राम प्रधान शेर बहदुर यथा नाम तथा गुणे पूरी तरह से सत्यार्थ दिखाई पड़ रहा है गांव में हर सड़क सी सी रोड वा पक्की नाली आदि स्ट्रीट लाइट आदि की समुचित व्यवस्था धरातल पर दिखाई दे रही है कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर अफ़वाह फैला रहे है कि प्रधान ने बिना काम कराए भुगतान करा लिए है मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार कर रहे है लेकिन हकीक़त कुछ और ही है मौके पर स्वतंत्रत प्रभात की टीम गांव में बिकास का निचोड़ लेने के लिए पहुंची तब पता चला कि जो सोशल मीडिया पर जो खबरें चल रही है पूरी तरह से निराधार वा निरर्थक है क्यो कि जिस साइड की खबर सोशल मीडिया पर चल रहा है वह साइड ग्राम पंचायत वाइली में आता भी नहीं वह साइड ही किसी और ग्राम पंचायत का है जिस साइड का जिक्र किया गया उस साइड पर लगातार काम चल रहा है मौके पर स्वतंत्रत प्रभात की टीम पहुंची तब काम चल रहा था और देखने से पता चलता है कि पिछले कई दिनों से काम चल रहा है मजदूरों से भी बात हुई जो लगातार कई दिनों से काम कर रहे है इससे साबित होता है कि कुछ लोग केवल प्रधान से धन उगाही का बना लिया है पेशा ऐसी दशा में प्रधान कहा जाय क्यों कि जो ग्राम पंचायत में छवि धूमिल हो रही है उसका हर्जाना कौन भरेगा यह सोचने योग्य बात है क्या प्रधान धन उगाही का साधन बन चुका है ऐसे लोगों के साथ क्या किया जाय जो शासन प्रशासन को दे रहे है खुली चुनौती।

### दो पहिया वाहन की ठोकर से वृद्ध की मौत, शव रखकर सड़क जाम

**5 लाख मुआवजा व मुकदमे की मांग**



**रूद्रपुर, देवरिया।** दो पहिया वाहन से ठोकर लगने से हुये वृद्ध की मौत के मामले में परिजनों ने रुद्रपुर असवनपार मार्ग पर स्थित बजरंग चौराहे पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया और जमकर बवाल काटा। प्राप्त जानकारी के अनुसार एकौना थाना क्षेत्र के नगवा खास के मराछी टोला निवासी 60 वर्षीय वृद्ध रामप्रीत साहनी बुधवार को लगभग 7 बजे शाम को अपने खेत की तरफ से वापस घर जा रहे थे। रास्ते में किसी अज्ञात दोपहिया वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों की माने तो मोटरसाइकिल चालक एकौना थाने का ही सिपाही था जो नशे में धुत था। गुरुवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद जब डेड बॉडी घर आई तो परिजनों ने 5 लाख का मुआवजा और आरोपी सिपाही के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया। समाचार लिखे जाने तक सड़क पर आवागमन बाधित था। एकौना थाने की फोर्स के साथ एस ओ दिनेश मिश्र व सीओ सत्येंद्र राय भी परिजनों से मान मनोव्वल कर रहे थे।

## खबर का असर: मुसहा-बेलघाट मार्ग की सफाई शुरू

**» सोशल मीडिया पर खबर प्रसारित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया**

**» सड़क पर फैली गंदगी व जलभराव की समस्या के समाधान के लिए कार्य शुरू**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले विकासखंड गौर के अंतर्गत मुसहा-बेलघाट मार्ग पर जलभराव और सड़क पर फैली कीचड़ को लेकर सोशल मीडिया पर प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला है। खबर वायरल होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा सड़क पर जमा गंदगी की सफाई एवं जलभराव की समस्या दूर करने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। गौरतलब है कि मुसहा-बेलघाट मार्ग पर लंबे समय से जलभराव और कीचड़ के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों तथा दोपहिया वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के दौरान सड़क पर फिसलन बढ़ने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी।

स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की थी तथा संबंधित अधिकारियों से जांच कराकर स्थायी समाधान कराने की अपील की थी। अब सोशल मीडिया पर खबर प्रसारित होने के बाद सड़क पर सफाई एवं जल निकासी का कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि समस्या का स्थायी समाधान भी



जल्द कराया जाएगा, जिससे लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। मीडिया टीम के प्रति आस पास के ग्रामीणों व राहगीरों ने अभार जताया।

## मुकुटनाथ मंदिर का एसपी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** श्रावण मास कांवड़ यात्रा एवं जलाभिषेक के अवसर पर शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र अमेठी अंतर्गत स्थित मुकुट नाथ मंदिर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्गो, बैरिकेडिंग, श्रद्धालुओं की आवाजाही, ड्यूटी प्वाइंट तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा ड्यूटी के दौरान पूर्ण सतर्कता, संवेदनशीलता एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें ।पुलिस अधीक्षक ने मेला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों से वार्ता कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा



आवश्यक समन्वय बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए । साथ ही उन्होंने भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, महिला सुरक्षा, आपातकालीन सहायता एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। सभी लोगों से सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से दर्शन एवं जलाभिषेक करने की अपील की तथा जनपदवासियों को श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यूपीटीजीटी में रूबी बानो को प्रदेश में 28वीं रैंक

**बांगरमऊ (उन्नाव)।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की यूपीटीजीटी परीक्षा में बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी रूबी बानो ने प्रदेश में 28वीं रैंक हासिल कर जनपद और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस सफलता से परिवार और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। रूबी बानो ने प्रारंभिक शिक्षा जनता हाई स्कूल, राजेपुर से तथा इंटरमीडिएट की शिक्षा सुभाष इंटर कॉलेज से प्राप्त की। छात्र जीवन से ही मेधावी रही रूबी ने कठिन परिश्रम और नियमित अध्ययन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। रूबी के पिता मुन्ना किसान हैं, जबकि उनके भाई इशरत अली कई बार ग्राम प्रधान रह चुके हैं। इशरत अली ने बताया कि रूबी की सफलता उसकी मेहनत, माता-पिता के मार्गदर्शन और गुरुजनों के आशीर्वाद का परिणाम है। परिणाम घोषित होने के बाद शुभचिंतकों ने रूबी बानो को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

## 31 जुलाई को उन्नाव में माटीकला जागरूकता कार्यक्रम

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के तत्वावधान में माटीकला से जुड़े कामगारों एवं शिल्पकारों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 31 जुलाई को लोक नगर, उन्नाव में एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में माटीकला से जुड़े कामगारों एवं शिल्पकारों को उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, निःशुल्क टूल-किट्स वितरण योजना, कौशल विकास प्रशिक्षण योजना तथा माटीकला पुरस्कार योजना के बारे में विस्तार से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी पात्र माटीकला शिल्पकारों एवं कामगारों से निर्धारित तिथि और समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा उनका लाभ उठाने की अपील की।

## अब कोई भी बच्चा टीकाकरण की सेवाओं से वंचित नहीं रहेगा

**पीसीआई गावी ने किया प्रथम पंक्ति कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार अमेठी।** सभी बच्चे स्वस्थ और निरोग रहे इसी उद्देश्य को लेकर पीसीआई संस्था ने सर्वेक्षण करते हुए उन बच्चों को चिन्हित कराया है जो बच्चे या तो टीकाकरण कार्यक्रम के प्रति उदासीन हैं अथवा किसी आशंका को लेकर अपने बच्चों का टीकाकरण नहीं कर रहे हैं सभी बच्चों को प्रतिरक्षित करने के उद्देश्य से संस्था ने प्रथम पंक्ति कार्यकर्ता आशा आंगनबाड़ी आशा संगिनी एएनएम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करते हुए सभी को कार्यक्रम से संबंधित जानकारी प्रदान की गई इसका उद्देश्य सभी बच्चों को टीकाकरण कार्यक्रम से जोड़ना तथा उन्हें पूर्ण प्रशिक्षित करना है विकासखंड बाजार शुक्ला के अंतर्गत चिन्हित पांच उपकेंद्रों की 35 प्रथम पंक्ति कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया प्रशिक्षक के रूप में विकासखंड सिंहपुर से



ब्लॉक समन्वयक चंद्रशेखर शुक्ला एवं विकासखंड शुकुल बाजार की ब्लॉक समन्वयक पिका देवी ने प्रशिक्षण प्रदान किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ सुधीर वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रथम पंक्ति के कार्यकर्ताओं द्वारा टीकाकरण सत्र पर सभी को प्रेरित करते हुए टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा उन्होंने कहा कि विकासखंड के उदासीन परिवार भी राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के प्रति अपनी समझ को विकसित करते हुए अपने बच्चों को टीकाकरण करा सकेंगे कार्यक्रम के दौरान ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक प्रीति सिंह बी सीपीएम उदय राज यादव ज्योति सिंह सहित अन्य सहयोगी संस्थाओं ने प्रतिभाग किया।

## प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा इन फार्मेसी उत्तीर्ण कर विपिन पाठक ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार,अमेठी।** उत्तर प्रदेश तकनीकी शिक्षा परिषद (बी.टी.ई. यूपी), लखनऊ द्वारा घोषित जून-2026 डिप्लोमा इन फार्मेसी अंतिम वर्ष परीक्षा परिणाम में राजर्षि रणंजय सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अमेठी के छात्र विपिन पाठक ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर अपने परिवार, शिक्षकों एवं पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयाँ मिल रही हैं।विपिन पाठक, पुत्र देवनारायण पाठक, ने कठिन परिश्रम, अनुशासित अध्ययन और निरंतर लगन के बल पर अंतिम वर्ष की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी हासिल की। परिणाम घोषित होते ही उनके घर पर शुभकामनाएँ देने वालों का तांता लग गया। परिजनों, गुरुजनों, मित्रों तथा शुभचिंतकों ने उन्हें मिठाई खिलाकर सफलता की बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि विपिन की सफलता यह सिद्ध करती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विपिन भविष्य में फार्मेसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज और देश की सेवा करेंगे।परिजनों ने इस उपलब्धि का श्रेय विपिन की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सभी के आशीर्वाद को दिया।

वहीं क्षेत्र के लोगों ने कहा कि विपिन की यह सफलता स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा उन्हें भी शिक्षा के क्षेत्र में



बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। विपिन पाठक की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की। उनकी इस सफलता ने न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

## छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**निर्धारित समय सीमा में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित पूर्वदशम् छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12) योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को राजकीय हाईस्कूल गौरीगंज में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्यों एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने शासन द्वारा जारी समय-सारिणी से अवगत कराते हुए बताया कि संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने एवं प्रोफाइल अपडेट करने की अंतिम तिथि 5 अगस्त निर्धारित की गई है। वहीं कक्षा 10 एवं 12 के नवीनीकरण संबंधी छात्रवृत्ति आवेदनों के ऑनलाइन आवेदन एवं अग्रसारण की अंतिम तिथि 25 अगस्त तय की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार इस बार निर्धारित तिथियों में किसी प्रकार की बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी, इसलिए सभी संस्थाएं समयबद्ध ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्या ने छात्रवृत्ति प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ओटीआर, बायोमैट्रिक सत्यापन, विद्यार्थियों के बैंक खातों की एनपीसीआई मैपिंग तथा संस्थागत स्तर पर गठित छात्रवृत्ति समिति की स्वीकृति के उपरांत ही आवेदनों के निस्तारण संबंधी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड समीक्षा में जनपद की बेहतर रैंकिंग बनाए रखने के लिए प्रत्येक माह प्राप्त होने वाले आवेदनों का उसी माह की अंतिम तिथि से पूर्व निस्तारण सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक के दौरान



उपस्थित प्रधानाचार्यों एवं नोडल अधिकारियों की समस्याओं को सुनते हुए उनका समाधान भी बताया गया। जिला समन्वयक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अमेठी ने छात्रवृत्ति से संबंधित बैंक खातों एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्या, समाज कल्याण अधिकारी रामनगीना यादव, जिला समन्वयक स्टेट बैंक अमेठी सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।


## मंदिर में 153 सफाईकर्मी तैनात, गांवों में सफाई व्यवस्था ठप

**कावड़ यात्रा में ड्यूटी को लेकर सफाईकर्मियों में नाराजगी, महिला कर्मियों की डियूटी पर उठ रहा सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खण्ड कप्तानगंज में कार्यरत 153 सफाईकर्मियों की ड्यूटी कावड़ यात्रा के दृष्टिगत तिलकपुर मंदिर पर 30 जुलाई 2026 से 30 अगस्त 2026 तक एक माह के लिए लगाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सफाईकर्मियों की ड्यूटी दो पालियों में निर्धारित की गई है। पहली पाली सुबह 6:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 1:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक रहेगी। बताया जा रहा है कि दोनों पालियों में पुरुष सफाईकर्मियों के साथ महिला सफाईकर्मियों की भी तैनाती की गई है। महिला सफाईकर्मियों की कावड़ यात्रा ड्यूटी लगाए जाने पर कुछ महिला कर्मियों ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि ड्यूटी निर्धारण में उनकी परिस्थितियों का पर्याप्त ध्यान नहीं रखा गया।

वहीं, यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि एडीओ पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव ने अपने कुछ चहेते सफाईकर्मियों को तिलकपुर मंदिर पर ड्यूटी से अलग रखा है। आरोप है कि कुछ करीबी सफाईकर्मी एडीओ पंचायत कार्यालय में रहकर कार्य कर ष्ट की ठंडी हवा का आनंद ले रहे हैं जबकि




अन्य कर्मचारियों को कावड़ यात्रा ड्यूटी में लगाया गया है। एडीओ पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव के द्वारा कावड़ यात्रा में डियूटी लगाते समय मनमानी किया गया है डियूटी लगाते समय भेद भाव किया गया है जिससे प्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है। सूत्रों की माने तो कुछ महिला सफाईकर्मियों का कावड़ यात्रा में कुछ वर्ष पहले पूर्व एडीओ पंचायत सहज राम द्वारा डियूटी लगाया गया था जिसमें महिला सफाईकर्मियों के साथ अभद्रता हुआ था सूचना पाते ही पूर्व एडीओ पंचायत सहज राम ने तत्काल महिला सफाई कर्मियों की डियूटी कावड़ यात्रा से हटा दिया था तब से महिला सफाईकर्मियों की डियूटी कावड़ यात्रा में नही लगाई गई थी लेकिन इस वर्ष एडीओ पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव द्वारा महिलाओं की डियूटी कावड़ यात्रा में लगाई गई है क्योंकि शाम 06 बजे डियूटी करके घर लौटने में रात्रि हो जायेगी और महिला सफाईकर्मियों के साथ कोई भी घटना घटित हो सकती है जिसका जिम्मेदार कौन होगा? जिसको लेकर जिले में चर्चा का बाजार गर्म है।

## गौवंश मौत प्रकरण में एनजीओ पर शिकंजा

**उन्नाव।** विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी स्थित वृहद गौशाला में कई गौवंशीय पशुओं के मृत मिलने का मामला सामने आने के बाद प्रशासन और पशुपालन विभाग हरकत में आ गया है। प्रकरण को उच्चाधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट तलब कर ली है। वहीं गौशाला का संचालन कर रही संबंधित एनजीओ पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। बताया जा रहा है कि बुधवार को गौशाला परिसर में कई गौवंश मृत अवस्था में मिले थे। कुछ शव कई दिन पुराने बताए जा रहे हैं, जिससे गौशाला की देखरेख, रखरखाव और प्रबंधन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सूचना मिलने पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पूरे मामले की जानकारी जुटाई। सूत्रों के अनुसार, उच्च स्तर पर पूरे प्रकरण की समीक्षा की जा रही है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि गौवंशों की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई, समय पर उपचार की व्यवस्था क्यों नहीं की गई और शवों का नियमानुसार निस्तारण क्यों नहीं कराया गया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित एनजीओ और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। मामले के सामने आने के बाद क्षेत्रीय लोगों में भी नाराजगी है।

## मत्स्यजीवियों के सशक्तीकरण पर जोर, वीरू साहनी ने की समीक्षा बैठक

**सहकारी समितियों को सक्रिय बनाने और योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश मत्स्यजीवी सहकारी संघ लिमिटेड, लखनऊ के सभापति वीरू साहनी की अध्यक्षता में मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के सचिवों, अध्यक्षों तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मत्स्यजीवी समुदाय के कल्याण, सहकारी समितियों को सशक्त बनाने तथा मत्स्य पालन को अधिक लाभकारी एवं रोजगारपरक बनाने पर चर्चा करना रहा। बैठक में मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए समिति पदाधिकारियों से पात्र मत्स्य पालकों तक योजनाओं का समयबद्ध लाभ पहुंचाने, सहकारी समितियों को सक्रिय बनाने तथा मत्स्य उत्पादन बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।



इस दौरान लाभार्थियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। सभापति वीरू साहनी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि सरकार मत्स्यजीवी समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आधुनिक मत्स्य पालन तकनीक, गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज, जलाशयों के वैज्ञानिक प्रबंधन तथा स्वरोजगार के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने पर बल दिया। बैठक में तहसीलदार सदर विनय प्रभाकर, उपनिदेशक मत्स्य आर.के. श्रीवास्तव, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, मत्स्य निरीक्षक बेंकटेश्वर त्रिपाठी, हनीफ अहमद, सहकारी समितियों के सचिव एवं अध्यक्ष, मत्स्य पालक तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## रिश्तेदार पर विवाहिता से दुष्कर्म का आरोप, पति से मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने अपने रिश्तेदार पर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार उसका पति रोजी-रोटी कमाने के लिए बाहर मजदूरी करता है, जबकि वह गांव स्थित घर पर अकेली रहती है। आरोप है कि 7 जुलाई को उसका रिश्तेदार राजेश उसे घूमने के बहाने अपने गांव शेरपुर कला ले गया, जहां उसे कई दिनों तक अपने घर में रखा। विवाहिता का आरोप है कि 24 जुलाई को आरोपी ने उसे कथित रूप से नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद उसने मोबाइल फोन से अपने पति को पूरी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पति शेरपुर कला पहुंचा, लेकिन आरोप है कि वहां आरोपी ने पति-पत्नी दोनों के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। इसके बाद पीड़िता ने बांगरमऊ कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

## कुदरहा लालगंज-मुंडेरवा मार्ग पर भारी वाहनों के अनियंत्रित परिचालन से आक्रोश

**ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप लगाई पाबंदी की गुहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में क्षेत्रीय कुदरहा-लालगंज-मुंडेरवा मार्ग पर इन दिनों भारी वाहनों की बेधड़क आवाजाही स्थानीय नागरिकों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुकी है। टोल टैक्स बचाने के चक्कर में ओवरलोडेड और भारी वाहन इस संकरे मार्ग को शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके कारण आए दिन हो रही दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं से गुस्साए और भयभीत स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भारी वाहनों के आवागमन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है।

**टोल टैक्स से बचने को बनाया शॉर्टकट** ज्ञापन में ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग या मुख्य मार्गों पर लगने वाले टोल टैक्स से बचने के उद्देश्य से ट्रक, डंपर और अन्य भारी वाणिज्यिक वाहन कुदरहा-लालगंज-मुंडेरवा मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। यह मार्ग भारी वाहनों की क्षमता और चौड़ाई के अनुकूल नहीं है। दिन-रात तेज रफ्तार से गुजरते इन वाहनों की वजह से सड़क न केवल जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो रही है, बल्कि पैदल चलने वाले राहगीरों, स्कूली बच्चों और दुपहिया वाहन चालकों का जीवन हर वक्त खतरे में बना रहता है।

**भय और आक्रोश के साये में क्षेत्रवासी** स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं से क्षेत्र में गहरे आक्रोश और दहशत का माहौल है। संकरी सड़क होने के कारण जब दो भारी वाहन आमने-सामने आ जाते हैं, तो घंटों जाम की स्थिति बन जाती है। इसके साथ ही उड़ती धूल और तेज आवाज से आसपास के दुकानदारों व निवासियों का जीना दूभर हो गया है। कई बार स्थानीय स्तर पर शिकायत के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे मजबूर होकर ग्रामीणों को जिला प्रशासन का दरवाजा खटखटाना पड़ा

**ज्ञापन सौंपने वालों में ये रहे मौजूद** जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से एडवोकेट परमात्मा चौधरी, लालगंज प्रधान वीरेन्द्र कुमार कसौधन, और बारीघाट प्रधान अरुण कुमार की अगुवाई में क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्या रखी। इस दौरान राजेश कुमार, कुलदीप, अमित कुमार, हनुमान प्रसाद, अजय, विनोद और रामशब्द समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मार्ग के प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर भारी वाहनों के निषेध के लिए बोर्ड लगाए जाएं, बैरियर स्थापित किए जाएं और नियम का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि शीघ्र ही प्रशासन ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो क्षेत्रवासी शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## जनपद न्यायाधीश ने बाल संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

**बच्चों की सुविधाओं, भोजन, शिक्षा और स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जनपद न्यायाधीश शमसुल हक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवेंद्र कुमार-प्रथम, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड राज बाबू, क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी तथा उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु कुमार ने राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह (किशोर), पचपेड़िया मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ किशोरों की जमानत लंबित होने की जानकारी मिलने पर प्रधान मजिस्ट्रेट को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अधीक्षक को भी निरीक्षण समिति के निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। अधीक्षक ने बताया कि सरस्वती विद्या मंदिर, रामबाग के कंप्यूटर प्रशिक्षक अंकित गुप्ता प्रत्येक रविवार को किशोरों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करते हैं। वर्तमान में संप्रेक्षण गृह में बस्ती के 28, संतकबीरनगर के 27, सिद्धार्थनगर के 30 तथा मेरठ का एक किशोर सहित कुल 86 किशोर निरुद्ध हैं। अधिकारियों ने रसोईघर का निरीक्षण कर साफ-सफाई और भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। किशोरों ने बताया कि उन्हें समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाता है। निरीक्षण के दौरान कोई भी



आपत्तिजनक स्थिति नहीं पाई गई। जनपद न्यायाधीश ने संप्रेक्षण गृह परिसर की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए तथा किशोरों को नियमित पढ़ाई, खेलकूद, संतुलित आहार और अच्छे आचरण के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

## बन्द मिली खाद की दुकानों को जारी हुई कारण बताओ नोटिस



**अम्बेडकर नगर।** जिला कृषि अधिकारी द्वारा 10 उर्वरक प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय दुकान बंद पाये जाने पर विक्रांन्त खाद भण्डार, जाफरगंज, यादव खाद भण्डार, मालीपुर, शिवम खाद भण्डार, गुआ पाकड़, शिवपूजन वर्मा कुल 04 दुकानो को कारण बताओ नोटिस तथा 01 दुकान शर्मा खाद भण्डार, आलमपुर अखई को निलम्बित किया गया तथा 09 उर्वरक के नमूने संग्रहीत किया गया। माह जुलाई तक यूरिया के कमिक लक्ष्य 25115 मी0टन के सापेक्ष 40723 मी0टन, डी0ए0पी0 के लक्ष्य 4914 मी0टन के सापेक्ष 7395 मी0टन, एन0पी0के0 के लक्ष्य 1146 मी0टन के सापेक्ष 3927 मी0टन, एस0एस0पी0 के लक्ष्य 10325 मी0टन के सापेक्ष 21568 मी0टन एवं एम0ओ0पी0 के लक्ष्य 484 मी0टन के सापेक्ष 178 मी0टन की उपलब्धता हुई है, जिसमें से वितरण के उपरान्त वर्तमान में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में संयुक्त रुप से यूरिया 15448 मी0टन, डी0ए0पी0 2749 मी0टन, एन0पी0 के0 3016 मी0टन, एस0एस0पी0 7208 मी0टन एवं एम0ओ0पी0 125 मी0टन उपलब्ध है। जनपद में यूरिया व फास्फेटिक उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता है। उर्वरक प्राप्त करने के लिये फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। उर्वरक से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के समस्या के लिये जनपद में कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, अम्बेडकरनगर में उर्वरक कंट्रोल रुम स्थापित है जिसका नम्बर 9455485475 है। जनपद के कृषक उर्वरकों के सम्बन्ध में उक्त हेल्प लाइन नम्बर पर सम्पर्क कर उर्वरकों के सम्बन्ध में अपनी शिकायत दर्ज कराकर समाधान प्राप्त कर सकते है।डु

# कोक्लियर इम्प्लांट के बाद स्पीच थेरेपी की सुविधा बढ़ाने पर जोर

## राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने शल्य चिकित्सा अनुदान समिति की बैठक में दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में गुरुवार को विधानसभा स्थित कार्यालय में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की शल्य चिकित्सा अनुदान समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी और उसके बाद मिलने वाली स्पीच थेरेपी की सुविधाओं की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लिए 340 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 200 लाभार्थियों की सर्जरी के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है। शेष आवेदनों के लिए अतिरिक्त बजट की मांग करते हुए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। धनराशि स्वीकृत होने के बाद बाकी पात्र आवेदकों को भी योजना का लाभ दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के बाद स्पीच थेरेपी अत्यंत आवश्यक होती है। इसके बिना सर्जरी का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता। सरकार प्रत्येक सर्जरी पर 5 से 6 लाख रुपये खर्च करती है, लेकिन प्रदेश के सभी जिलों और मंडलों में स्पीच थेरेपी की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से लाभार्थियों को दूसरे शहरों में जाकर उपचार कराना पड़ता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह को निर्देश दिए कि ऐसा प्रस्ताव तैयार किया जाए, जिससे लाभार्थियों को उनके क्षेत्र के निकट ही स्पीच थेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। प्रमुख सचिव ने बताया कि मंडल स्तर पर डिस्ट्रिक्ट डिसएबिलिटी रिहैबिलिटेशन सेंटर (डीडीआरसी) स्थापित होने से इस समस्या का समाधान संभव होगा। राज्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश की प्रत्येक कमिश्नरी में कम से कम एक अस्पताल को पैनल में शामिल किया जाए, जहां कोक्लियर इम्प्लांट के बाद स्पीच थेरेपी की सुविधा उपलब्ध हो, ताकि दिव्यांग बच्चों और उनके परिवारों को बेहतर उपचार मिल सके। बैठक में प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक रणजीत सिंह सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# संवैधानिक आरक्षण के विरोध में वैमनस्य फैलाने वालों पर कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 30 जुलाई संविधान प्रदत्त आरक्षण, सामाजिक न्याय और सामाजिक सद्भाव की रक्षा की मांग को लेकर डॉ. बी. पी. अशोक (पूर्व आईपीएस, पीएच.डी., डी.लिट.) के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति महोदया को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में आरक्षण के विरुद्ध भ्रामक प्रचार करने तथा समाज में वैमनस्य फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण सामाजिक न्याय, समान अवसर और वंचित वर्गों के प्रतिनिधित्व का महत्वपूर्ण आधार है। आरक्षण विरोधी भ्रामक अभियान सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों को कमजोर करने का कार्य कर रहे हैं, जिन पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। इस अवसर पर पासी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन रावत ने कहा कि संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि समाज को विभाजित करने वाली राजनीति के बजाय समान अवसर, शिक्षा और प्रतिनिधित्व को मजबूत करने की आवश्यकता है। पासी सेना के राष्ट्रीय महासचिव सचिन रावत ने कहा कि संविधान के विरुद्ध नफरत फैलाने वाले बयानों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिए। शिवशरण प्रसाद पासी (पार्टी) ने कहा कि देश की एकता और लोकतंत्र की मजबूती सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक व्यवस्था के सम्मान में निहित है। वहीं, पासी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामेश्वर आजाद ने संविधान में निहित समानता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांतों की रक्षा को सभी संस्थाओं और नागरिकों की साझा जिम्मेदारी बताया। ज्ञापन में राष्ट्रपति महोदया से संविधान प्रदत्त आरक्षण, सामाजिक न्याय और सामाजिक सद्भाव की रक्षा के लिए आवश्यक संवैधानिक एवं विधिक कदम उठाने तथा समाज में वैमनस्य फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई।

# किसानों की चार समस्याओं को लेकर एसडीएम से मिले भाकियू अम्बावता पदाधिकारी

## .......यूरिया वितरण, अंश निर्धारण, सिंचाई और छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज, संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जिला अध्यक्ष सरदार दिलराज सिंह के नेतृत्व में एसडीएम मोहनलालगंज आकाश सिंह से मुलाकात कर किसानों की चार प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की। एसडीएम ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता के कारण कई किसानों को समय पर यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आधार कार्ड और खतौनी के आधार पर यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा सह-खातेदारों के अंश निर्धारण में हो रही देरी, नहरों व माइनरों में पर्याप्त पानी न छोड़े जाने तथा छुट्टा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान का मुद्दा भी उठाया। किसानों ने बताया कि आवारा पशुओं के कारण उन्हें रातभर खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है। संगठन ने गौशालाओं को सक्रिय कर छुट्टा पशुओं को वहां भेजने की मांग की। एसडीएम आकाश सिंह ने किसानों की समस्याएं सुनने के बाद कहा कि सभी मांगों पर संबंधित विभागों से रिपोर्ट लेकर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने खाद वितरण, सिंचाई व्यवस्था और अंश निर्धारण से जुड़े मामलों में जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव कुमार, वरिष्ठ महामंत्री जितेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता जन्मेजय सिंह, जिला प्रभारी राजकुमार यादव, युवा जिला अध्यक्ष करन गुप्ता बीरू, जिला महामंत्री वीरेंद्र यादव, जिला सचिव बैजनाथ रावत, मंडल प्रभारी बद्री प्रसाद रावत, नगर अध्यक्ष विनोद धीमान, महिला जिला अध्यक्ष नबीहूंन खान, महिला प्रभारी प्रेमवती, युवा नगर अध्यक्ष वीरपाल लोधी, किसान नेता जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

# लखनऊ कोर्ट ने पॉक्सो मामले में आरोपी को 20 साल की सख्त सजा सुनाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के विशेष न्यायालय पॉक्सो ने नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्कार और संबंधित अपराधों के मामले में आरोपी पूरन कश्यप को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर लगाए गए सभी आरोपों को साबित मानते हुए कठोर दंड दिया है। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कुमार प्रशान्त ने की। फैसला 30 जुलाई को सुनाया गया। अभियोग पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अभिषेक उपाध्याय और अरुण कुमार ने दलीलें रखीं, जबकि बचाव पक्ष की ओर से निजी अधिवक्ता आर.एन. यादव उपस्थित रहे। मामले की पृष्ठभूमि पुलिस थाना वजीरगंज, जनपद लखनऊ की मुकदमा में आरोपी पूरन कश्यप (आयु 55 वर्ष, पुत्र स्व. भोला कश्यप, निवासी राजेन्द्र नगर, थाना नाका, लखनऊ) पर धारा 376(2)एन, 323, 504, 506, 452 भा.दं.सं. तथा धारा 5/6 POCSO एक्ट के तहत मुकदमा चलाया गया था। वादी (पीड़िता के पिता) के अनुसार, आरोपी (रिश्तेदार) 4 मई 2023 को उनके घर आकर 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ जबरन बलात्कार किया। पीड़िता की मां की मृत्यु हो चुकी थी और घर पर कोई जिम्मेदार सदस्य नहीं रहता था। आरोपी लगभग छह महीने तक मौका पाकर बार-बार बलात्कार करता रहा, जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई। डॉक्टर ने छह महीने की गर्भावस्था की पुष्टि की। आरोपी ने कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए दबाव डालकर 19 नवंबर 2023 को पीड़िता का विवाह अपने बड़े बेटे आयुष कश्यप से करवा दिया।

### अदालत का निर्णय और सजा

अदालत ने अभियोजन साक्ष्यों, मेडिकल रिपोर्ट तथा डीएनए रिपोर्ट (जिसमें आरोपी पीड़िता के नवजात शिशु का जैविक पिता साबित हुआ) पर विश्वास जताते हुए आरोपी को दोषी ठहराया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि आरोपी ने नाबालिग रिश्तेदार की असहाय स्थिति का फायदा उठाकर गंभीर अपराध किया, इसलिए किसी तरह की नरमी नहीं दिखाई जा सकती। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। जेल में पूर्व में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी। अर्थदंड की राशि पीड़िता को पुनर्वास के लिए दी जाएगी। अदालत ने पीड़िता की पहचान गोपनीय रखने का भी निर्देश दिया। अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ को भी निर्देश दिया है कि पीड़िता को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। सजायाबी वॉरंट जिला कारागार लखनऊ भेजने तथा निर्णय की प्रतियां संबंधित अधिकारियों और पीड़िता को उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए। यह फैसला नाबालिग बालिकाओं की सुरक्षा और पॉक्सो कानून के कड़े प्रावधानों को दोहराता है।

### सुनाई गई सजाएं

**- धारा 5/6 POCSO एक्ट (धारा 376(2)एन भा.दं.सं. सहित): 20 वर्ष कठोर कारावास तथा 50,000 अर्थदंड (अर्थदंड न देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त साधारण कारावास)।**
**- धारा 452 भा.दं.सं.: 3 वर्ष कठोर कारावास तथा 5,000 अर्थदंड।**
**- धारा 323 भा.दं.सं.: 6 महीने कठोर कारावास तथा 1,000 अर्थदंड।**
**- धारा 504 भा.दं.सं.: 1 वर्ष कठोर कारावास तथा 1,000 अर्थदंड।**
**- धारा 506 भा.दं.सं.: 2 वर्ष कठोर कारावास तथा 2,000 अर्थदंड।**

## संक्षिप्त खबरें

### प्रयागराज क्षेत्र के सात सेतु निर्माण कार्यों को 8.82 करोड़ रुपये की मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत प्रयागराज क्षेत्र के विभिन्न जनपदों में निर्माणाधीन सात सेतु परियोजनाओं के लिए 8 करोड़ 82 लाख 75 हजार रुपये की धनराशि आवंटित की है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने शासनादेश जारी कर दिया है। जारी शासनादेश के अनुसार, यह धनराशि निर्माणाधीन सेतुओं के चालू कार्यों को गति देने के लिए उपलब्ध कराई गई है, ताकि परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। सरकार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी सेतु निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए तथा निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा कराया जाए। साथ ही कार्यों की प्रगति से संबंधित समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से शासन को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क और आवागमन की सुविधाओं को मजबूत करना है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ क्षेत्रीय विकास को भी गति मिल सके।

### 44 सड़क परियोजनाओं के लिए 6.79 करोड़ रुपये की अवशेष धनराशि जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य सड़क निधि योजना के अंतर्गत विभिन्न मंडलों के अलग-अलग जनपदों में स्वीकृत एवं निर्माणाधीन 44 सड़क परियोजनाओं के लिए 6 करोड़ 78 लाख 91 हजार रुपये की अवशेष धनराशि जारी कर दी है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने शासनादेश जारी कर दिया है। शासनादेश के अनुसार, जारी की गई धनराशि का उपयोग निर्माणाधीन सड़क कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आवंटित राशि का उपयोग 31 मार्च 2027 तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। सरकार ने यह भी निर्देश दिया है कि धनराशि के उपयोग का उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) 30 अप्रैल 2027 तक शासन को उपलब्ध कराया जाए।

# अघोरी साधु के वेश में ठग ने युवक से सोने की अंगूठी चुराई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके में एक शातिर ठग ने अघोरी साधु का भेष बदलकर युवक से सोने की अंगूठी चुरा ली। घटना नोवेल्टी चौराहे के पास हुई। पीड़ित की शिकायत पर हजरतगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड निवासी आकाश शुक्ला ने पुलिस को बताया कि 27 जुलाई को दोपहर करीब 2:40 बजे वह नोवेल्टी चौराहे के पास स्थित सरदार जी छोले-कुलचे की दुकान पर खाना खाकर बाहर निकले थे। तभी अघोरी साधु के वेश में एक व्यक्ति उनके पास आया और दान मांगने लगा। आकाश ने उसे 10 रुपये देने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने 10 रुपये लेने से इनकार कर 50 रुपये की मांग की। इसी बीच वह तरह-तरह की बातें कर आकाश का ध्यान भटकाता रहा। बातचीत के दौरान आरोपी ने बेहद सफाई से आकाश के दाहिने हाथ की अनामिका उंगली में पहनी सोने की अंगूठी निकाल ली। कुछ देर बाद जब आकाश को अंगूठी गायब होने का एहसास हुआ, तब तक वह व्यक्ति वहां से गायब हो चुका था। पीड़ित ने बताया कि घटना के समय वह अकेले थे और आरोपी ने उनकी कमजोरी का फायदा उठाया। आकाश ने पुलिस से मांग की है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाए। उनके अनुसार नोवेल्टी चौराहे और आसपास के कई प्रतिष्ठानों पर कैमरे लगे हैं, जिनसे आरोपी की पहचान संभव है। पीड़ित ने आशंका जताई कि आरोपी इसी तरह भेष बदलकर अन्य लोगों को भी निशाना बना सकता है। पुलिस मामले की जांच कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

# दिव्यांगजन योजनाओं के प्रचार-प्रसार का बजट बढ़ाने की तैयारी

## राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने 35 लाख से बढ़ाकर 1-2 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में गुरुवार को विधानसभा स्थित कार्यालय में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की प्रचार-प्रसार अनुदान समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और अधिक से अधिक दिव्यांगजनों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक में मंत्री ने कहा कि प्रदेश में दिव्यांगता निवारण, उपचार, पुनर्वास और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार अभियान को और प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रचार-प्रसार मद में निर्धारित 35 लाख रुपये के बजट को बढ़ाकर 1 से 2 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार के लिए पपेट शो, नुक्कड़ नाटक, आकाशवाणी, एफएम रेडियो, जिंगल्स, दूरदर्शन सहित विभिन्न जनसंचार माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। साथ ही प्रदेशभर में शिविर आयोजित कर लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। राज्यमंत्री ने प्रदेश की 375 तहसीलों, सभी 18 मंडल मुख्यालयों, समस्त जनपदों तथा बहराइच, बलरामपुर, चंदौली, फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और सोनभद्र जैसे आकांक्षी जिलों में होर्डिंग्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक माह के अंत में मंडल और जनपद स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने पर भी बल दिया। बैठक में स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से जनजागरूकता अभियान चलाने तथा फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रचार-प्रसार को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। मंत्री ने कहा कि स्मार्टफोन के बढ़ते उपयोग को देखते हुए डिजिटल माध्यमों से लोगों तक योजनाओं की जानकारी तेजी से पहुंचाई जा सकती है। बैठक में प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक रणजीत सिंह सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत, जागरूकता अभियान तेज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ ने जन-जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। प्रभारी सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मलखान सिंह के मार्गदर्शन तथा नोडल अधिकारी प्रकाश तिवारी के निर्देशन में दीवानी न्यायालय परिसर, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, पारिवारिक न्यायालय, वाणिज्यिक न्यायालय, भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण, सभी तहसीलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी, वैवाहिक, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक ऋण वसूली, श्रम, विद्युत, राजस्व, पारिवारिक, चेक बाउंस, प्री-लिटिगेशन, मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) सहित अन्य सुलह योग्य मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

# काकोरी ट्रेन एक्शन वर्षगांठ की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

## स्मृति स्थल, शहीद मंदिर और अमर शहीद उद्यान का निरीक्षण, अधिकारियों को समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** आगामी 9 अगस्त को बाजनगर, काकोरी स्थित काकोरी स्मृति स्थल पर आयोजित होने वाले काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ के कार्यक्रम की तैयारियों का गुरुवार को जिलाधिकारी विशाख जी. ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल, पहुंच मार्ग और आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगर पंचायत काकोरी, नगर निगम और जिला पंचायत राज विभाग के समन्वय से पर्याप्त सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक प्रमुख स्थान पर सफाई कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए। बारिश की संभावना को देखते हुए जलभराव से निपटने के लिए भी आवश्यक इंतजाम करने को कहा। डीएम ने अपर निदेशक संस्कृति को काकोरी स्मृति स्थल स्थित शहीद मंदिर की रंगाई-पुताई, पुष्प सज्जा, शहीदों के नाम की नई पट्टिकाएं लगाने तथा काकोरी ट्रेन एक्शन की थीम पर आधारित आकर्षक सेल्फी प्वाइंट विकसित करने के निर्देश दिए। संस्कृति विभाग ने बताया कि इस वर्ष 'हर घर तिरंगा' अभियान से संबंधित स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इसके बाद जिलाधिकारी ने अमर शहीद उद्यान का निरीक्षण कर प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने वन विभाग को वृक्षारोपण स्थल का चिन्हांकन कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने तथा उद्यान की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# गुरु पूर्णिमा पर भारतीय जन समाज पार्टी का 'शिक्षा संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर देशवासियों, माता-पिता, शिक्षकों और सभी गुरुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष का संदेश: 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय। बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय॥' 'गुरु वो दीपक है जो जीवन के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश देता है। आज मैं अपने पहले गुरु – माता-पिता को, देश के करोड़ों शिक्षकों को और अपने आदर्श भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी को नमन करता हूं। जिन्होंने हमें 'सपने देखने' और 'उन्हें पूरा करने' की शिक्षा दी।'

### BJSP का 'गुरु पूर्णिमा शिक्षा संकल्प':

1. शिक्षा सबका अधिकार – सरकार हर बच्चे को मुफ्त, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे। पेपर लीक करने वाले माफियाओं पर ह्रू लगे।

2. गुरु का सम्मान – सरकारी स्कूल के शिक्षकों का वेतन बढ़े और उन पर गैर-शैक्षणिक काम का बोझ न डाला जाए। 3. डॉ. कलाम लर्निंग सेंटर – हर जिले में गरीब बच्चों के लिए फ्री कोचिंग और लाइब्रेरी खोली जाए। 4. संस्कार + विज्ञान – स्कूलों में नैतिक शिक्षा के साथ विज्ञान, टेक्नोलॉजी और कौशल विकास अनिवार्य हो। अध्यक्ष ने कहा 'डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने कहा था 'शिक्षित बनो, संगठित रहो'। जब तक हर बच्चा शिक्षित नहीं होगा, तब तक जाति, गरीबी और बेरोजगारी नहीं मिटेगी।' देशवासियों से अपील: गुरु पूर्णिमा पर 1 किताब, 1 पेड़ और 1 घंटे का समय किसी जरूरतमंद बच्चे को दें। यही सच्ची गुरु दक्षिणा होगी। 'गुरु बिना ज्ञान नहीं, ज्ञान बिना भारत का विकास नहीं'

# संपादकीय

## फर्जी मुकदमों की बढ़ती चुनौती

## एससी-एसटी और पॉसो कानूनों के कथित दुरुपयोग पर उठे गंभीर सवाल

भारतीय न्याय व्यवस्था में देरी तो है ही पर इसके साथ बहुत से मामले ऐसे हैं जिनका दुरुपयोग बड़ी तेजी से हो रहा है। हम बात कर रहे हैं एससी–एसटी एक्ट और पॉक्सो मामलों की जिनमें आदमी अगर सतर्क नहीं रहा तो बहुत बुरी तरह से घिर जाता है। एससी–एसटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट के बढ़ते मुकदमे इसकी गवाही दे रहे हैं। कुछ ऐसे संगठित गिरोह भी हैं जो महिलाओं के द्वारा आदमियों को फंसवाते देखे गए हैं। हालांकि उन गिरोहों का पर्दाफाश होता है लेकिन तब तक आरोपी को सज़ा काटनी ही पड़ती है। इसी तरह एससी–एसटी एक्ट के कानून का दुरुपयोग वर्षों से हो रहा है लेकिन आज तक कितनी ही सरकारें आईं हों इनमें संसोधन नहीं हुआ है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को समान न्याय का अधिकार देता है। इसी उद्देश्य से समय–समय पर ऐसे विशेष कानून बनाए गए जो समाज के कमजोर और संवेदनशील वर्गों को सुरक्षा प्रदान कर सकें। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और पॉक्सो कानून भी इसी सोच का परिणाम हैं। इन कानूनों ने अनेक पीड़ितों को न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया है और समाज में अपराधियों के विरुद्ध कठोर संदेश दिया है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक दूसरा पक्ष भी लगातार चर्चा में रहा है। कई लोग आरोप लगाते हैं कि व्यक्तिगत दुश्मनी, संपत्ति विवाद, राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता या पारिवारिक संघर्ष में इन कानूनों का दुरुपयोग कर झूठे मुक़दमे दर्ज कराए जाते हैं। यह मुद्दा अदालतों, विधि विशेषज्ञों और समाज के बीच लगातार बहस का विषय बना हुआ है। क्या सचमुच फर्जी मुकदमों की बाढ़ है? यह कहना कि अधिकांश एससी–एसटी या पॉक्सो के मामले फर्जी हैं, उपलब्ध आधिकारिक आँकड़ों के आधार पर उचित नहीं होगा। कई मामलों में जांच के बाद आरोप सिद्ध नहीं हो पाते, लेकिन इसका कारण हमेशा झूठा मुकदमा नहीं होता। कमजोर जांच, पर्याप्त साक्ष्यों का अभाव, गवाहों का मुकर जाना, समझौते का दबाव या लंबी न्यायिक प्रक्रिया भी इसके कारण हो सकते हैं। हालाँकि, विभिन्न उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय ने अलग–अलग मामलों में यह भी स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कानूनों का दुरुपयोग होने की शिकायतें सामने आई हैं। इसलिए यह विषय संतुलित दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है। निर्दोष व्यक्ति पर मुकदमे का प्रभाव– यदि कोई व्यक्ति वास्तव में झूठे मुकदमे में फँस जाता है, तो उसका प्रभाव केवल अदालत तक सीमित नहीं रहता। उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित होती है, नौकरी पर संकट आ सकता है, आर्थिक बोझ बढ़ जाता है और पूरा परिवार मानसिक तनाव से गुजरता है। वर्षों तक मुकदमा चलने के बाद यदि वह निर्दोष साबित भी हो जाए, तब भी खोया हुआ समय और सम्मान आसानी से वापस नहीं आता। दूसरी ओर यह भी नहीं भूलना चाहिए कि एससी–एसटी कानून और पॉक्सो अधिनियम लाखों वास्तविक पीड़ितों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। भारत में जातीय उत्पीड़न और बच्चों के साथ यौन अपराध आज भी गंभीर समस्या हैं। यदि इन कानूनों को कमजोर किया जाए या हर शिकायत को संदेह की दृष्टि से देखा जाए, तो वास्तविक पीड़ित न्याय पाने से वंचित हो सकते हैं। इसलिए चुनौती यह नहीं है कि कानून समाप्त कर दिए जाएँ, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उनका सही और निष्पक्ष उपयोग हो। देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। विशेष कानूनों के अंतर्गत दर्ज मामलों की संख्या बढ़ने से न्यायिक व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। सुनवाई में देरी के कारण न तो पीड़ित को समय पर न्याय मिल पाता है और न ही निर्दोष व्यक्ति को शीघ्र राहत। तेज और वैज्ञानिक जांच, पर्याप्त न्यायाधीशों की नियुक्ति तथा समयबद्ध सुनवाई इस समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सरकार की जिम्मेदारी केवल कठोर कानून बनाना नहीं है, बल्कि उनकी निष्पक्ष क्रियान्वयन व्यवस्था सुनिश्चित करना भी है। यदि कहीं झूठे मुकदमे दर्ज होते हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं यदि वास्तविक पीड़ित न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं तो उन्हें भी समय पर न्याय मिलना चाहिए। इस विषय पर कई विधि विशेषज्ञ निम्न सुधारों की आवश्यकता बताते हैं— निष्पक्ष और वैज्ञानिक पुलिस जांच। फॉरेंसिक साक्ष्यों का अधिक उपयोग। विशेष अदालतों की संख्या बढ़ाना। लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण। यदि अदालत यह पाए कि शिकायत जानबूझकर झूठी और दुर्भावनापूर्ण थी, तो कानून के अनुसार उचित कार्रवाई। पुलिस और अभियोजन अधिकारियों का नियमित प्रशिक्षण। 'सरकार और अदालतें धृतराष्ट्र बनी हुई हैं' जैसी अभिव्यक्ति एक राजनीतिक और भावनात्मक टिप्पणी हो सकती है, लेकिन वास्तविक समाधान तथ्यों और संस्थागत सुधारों में निहित है। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में दो सिद्धांत समान रूप से महत्वपूर्ण हैं—दोषी को दंड मिले और निर्दोष को अनावश्यक दंड या उत्पीड़न न झेलना पड़े। इसलिए आवश्यकता न तो कानूनों को कमजोर करने की है और न ही हर शिकायत को झूठा मानने की। आवश्यकता ऐसी न्याय व्यवस्था की है जो वास्तविक पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाए, निर्दोष लोगों के अधिकारों की रक्षा करे और न्याय प्रणाली पर जनता का विश्वास मजबूत बनाए।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष राशि**-मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी भागीदारी बढ़ेगी और लोगों के बीच आपकी प्रतिष्ठा मजबूत होगी।

**वृषभ राशि**-वृषभ राशि के लिए आज का दिन लाभदायक रहने के संकेत दे रहा है। आर्थिक मामलों में सुधार के योग बन रहे हैं और किसी महत्वपूर्ण कार्य में अपेक्षित सफलता मिल सकती है।

**मिथुन राशि**-मिथुन राशि के जातकों को आज अपने कार्यों में पूरी एकाग्रता बनाए रखने की आवश्यकता होगी। नौकरी और व्यवसाय दोनों क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से काम करने पर अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**कर्क राशि**-कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन नई उम्मीदों और नई योजनाओं के साथ आगे बढ़ने का रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के लिए आप नए विचारों पर काम करेंगे।

**सिंह राशि**–सिंह राशि के जातकों के लिए आज उपलब्धियों से भरा दिन रह सकता है। व्यापार में नई संभावनाएं बनेंगी और लंबे समय से चल रही किसी महत्वपूर्ण बातचीत का सकारात्मक परिणाम सामने आ सकता है। संपत्ति से जुड़े मामलों में प्रगति होगी।

**कन्या राशि**-कन्या राशि के लिए सावन का पहला दिन विशेष रूप से शुभ संकेत लेकर आया है। आज आपकी समझदारी और संतुलित निर्णय क्षमता आपको सफलता दिलाएगी। परिवार के बड़े सदस्यों का सहयोग और आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**तुला राशि**-तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का आप धैर्य और बुद्धिमानी से सामना करेंगे।

**वृश्चिक राशि**–वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन आत्ममंथन और सुधार का रहेगा। वरिष्ठ अधिकारियों के सुझावों को गंभीरता से लेने से भविष्य में लाभ मिलेगा।

**धनु राशि**–धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन किसी भी बड़े निर्णय में जल्दबाजी से बचना आवश्यक होगा। भूमि या संपत्ति से जुड़े मामलों में समाधान निकल सकता है।

**मकर राशि**–मकर राशि वालों के लिए आज कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। अतिरिक्त कार्यभार के बावजूद आपके प्रयासों की सराहना होगी और वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्य से संतुष्ट रहेंगे।

**कुम्भ राशि**–कुम्भ राशि के जातकों के लिए आज का दिन नए अवसर लेकर आ सकता है। व्यापार में विस्तार की योजना पर काम शुरू कर सकते हैं।

**मीन राशि**-मीन राशि के लिए सावन का पहला दिन अत्यंत शुभ रहने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में अपनी कार्यशैली को बेहतर बनाने के प्रयास सफल होंगे। परिवार का सहयोग और सम्मान मिलेगा।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने 9 वर्षों में रचा विकास का नया इतिहास


**विभाग की योजनाओं ने पिछड़े वर्ग के लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने महत्वपूर्ण उपलधियां दर्ज की हैं। विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृ‍ि योजना के अंतर्गत पिछले 09 वर्षों में कुल 2,01,414 छात्रों को रु0 421.20 लाख की छात्रवृ‍ि प्रदान की गई। इस योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को शिक्षा जारी रखने में सहायता प्रदान की और विद्यालयी शिक्षा को प्रोत्साहन मिला।**

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग लखनऊ सामाजिक न्याय, शैक्षिक उन्नयन, आर्थिक सशक्तीकरण तथा समावेशी विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। विगत 09 वर्षों में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास और आर्थिक सहायता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की गई हैं। विभाग की योजनाओं ने पिछड़े वर्ग के लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की हैं। विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पिछले 09 वर्षों में कुल 2,01,414 छात्रों को रु0 421.20 लाख की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को शिक्षा जारी रखने में सहायता प्रदान की और विद्यालयी शिक्षा को प्रोत्साहन मिला। इसी प्रकार दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पिछले 09 वर्षों में कुल 2,91,263 छात्रों को रु0 12,026.36 लाख की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इससे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को आर्थिक संबल मिला तथा पिछड़े वर्ग के छात्रों की उच्च शिक्षा में भागीदारी बढी । दशमोत्तर शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत पिछले 09 वर्षों में कुल 2,69,954 छात्रों को रु0 55,343.84 लाख की शुल्क प्रतिपूर्ति उपलब्ध कराई गई। इस योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए उच्च, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के द्वार खोले और प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया। यदि इन तीनों प्रमुख शैक्षिक योजनाओं को सम्मिलित रूप से देखा जाए तो कुल 7,62,631 छात्रों को लाभान्वित करते हुए लगभग रु0 67,791.40 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। शिक्षा के साथ–साथ कौशल विकास के क्षेत्र में भी विभाग ने उल्लेखनीय कार्य किया है। O–Level एवं CCC लेवल प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत पिछले 09 वर्षों में कुल 4,255 छात्रों को रु0 529.22 लाख की लागत से प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा और तकनीकी दक्षता युवाओं को रोजगारोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह योजना युवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल से जोड़ने तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई है। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में शादी अनुदान योजना भी विभाग की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है। इस योजना के अंतर्गत पिछले 09 वर्षों में कुल 4,964 जोड़ों को रु. 992.80 लाख का लाभ प्रदान किया गया है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर पिछड़े वर्ग परिवारोंकी बेटियों के विवाह में सहयोग देकर सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक सहायता प्रदान कर रही है। यदि छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति, शादी अनुदान और कौशल विकास योजनाओं को एक साथ देखा जाए तो यह स्पष्ट होता है कि विभाग केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, सामाजिक संरक्षण और रोजगारपरक सशक्तीकरण का व्यापक मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति और अन्य योजनाओं की प्रक्रिया को ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाया गया है। आवेदन, सत्यापन और डीबीटी के माध्यम से लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से मिल रहा है। विभाग द्वारा स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में भी कार्य किया गया है। पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से विभिन्न ऋण योजनाओं, मार्जिन मनी सहायता और उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रमों से युवाओं और कारीगरों को जोड़ा गया है। इससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिला और आत्मनिर्भरता को बल मिला। पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े समुदायों के उत्थान हेतु भी विभाग ने प्रशिक्षण, उपकरण सहायता और वित्तीय सहयोग प्रदान किया है। इससे कारीगरों और लघु उद्यमियों की आजीविका सुदृढ़ हुई है। महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में विभाग की योजनाओं का विशेष प्रभाव देखा गया है। महिला लाभार्थियों को प्रशिक्षण, स्वरोजगार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़कर उनकी आर्थिक भागीदारी बढ़ाई गई है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से भी योजनाओं का लाभ व्यापक स्तर पर पहुंचाया गया है।

विभाग की उपलब्धियों में नियमित समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। समय–समय पर योजनाओं की समीक्षा कर पात्र लाभार्थियों तक लाभ सुनिश्चित किया गया है। पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की यह व्यवस्था विभागीय कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाती है। पिछले 09 वर्षों की प्रगति दर्शाती है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग लखनऊ ने शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। लाखों विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, हजारों युवाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण और हजारों जरूरतमंद परिवारों को शादी अनुदान प्रदान कर विभाग ने सामाजिक न्याय को मजबूत किया है। आज विभाग की योजनाएं केवल सहायता कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और अवसर की समानता का माध्यम बन चुकी हैं। शिक्षा से लेकर रोजगार और सामाजिक सुरक्षा तक विभाग की बहुआयामी पहलें पिछड़े वर्ग के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग लखनऊ ने विगत 09 वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। 2,01,414 छात्रों को पूर्वदशम छात्रवृत्ति, 2,91,263 छात्रों को दशमोत्तर छात्रवृत्ति, 2,69,954 छात्रों को शुल्क प्रतिपूर्ति, 4,964 जोड़ों को शादी अनुदान तथा 4,255 युवाओं को ह–Leve एवं CCC प्रशिक्षण प्रदान कर विभाग ने सामाजिक और शैक्षिक सशक्तीकरण की दिशा में प्रभावशाली कार्य किया है। यह उपलब्धियां लखनऊ के समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और जनकल्याण की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती हैं।

**(आदर अदीब पावेल बन्धु)**
**जिला सूचना अधिकारी**

# हमारे पड़ोस में एक पृथ्वी जैसा ग्रह!



सौरमंडल के बाहर कई ग्रहों की पहचान हो चुकी है। इन ग्रहों में कुछ ग्रह पृथ्वी जैसे हो सकते हैं। इनमें पृथ्वी जैसा ग्रह एक हमारे बहुत करीब हो सकता है। खगोलविदों का कहना है कि जीजे 3378 नामक एक कम चमक वाले छोटे तारे (ड्वार्फ स्टार) का चक्कर काटने वाला एक ग्रह प्रारंभिक अनुमानों की तुलना में ज्यादा पृथ्वी जैसा हो सकता है। फ्रांसीसी खगोलविदों ने कनाडा–फ्रांस–हवाई टेलीस्कोप का उपयोग करके इस ग्रह की पहचान की थी। जीजे 3378बी नामक यह ग्रह एक 'सुपर–अर्थ' है। वैसे यह ग्रह हमारी पृथ्वी से बड़ा है, लेकिन इसकी बनावट हमारी पृथ्वी की तरह चट्टानी हो सकती है, जो ब्रह्मांड में जीवन को सहारा देने वाला एकमात्र ज्ञात ग्रह है। बाद में की गई कई जांचों से पता चला है कि जीजे 3378बी अपने तारे से बिल्कुल सही दूरी पर स्थित है। इसका मतलब यह हुआ कि इसकी सतह पर तरल पानी हो सकता है। ग्रह के रहने लायक होने की जांच–सूची में पानी पहली जरूरी चीज है। पहले इस ग्रह का द्रव्यमान पृथ्वी से 5.3 गुना होने का अनुमान लगाया गया था जिसे घटाकर अब 2.3 गुना कर दिया गया है। इसका अर्थ यह है कि इस ग्रह के चट्टानी होने की संभावना बहुत ज्यादा है। सिर्फ 25 प्रकाश–वर्ष की दूरी पर होने के कारण यह आवास योग्यता की विस्तृत जांच के लिए एक आकर्षक उम्मीदवार है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के खगोलविद पॉल रॉबर्टसन का कहना है कि यह '10–पारसेक सौर पड़ोस' में सबसे ज्यादा पृथ्वी जैसे संभावित बाहरी ग्रहों में से एक है। 10–पारसेक सौर पड़ोस अंतरिक्ष का एक गोलाकार आयतन है जो सूर्य से हर दिशा में 10 पारसेक (लगभग 32.6 प्रकाश वर्ष या 308.6 ट्रिलियन किलोमीटर) तक फैला हुआ है। रॉबर्टसन ने कहा कि यह हमारे सबसे करीबी ब्रह्मांडीय पड़ोसियों में से एक है। पच्चीस प्रकाश–वर्ष सुनने में तो बहुत दूर लगता है, लेकिन मिल्की वे आकाशगंगा लगभग 100,000 प्रकाश–वर्ष चौड़ी है, इसलिए उस लिहाज से यह हमारा पड़ोसी ही है। ब्रह्मांड के सबसे बड़े सवालों में से एक यह है कि क्या जीवन को सहारा देने की क्षमता के मामले में पृथ्वी अकेली है।वैज्ञानिक अभी भी उन विशेषताओं का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जो किसी ग्रह को रहने लायक बना सकती हैं। मसलन वह किस तरह के तारे के चक्कर लगाता है। जिस ग्रह–प्रणाली में वह स्थित है, उसकी बनावट कैसी है, और क्या वहां टेक्टोनिक प्लेटें या वायुमंडल है या नहीं। इनमें से कुछ विशेषताओं का पता लगाना दूसरों की तुलना में ज्यादा मुश्किल होगा। लेकिन वैज्ञानिक सबसे पहले जिस चीज को चुनते हैं, वह है कक्षा की वह सीमा जिसे हम हैबिटेबल जोन (रहने लायक क्षेत्र) कहते हैं। यह बाहरी ग्रह और उसके मेजबान तारे के बीच की दूरी है, जो यह पता लगाने के लिए जरूरी है कि क्या उस बाहरी ग्रह की सतह पर तरल पानी हो सकता है। बहुत पास होने पर यह भाप बन जाता है और बहुत दूर होने पर यह जम जाता है।रॉबर्टसन कहते हैं, हमारा मंत्र है 'पानी का पीछा करो'। यह वह चीज है जिसकी पृथ्वी पर हर ज्ञात जीवित चीज को जरूरत होती है। इसलिए जब हम ऐसे माहौल की तलाश करते हैं जहां जीवन पनप सके, तो सबसे पहले हम इसी चीज को देखते हैं। अगला सवाल अक्सर बनावट का होता है। हम जानते हैं कि चट्टानी ग्रहों पर जीवन हो सकता है, क्योंकि हम खुद ऐसे ही ग्रह पर रह रहे हैं। दूसरी तरह के ग्रहों पर भी जीवन हो सकता है, लेकिन अभी हमें इसके बारे में जानकारी नहीं है। इसलिए, अगर हम संभावित ग्रहों की सूची छोटी करें, तो चट्टानी ग्रह उसमें शामिल होंगे, जबकि बाकी 'शायद' वाली श्रेणी में चले जाएंगे। जीजे 3378बी ने ग्रह वैज्ञानिकों का ध्यान उस समय खींचा जब शुरुआती विश्लेषण से यह पता चला कि इसका परिक्रमा का समय 24.73 दिन है, जिससे यह अपने तारे के रहने लायक क्षेत्र में आ गया। हालांकि, यह समय पृथ्वी के साल से काफी कम है, लेकिन बौने तारे सूरज की तुलना में बहुत ठंडे और कम चमकदार होते हैं, इसलिए रहने लायक क्षेत्र तारे के बहुत ज्यादा करीब होता है। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सस के खगोलशास्त्री माइकल एंडल ने कहा, सबसे जरूरी चीज है सटीकता। कम द्रव्यमान वाले ग्रहों को खोजने के लिए हम हमेशा बहुत छोटे संकेतों की तलाश में रहते हैं। अगर हमारे उपकरण सटीक नहीं हैं, तो आप उन्हें नहीं ढूंढ पाएंगे। सटीक माप की वजह से शोधकर्ता जीजे 3378बी के द्रव्यमान और कक्षा के बारे में ज्यादा सटीक जानकारी हासिल कर पाए। पता चला है कि इसकी कक्षा तारे के ज्यादा करीब है। इसका समय 21.45 दिन है। यह अभी भी रहने लायक क्षेत्र के अंदर ही है। रॉबर्टसन कहते हैं, इस सुपर–अर्थ को अपने मेजबान तारे से उतना ही रेडिएशन मिलता है जितना पृथ्वी को अपने सूरज से मिलता है, इसलिए यह बिल्कुल सही जगह पर है। इसका नया मापा गया द्रव्यमान भी इसे सुपर–अर्थ के लिए एकदम सही जगह पर रखता है। इसका मतलब यह नहीं है कि जीजे 3378बी पर जीवन संभव है। अंतरिक्ष के वैक्यूम के संपर्क में आने पर कोई भी तरल पानी सीधे गैस में बदल जाएगा। किसी ग्रह की सतह पर तरल पानी होने के लिए, वहां वायुमंडल का होना जरूरी है। अभी हमारे पास यह जानने का कोई तरीका नहीं है कि जीजे 3378बी पर वायुमंडल है या नहीं।दरअसल, ये छोटे तारे सूरज की तुलना में कहीं ज्यादा सक्रिय होते हैं। इनसे अक्सर ज्वालाएं और कोरोनल मास इजेक्शन (सूरज से निकलने वाली ऊर्जा और कणों की बौछार) निकलते रहते हैं, जो आसपास के ग्रहों के वायुमंडल को खत्म कर सकते हैं। फिलहाल इस रिसर्च ने जीजे 3378बी को उन ग्रहों की सूची में सबसे ऊपर ला दिया है जिनकी जीवन के लिए उपयुक्तता की जांच की जानी है। एंड्ल कहते हैं, हमारा मुख्य लक्ष्य बायोसिग्नेचर (जीवन के संकेत) खोजना है। हम सच में यह जानना चाहते हैं कि क्या हम ब्रह्मांड में अकेले हैं? हम इस समय सौर पड़ोस की शुरुआती जांच के दौर में हैं और सबसे करीबी तारों के आसपास ग्रह खोजने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि उन पर बायोसिग्नेचर का पता लगाना सबसे आसान होगा। यह ग्रह हमें अपने सभी पड़ोसियों को जानने की दिशा में एक कदम और आगे ले जाता है। इससे हम यह पता लगा सकते हैं कि कौन सा ग्रह जीवन के लिए उपयुक्त हो सकता है।

# बदलता भूजल प्रवाह बढ़ाता भवनों के लिए जोखिम



पर्वतीय भूमिगत जल भंडारों पर वैश्विक स्तर पर भी बहुत विस्तृत अध्ययन कई कारणों से नहीं हो पाया है। उत्तराखंड जैसे घोषित पर्वतीय राज्य में भी यही स्थिति है। किंतु जोशीमठ भूधंसाव से बनी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय चिंताओं तथा पहाड़ी नए–पुराने शहरों को बचाने–बसाने के क्रम में भूजल विज्ञान की जमीनी समझ अपरिहार्य हो गई है। जोशीमठ में 2 जनवरी, 2023 से एक कॉलोनी के चैनल से पानी निकलने की सूचना मिलने के बाद से ही सरकारी स्तर पर इसकी प्रतिदिन माप की जा रही है और तब से जलप्रवाह में लगातार उतार–चढ़ाव देखा जा रहा है। बयान जारी होते रहे हैं कि पानी के प्रवाह की दर इतनी कम हुई या इतनी ज्यादा हुई, या अब एकदम ही बंद हो गई है। पानी लोगों के घरों में भी दरारों के साथ आया था। ऐसे बयानों से आमजन के बीच यह धारणा विकसित करने की कोशिश होती है कि कम होता डिस्चार्ज भूधंसाव का जोखिम कम होने का सूचक है। ऐसा विश्लेषण करना वैज्ञानिक दृष्टि से सही नहीं होगा। यदि निर्माणों को आधार देने वाली परतों में जल रिसाव या जल निकासी घटती–बढ़ती रहती है अथवा चट्टानों के अपभ्रंशों में पानी सूखता–भरता रहता है, यानी उतार–चढ़ाव होता है, तो आधारित भवनों की नींवों पर काफी दबाव आ जाता है।भूजल की तेजी से अप्रत्याशित घटत–बढ़त भवनों को लंबी अवधि में कमजोर ही करती है। यदि यह बाहर निकलता कम पानी पहले कहीं नींवों के आसपास जमा होने के कारण कम हो रहा है, तो वह भवनों की सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है। नींव के आसपास जमा पानी मृदा परतों की ताकत कम कर देता है। पहाड़ों में, खासकर चूने के अपभ्रंशों में भी पानी घुसता व जमा होता है। ठोस चट्टानों की दरारों से भी पानी घुसता है। घने जंगलों के चौड़ी पत्तियों वाले क्षेत्र में भी भूमिगत जल जमा होता है। रिसाव बर्फबारी से भी संभव है।अनुभव रहा है कि जब कभी अचानक नदी की धारा मंद हो जाती है, तो अंदेशा पैदा हो जाता है कि कहीं ऊपर नदी मार्ग में भूस्खलनों से अवरोध आ गया है। अब पानी कम दिख रहा है, किंतु जब वह अवरोध टूटेगा, तो नदी भीषण वेग में आ सकती है। जलवायु बदलाव की अतिरेकी घटनाओं के बीच ऐसे दंश बढ़ेंगे ही। कई बार गहराइयों तक पहुंची नींवों से भी पहाड़ों में जमीन के अंदर ढलानों में बहता जल–प्रवाह बाधित हो जाता है। ऐसे में जलधाराएं अन्य राहें ढूंढ़ लेती हैं व अन्य कमजोर भ्रंशों से फूटकर बाहर निकल सकती हैं। जमीन के भीतर यदि ढीली मिट्टी–पत्थर की परतें हों, तो जैसे सतह पर ढलानों में वेगमयी जल–प्रवाह मलबा–मिट्टी लेकर बढ़ता है, वैसे ही वे जमीन के भीतर भी मिट्टी–पत्थर लेकर बढ़ सकते हैं और मकानों, भवनों व पिलरों की नींव की मिट्टी बहाकर आगे ले जा सकते हैं। नींव के मेटिरियल के कटाव से मकान, भवन, पुल आदि तिरछे या ध्वस्त हो सकते हैं। यदि भवनों के आसपास किन्हीं कारणों से दरारें आ जाएं, तो भूमिगत नींवों के पास पहुंचा पानी भी मकानों, भवनों या अन्य कंक्रीट ढांचों को असुरक्षित व जर्जर बना सकता है। निर्माण संरचनाओं की नींवों के जितना निकट भूमिगत जल स्तर होता जाता है, उतनी ही नींव की भवन धारण क्षमता घटती जाती है। भूमिगत जल जितना नीचे होगा, उतना ही कम उसका असर निर्माण संरचनाओं पर पड़ेगा। शैल या मृदा परतों के रंध्रों में पहुंचा पानी पोर प्रेशर पर असर डालता है। यदि रंध्रों में पानी हवा को हटाकर अपनी जगह बना रहा है, तो पानी, वायु से भारी होने के कारण, शैल या मिट्टी की परतों का भार बढ़ा देता है। इससे सतह व भीतर के ढलावों (स्लोप्स) में अस्थिरता आ जाती है, जिससे निर्माणों में भी अस्थिरता आ सकती है। साथ ही, पानी जब किसी शैल या मृदा परत पर रिसता रहता है, तो वह उस परत के भौतिक व रासायनिक घटकों में बदलाव ले आता है।यदि शौचालय सीवर लाइनों से जुड़े नहीं हैं और उनका मल–मूत्र एवं शौच–जल परिसर में बने पिटों में ही जाता है, तो अत्यधिक उपयोग की स्थिति में भूमि के भीतर नींवों के आसपास रिसाव और जल–जमाव की समस्या पैदा हो सकती है। अधिकांश गांवों व बस्तियों में शौचालय सीवर नेटवर्क से जुड़े नहीं हैं, इसलिए यह जोखिम वहां भी विद्यमान है। ऐसे में यदि किसी स्थान पर सामान्य क्षमता से अधिक भीड़ शौचालयों और मूत्रालयों का उपयोग करे, तो पिटों पर अत्यधिक दबाव पड़ना, उनका क्षतिग्रस्त होना तथा रिसाव की समस्या बढ़ना स्वाभाविक है। पहाड़ी क्षेत्रों में बहुमंजिला भवनों के निर्माण के लिए गहरी नींव आवश्यक होती है, जिससे भूमिगत जलवाहिनियों को क्षति पहुंचने या उनके प्राकृतिक प्रवाह में परिवर्तन की आशंका बढ़ जाती है। जोशीमठ जैसे क्षेत्रों में वर्षों से जारी असमान भू–धंसाव के कारण सतही और भूमिगत जल के प्रवाह तथा रिसाव की दिशा भी बदल सकती है। जिन इलाकों में भू–धंसाव हो रहा है, वहां खासकर बरसात में अधूरी नालियां या अन्य प्रकार के खदान के काम नहीं छोड़े जाने चाहिए।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सावन के प्रथम दिन भरोहिया जैसर नाथ मंदिर में उमड़ी भारी भीड़, 'बोल बम' से गूंजा मंदिर परिसर



**खजनी, गोरखपुर** भगवान शिव का पावन महीना सावन गुरुवार से शुरू होते ही खजनी तहसील के प्रसिद्ध भरोहिया जैसर नाथ शिव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रातः 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और पूरा परिसर 'हर हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। सावन के पहले दिन भक्त गंगाजल, कच्चा दूध, बेलपत्र और धतूरा लेकर मंदिर पहुंचे। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक और हवन संपन्न कराया। ग्रामीणों की मान्यता है कि सावन में यहां सच्चे मन से की गई पूजा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

भरोहिया, सीकरीगंज, बेलघाट उरुआ, गोला, बाँसगाँव सहजनवाँऔर आसपास के दर्जनों गांवों से महिला, पुरुष और बच्चे दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर कमेटी और ग्राम प्रधान द्वारा साफ-सफाई, पेयजल और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई थी। महिलाओं के लिए अलग से दर्शन की कतार बनाई गई। मंदिर समिति के अनुसार सावन भर प्रतिदिन सुबह-शाम आरती, जलाभिषेक और सांवन माह मे सुबह शाम विशेष भंडारा शुरू हो गया है,पहला सावन सोमवार 3 अगस्त 2026 को है, जिस दिन सबसे अधिक भीड़ की संभावना है। भक्तों में शिव भक्ति का गजब का उत्साह देखने को मिला।

### बच्चों के जन्मजात बीमारियों के मुफ्त इलाज को लेकर किया गया जागरूक



रतनपुर/महराजगंज।नौतनवां ब्लॉक मुख्यालय रतनपुर के सभागार कक्ष में बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रोजेक्ट पहचान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में नौतनवां के विकास खण्ड अधिकारी अमित कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, सीएचओ और ग्राम विकास सचिव मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान जन्म से लेकर छह वर्ष तक के बच्चों में होने वाली जन्मजात और विकास संबंधी बीमारियों की समय पर पहचान और उनके उचित उपचार को लेकर उपस्थित कर्मियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सत्येंद्र कुमार त्रिपाठी ने प्रोजेक्ट पहचान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शारीरिक व मानसिक विकारों की समय रहते पहचान करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सहायता व निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्वास्थ्य और विकास खण्ड के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से आपसी समन्वय बनाकर इस अभियान को पूरी तरह सफल बनाने का आह्वान किया।

### मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 05 अगस्त, 2026 कर दी गई है। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित थी। सहायक निदेशक मत्स्य आधिकारी शुभम कश्यप ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम स्थापना योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं, अंतर्देशीय खारे जल क्षेत्रों में नवीन तालाब निर्माण एवं प्रथम वर्ष निवेश योजना, उत्तर प्रदेश मोती संवर्धन योजना तथा विशिष्ट प्रजाति की मत्स्य हैचरी स्थापना योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजनाओं का विस्तृत विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेख एवं दिशा-निर्देश विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध हैं। जनपद के मत्स्य पालकों, मत्स्य कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों, युवाओं एवं इच्छुक उद्यमियों से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय से अपना आवेदन अवश्य करें। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, विकास भवन, सोनभद्र अथवा मत्स्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश के हेल्पलाइन नंबर 0522-2740270 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सरकारी नौकरी के नाम पर 11 लाख की ठगी का भंडाफोड़

### फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर युवक से ऐंठी रकम, शातिर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर जालसाज को पीपीगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बेरोजगार युवक को सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने का भरोसा देकर उससे 11 लाख 18 हजार 400 रुपये वसूल लिए। इतना ही नहीं, भरोसा कायम रखने के लिए उसने फर्जी नियुक्ति पत्र और फर्जी पहचान पत्र भी तैयार कर पीड़ित को सौंप दिया। जब दस्तावेजों की सच्चाई सामने आई तो पूरे ठगी के खेल का पर्दाफाश हो गया। पुलिस के अनुसार पीड़ित ने शिकायत में बताया कि आरोपी संतोष कुमार गौतम ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए सरकारी नौकरी लगवाने का दावा किया था। नौकरी मिलने की उम्मीद में पीड़ित ने अलग-अलग किस्तों में आरोपी को 11.18 लाख रुपये दे दिए। कुछ समय बाद आरोपी ने उसे नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड देकर ज्वाइनिंग का भरोसा दिलाया, लेकिन जांच में सभी दस्तावेज फर्जी निकले।

पीड़ित ने जब अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने थाना पीपीगंज में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान संतोष कुमार गौतम पुत्र हरी प्रसाद, निवासी अन्हारीबाग, थाना कुबेरस्थान, जनपद कुशीनगर के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनकी जानकारी जुटाई जा रही है।



जांच एजेंसियां अब यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि इस ठगी के नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा कहीं अन्य बेरोजगार युवाओं को भी इसी तरह का शिकार तो नहीं बनाया गया। पुलिस का मानना है कि पूछताछ में कई और अहम खुलासे हो सकते हैं। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर किसी भी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। नियुक्ति प्रक्रिया केवल अधिकृत सरकारी माध्यमों से ही होती है। यदि कोई व्यक्ति नौकरी के नाम पर रुपये मांगता है या फर्जी नियुक्ति पत्र देता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि ऐसे शातिर ठगों के खिलाफ समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग, महिला और बच्चों ने छत से कूदकर बचाई जान, ग्रामीणों ने आग बुझाई



**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के चिल्हिया कस्बे में उस समय हड़कंप मच गया, जब खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि आग लगने के दौरान घर के अंदर महिला और बच्चा फंस गए। आग की भयावह स्थिति को देखते हुए दोनों ने छत से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।

ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल, गैस सिलेंडर में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना चिल्हिया कस्बे की बताई जा रही है।

## मंदिर के पास 55 वर्षीय महिला का शव बरामद

### बाएं हाथ पर 'सुभाष सिंह' गुदा मिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** शहर के बुढ़िया माता मंदिर के पास गुरुवार को करीब 55 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह मंदिर आने-जाने वाले लोगों ने सड़क किनारे एक महिला को संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था में पड़ा देखा। काफी देर तक कोई हरकत न होने पर स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने महिला को मृत घोषित करते हुए शव को कब्जे में ले लिया। प्रथम दृष्टया महिला की उम्र लगभग 55 वर्ष आंकी जा रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी।

जांच के दौरान पुलिस को महिला के बाएं हाथ पर 'सुभाष सिंह' नाम गुदा (टैटू) हुआ मिला, जिसे पहचान का महत्वपूर्ण सुराग माना जा रहा है। पुलिस इसी आधार पर महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि महिला आसपास की रहने वाली नहीं लग रही है। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई भी उसकी पहचान




नहीं कर सका। इसके बाद शव को पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि महिला वहां कब और कैसे पहुंची। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि मौत स्वाभाविक है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने आसपास के थानों तथा गुमशुदगी के अभिलेखों का भी मिलान शुरू कर दिया है। आमजन से अपील की गई है कि यदि कोई व्यक्ति महिला की पहचान के संबंध में जानकारी रखता हो या उसके बाएं हाथ पर गुदे 'सुभाष सिंह' नाम के आधार पर कोई सुराग मिल सके, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है और महिला की पहचान के साथ-साथ मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है।

## बीआरसी पर पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का शुभारंभ

### नई पाठ्यपुस्तकों पर हुआ गहन मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत नौतनवा ब्लॉक के रतनपुर बीआरसी पर एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ हुआ, जिसके प्रथम बैच में क्षेत्र के 100 प्राथमिक शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के पहले दिन मुख्य रूप से कक्षा चार के पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित करते हुए अकादमिक रिसोर्स पर्सन रविन्द्र त्रिपाठी, कौशल कुमार कसौधन, अभिषेक जायसवाल, मनीष गुप्ता और शशांक शेखर तिवारी द्वारा नई हिंदी पाठ्यपुस्तक वीणा और गणित की पुस्तक गणित मेला की संरचना व शिक्षण विधा पर



विस्तार से चर्चा कर शिक्षकों के बीच एक गहरी समझ बनाई गई।

इस शैक्षिक कार्यशाला के दौरान कक्षा चार के विशेष संदर्भों के अनुसार शिक्षण पद्धतियों को अनुरूपित करने की व्यावहारिक तकनीक सिखाई गई, साथ ही वीणा पुस्तक में प्रतिस्थापित किए गए नए पाठों के औचित्य पर गंभीर मंथन करते हुए बच्चों में रटने की प्रवृत्ति को खत्म करने और उनके भीतर स्वतंत्र पठन-पाठन की आदत विकसित करने के लिए शिक्षकों को विस्तार से प्रशिक्षित किया गया।

### जननायक इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम




**गोंडा।** उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना खोड़ारे की मिशन शक्ति टीम ने जननायक इंटर कॉलेज, बक्सरिया ग्रांट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।साथ ही मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जागरूक करते हुए पंपलेट वितरित किए गए और फीडबैक भी लिया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक ज्ञानेंद्र शुक्ला एवं महिला कांस्टेबल वंदना अग्निहोत्री उपस्थित रहीं।

## खजनी में 10 वर्षीय वैभव की हत्या मामले में बड़ा खुलासा

### साजिश रचने के आरोप में परिवार की दो महिलाओं समेत चार गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र में 10 वर्षीय वैभव हत्या के अपहरण और हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए षड्यंत्र में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी पर अपहरण और हत्या की साजिश रचने का आरोप है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी खजनी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक जयन्त कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, 27 जुलाई 2026 को एक व्यक्ति ने अपने 10 वर्षीय पुत्र के अचानक लापता होने की सूचना थाना खजनी में दी थी। शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के साक्ष्य, स्थानीय लोगों से पूछताछ तथा अन्य तकनीकी तथ्यों के आधार पर मामले की कड़ियां जोड़नी शुरू कीं। जांच में सामने आया कि पड़ोस में रहने वाला सर्वेश कुमार भट्ट उर्फ बिट्टू मासूम को अपने साथ ले गया था। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। इस खुलासे के बाद पुलिस ने हत्या और अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच का दायरा बढ़ाया।

विस्तृत विवेचना में पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि घटना केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसमें परिवार के अन्य सदस्यों की भी कथित भूमिका रही। इसी आधार पर पुलिस ने षड्यंत्र में शामिल होने के आरोप में हरिनरायण शर्मा, सत्येन्द्र कुमार भट्ट उर्फ जिले, अनामिका शर्मा तथा बबली शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी खजनी थाना क्षेत्र के रूद्रपुर सीबी सिंह गली के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध थाना खजनी में दर्ज मुकदमा संख्या 239/2026 में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत



कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जयन्त कुमार सिंह, महिला उपनिरीक्षक प्रीति यादव, हेड कांस्टेबल अनिल चौधरी, कांस्टेबल अरविन्द यादव, आरक्षी संस्कार यादव तथा महिला कांस्टेबल अंकिता गुप्ता शामिल रहीं। मासूम की हत्या की इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की गहन जांच की जा रही है और यदि विवेचना में अन्य किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खाकी हुई शर्मसार: जिला अस्पताल से अगवा 10 वर्षीय मासूम की हत्या

### डायल-112 का सिपाही गिरफ्तार; रोहिणी नदी से मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

~~**गोरखपुर।** गोरखपुर को झकझोर देने वाली~~ दिल दहला देने वाली वारदात में डायल-112 में तैनात एक सिपाही पर 10 वर्षीय मासूम बच्ची के अपहरण के बाद उसकी हत्या करने का आरोप साबित होने की दिशा में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार सुबह पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मानीराम क्षेत्र के चिउटहा पुल के पास रोहिणी नदी से बच्ची का शव बरामद किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस ने दुष्कर्म की आशंका के पहलू को भी जांच में शामिल किया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। घटना 28 जुलाई की रात की है। आजमगढ़ के कप्तानगंज निवासी पीड़ित परिवार पिछले चार वर्षों से गोरखपुर में किराये पर रहकर जीवनयापन कर रहा है। परिवार की 13 वर्षीय बेटी जिला अस्पताल में भर्ती थी। उसकी छोटी बहन रात करीब साढ़े आठ बजे खाना देने अस्पताल पहुंची थी। रात लगभग 10 बजे अस्पताल से निकलने के बाद वह रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। काफी तलाश के बावजूद जब उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

परिजनों के अनुसार, अस्पताल में भर्ती बड़ी बहन ने बताया कि पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति दोनों बहनों के पास आया और घर का पता पूछने के बहाने बातचीत करने लगा। उसने देर रात होने का हवाला देते हुए बच्ची को घर छोड़ने की बात कही और बाद में उसे अपने साथ ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कई टीमें गठित कर जिला अस्पताल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। करीब 39 सेकेंड की फुटेज में वर्दीधारी सिपाही बच्ची के पीछे-पीछे जाता और कुछ देर बाद उसे बाइक पर बैठाकर ले जाता दिखाई दिया। इसी सुराग के आधार पर बाइक नंबर ट्रेस कर डायल-112 में तैनात सिपाही अभिषेक यादव को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने कथित रूप से



अपराध स्वीकार करते हुए शव रोहिणी नदी में फेंकने की जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने शव बरामद कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने प्रेसवार्ता में आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि उसके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा सेवा से बर्खास्तगी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पहले भी आपराधिक आरोप लग चुके हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की धाराएं तय की जाएंगी।

## पिपरी पुलिस ने ठगी के रुपये पीड़ित के खाते में कराए वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना पिपरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर फ्रॉड की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई। पीड़ित विक्की निवासी रेनूकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड कर धनराशि स्थानांतरित करा ली गई थी। घटना की सूचना प्राप्त होने पर थाना पिपरी पुलिस द्वारा तत्काल बैंक से पत्राचार कर फ्रॉड की गई धनराशि को होल्ड कराया गया तथा निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत नोटिस जारी कर कुल ?14,283/- (चौदह हजार दो सौ तिरासी रुपये) की धनराशि आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई।धनराशि वापस मिलने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस




अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र एवं थाना पिपरी पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश जी चौबे, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, चौकी प्रभारी रेनूकूट जितेन्द्र सरोज, उ0नि0 दिलीप कुमार सिंह, रि0आ0 अविनाश पाण्डेय,

रि0म0आ0 नीतू सिंह शामिल रहीं। सोनभद्र पुलिस की अपील यदि आप किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी के शिकार होते हैं, तो तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें अथवा [www.cybercrime.gov.in](http://www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर आपकी धनराशि वापस कराई जा सके।

### मक्का (भुट्टा) स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक: आयुर्वेदाचार्य पवन पाण्डेय

**सिद्धार्थनगर।** मक्का स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। इसके सेवन से पाचन सहित अन्य शारीरिक समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। इन दिनों बाजार में आसानी से मक्का मिल रहा है। इसे भूनकर भुट्टा के रूप में उपयोग भी लाभदायक होता है। यह सलाह आयुर्वेदाचार्य पवन पाण्डेय ने दी है। उन्होने कहा की मक्का फाइबर, विटामिन एबीसी और एंटीऑक्सीडेंट का बेहतरीन स्रोत है, जो पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है, आंखों की रोशनी बढ़ाता है और ह्रदय को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसमें मौजूद उच्च फाइबर और प्रतिरोधी स्टार्च (प्रीबायोटिक) कब्ज की समस्या को दूर करते हैं और आंतों के स्वस्थ बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं। मक्के में ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो मोतियाबिंद और उम्र से जुड़ी आंखों की बीमारियों से बचाते हैं। मक्का कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है, जिससे दिल की सेहत बेहतर होती है। यह जटिल कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होता है, जो शरीर को लंबे समय तक ऊर्जा प्रदान करता है। इसमें आयरन और विटामिन बी9 (फोलेट) पाया जाता है, जो शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने और एनीमिया को रोकने में मदद करता है।

## सावन शुरू होते ही शिवालयों में उमड़े भक्त, मंदिरों में गूंजने लगा हर-हर महादेव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़।** भगवान शिव का महीना माने जाने वाला सावन 30 जुलाई से शुरू हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु की भीड़ उमड़ने लगी और भोले बाबा का जलाभिषेक भी होने लगा। इसके दृष्टिगत शिव मंदिरों में तैयारी पूरी कर ली गई है। सफाई हो चुकी है। प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए स्वयंसेवक तैनात किए गए हैं। मंदिरों के बाहर भांग-धतूरे व बिल्वपत्रों की दुकानें सज गई हैं।

देश-विदेश में स्थापित शिव लिंगों में जहां काठमांडू के बाबा पशुपति नाथ, काशी के बाबा विश्वनाथ और देवघर के बाबा बैजनाथ धाम का विशेष महत्व माना जाता है,वहीं नगर क्षेत्र में लोगों के लिए बाबा भंवरनाथ के दर्शन-पूजन का खास महत्व है। नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित मंदिर के बारे में मान्यता है कि दर्शन-पूजन करने से बाबा भंवरनाथ अपने भक्तों को संकटों मुक्ति दिलाते हैं। यही वजह है कि शिव



आराधना का कोई भी पर्व आता है तो शहर एवं आसपास के लोग यहां जरूर पहुंचते हैं। नगर के शंकर तिराहा, पुरानी कोतवाली, रेलवे स्टेशन बौरहवा बाबा मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सफाई के अलावा सजाने व संवारने का कार्य पुजारी व मंदिर के लोगों ने किया। इसी क्रम में महराजगंज बाजार स्थित भैरव बाबा मंदिर, मेंहनगर में महामंडलेश्वर, फूलपुर में दुर्वासा धाम, निजामाबाद में दत्तात्रेय, रानी की सराय में अवंतिकापुरी धाम सहित सगड़ी तहसील के नैनीजोर स्थित शिव मंदिर में सावन शुरू होने के एक दिन पहले तक साफ-सफाई का कार्य चलता रहा।

### सावन स्पेशल: शिव मंदिरों में सफाई अभियान शुरू



**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** सावन माह के मद्देनजर नगर पंचायत बिस्कोहर कार्यालय सभागार में बुधवार रात अध्यक्ष अजय गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें कार्यालय स्टाफ, सुपरवाइजर, इलेक्ट्रीशियन, चालक एवं सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। अध्यक्ष ने सभी सुपरवाइजरों और सफाई कर्मचारियों को निर्धारित वार्डों में समय से पहुंचकर मंदिरों और शिवालयों की विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के दौरान कहीं भी जलजमाव न होने देने के लिए नालियों की नियमित सफाई और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। साथ ही कर्मचारियों से अपने दायित्वों का जिम्मेदारी और पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया, ताकि सावन में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## आजमगढ़ में दो सीएम मॉडल स्कूलों के लिए 22.46 करोड़ रुपये आवंटित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़।** जिले में आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो सीएम मॉडल स्कूल बनाए जाएंगे। इसके लिए शासन ने 22 करोड़ 46 लाख रुपये आवंटित कर दिया है। इसमें 11 करोड़ 23 लाख रुपये मिर्जापुर ब्लॉक के असगड़ा मुस्तफाबाद में बन रहे सीएम मॉडल स्कूल के लिए कुछ माह पूर्व ही प्रथम किस्त के रूप में आवंटित कर दिया था। यहां पर स्कूल का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड ने शुरू करा दिया है। इसके साथ ही दूसरा सीएम मॉडल स्कूल जहानागंज ब्लाक के सेमा में बनेगा, इसके लिए भी शासन से 11 करोड़ 23 लाख रुपये आवंटित कर दिया गया है। सीएम मॉडल स्कूल में प्री-प्राइमरी से इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं चलेंगी। सीएम मॉडल स्कूल में प्रवेश लेने वालों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

सीएम मॉडल स्कूलों का निर्माण करीब पांच एकड़ जमीन में कराया जा रहा है। इसे निजी कान्वेंट स्कूलों की तरह उच्चस्तरीय, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए बनाए जा रहे हैं। इसकी प्रमुख विशेषता प्री-प्राइमरी से 12 वीं तक की एकीकृत शिक्षा, स्मार्ट क्लासरूम और आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं हैं। डिजिटल और स्मार्ट शिक्षा के तहत सभी कक्षाओं में स्मार्ट क्लासरूम, आईसीटी लैब और डिजिटल लाइब्रेरी की व्यवस्था होगी। इसके साथ ही यहां पर खेल का बड़ा मैदान,





बहुउद्देशीय हाल भी होगा। स्कूल का पूरा परिसर सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा। जिले में दो सीएम मॉडल स्कूलों का बनना, बड़ी उपलब्धि है। प्रथम किस्त जारी हो गई है और दोनो स्कूल को वर्ष 2028 तक बनाने का लक्ष्य मिला है। यहां पर प्रवेश लेने वाले छात्रों को गुणवत्तायुक्त बेहतर शिक्षा मिलेगी। एक ही परिसर में शिक्षा के साथ ही खेल एवं अन्य शैक्षणिक लाभ छात्र-छात्राओं को मिलेगा।

## फुलवारी संस्थानों का भव्य काव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व के शुभ अवसर पर फुलवारी पब्लिक स्कूल एवं फुलवारी पॉड हेवन के संयुक्त तत्वावधान में गोंडा के ऐतिहासिक टाउनहॉल में एक अनूठे भव्य काव्य अनुष्ठान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोंडा सदर के विधायक माननीय प्रतीक भूषण जी, एल.आई.यू. क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार मिश्रा जी, एडिशनल एस.पी. राधे श्याम राय जी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राम चंद्र जी, राजेश सिंह जी, फुलवारी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह जी एवं मालती सिंह जी, जसपाल सिंह सलूजा जी तथा कार्यक्रम की आयोजिका एवं स्कूल की प्रबंधिका श्रीमती नीता सिंह जी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस साहित्यिक महाकुंभ में हिंदी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांति कवि सौरभ जैन 'सुमन' जी की उपस्थिति मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देश के




लगभग 101 महान कवियों ने अपनी श्रेष्ठ रचनाओं का पाठ किया, जिससे पूरा टाउनहॉल गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर माँ शारदे के 51 नवोदित वाणी पुत्र-पुत्रियों को देश का एक बड़ा मंच प्रदान कर काव्य पाठ का अवसर दिया गया, वहीं साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए गोंडा के 14 महान कवियों को सम्मानित भी किया गया। काव्य संध्या में देश के स्थापित कवियों घनश्याम अवस्थी, संत शरण त्रिपाठी, मुकेश सोनी, रवींद्र पांडेय, सुरेश मोकलपुरी, अशोक कुमार पाण्डेय, किरण सिंह, परीक्षित तिवारी, सोमनाथ कश्यप, कुलदीप कलश, मीना बंधन, अनुपम पांडेय, लोकेश त्रिपाठी, पुष्कर सुल्तानपुरी, योगेश चौहान, संध्या त्रिपाठी, अजय प्रधान, आशीष सिंह, हरीबहादुर 'हर्ष', कर्मराज शर्मा 'तुकांत' एवं योगेंद्र योगी



ने अपनी कालजयी रचनाओं से समां बांध दिया। इसके साथ ही आमंत्रित युवा कवियों दिव्यांश मिश्र, मानस त्रिपाठी, अमित निर्भय, उमेश सोनी, विनय शुक्ल, रजत कुमार मिश्र, विशाल मिश्र, गुलाब मुन्तशिर, रिंकू सिंह राज, शिप्रा सिंह, उत्कर्ष शुक्ल, आशुतोष त्रिपाठी, विख्यात मिश्र, चंदन तिवारी, वैष्णव सिंह, गुलजार और अतुल पांडे के कुशल प्रबंधन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संरक्षक कैप्टन क्रांति कुमार सिंह जी ने अपने धन्यवाद संदेश में कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के युवा कवियों को एक बड़ा मंच प्रदान करना और गोंडा के महान कवियों का सम्मान करना था। आयोजन के दौरान फुलवारी पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हिन्दू रक्षा दल में एक्स मुस्लिम जोया शेख, सनातनी राशि कुशवाहा की नियुक्ति

**कानपुर।** हिन्दू रक्षा दल कानपुर नगर की आयोजित बैठक में संगठन विस्तार के तहत राशि कुशवाहा को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, कानपुर नगर के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन के जिला अध्यक्ष नीरज निश्चल श्रीवास्तव ने नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि संगठन को विश्वास है कि राशि कुशवाहा समाज सेवा, जनहित एवं संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्य करेंगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आलोक भदौरिया सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। राशि कुशवाहा ने संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी तथा संगठन की नीतियों के अनुरूप समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान देंगी। दरअसल राशि कुशवाहा पूर्व में मुस्लिम धर्म की थीं और उनका नाम जोया शेख़ था बाद में वो हिन्दू धर्म से प्रभावित हुई और उन्होंने हिंदू धर्म अपना लिया और अब उन्होंने अपना नाम राशि कुशवाहा रखा है। सभी सनातनी हिंदू धर्म के लोगों ने राशि कुशवाहा को बधाई दी है।

### विधायक ने मठ मंदिरों के महन्त और संतों का किया सम्मान

**कोंच(जालौन):** गुरु-शिष्य के बीच परस्पर प्रेम, स्नेह और सम्मान से परिपूर्ण दिवस गुरु पूर्णिमा के मौके पर बुधवार की शाम क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने मठ मंदिरों में जाकर संत, महंत और पुजारियों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। देवगांव स्थित बद्रीदास आश्रम में प्रतिष्ठापित परमहंस बद्रीदास महाराज के भी दर्शन कर विधायक ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। विधायक ने नगर के प्राचीन और प्रसिद्ध मां सिंहवाहिनी, श्रीरामलला, बड़ी माता, दोहर व गुदरिया हनुमान मंदिर के महंत, पुजारियों का माल्यार्पण किया और उन्हें अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ने कहा कि गुरुजनों सहित संत महात्माओं का स्नेह और आशीर्वाद किसी भी व्यक्ति का जीवन सुधार सकता है। गुरु पूर्णिमा का दिन बेहद महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि गुरुजनों सहित संत महात्मा ही सही राह दिखाते हैं। इस दौरान विधायक के साथ नामित सभासद अरविंद निरंजन बसोव, विपिन पटेल, राजेंद्र दुबे, गौरी चबोर, सभासद अनिल वर्मा, विनोद सोनी, नरेश कुशवाहा, धर्मेंद्र राठौर, शिवसिंह कुशवाहा, मनीष नगरिया, सौरभ पुरवार, रामलला धनौरा, अबधेश पटेल, अनिल अग्रवाल, ध्यानसिंह, अनिल कपूर, प्रदीप धनौरा आदि मौजूद रहे।

### सड़क किनारे खड़े वाहनों पर हुई कार्यवाही

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कानपुर नगर के प्रमुख हाई-वे पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संबंधित जोन के यातायात निरीक्षकों एवं सीसी टीम प्रभारियों द्वारा हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा व चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने, वाहन खराबी की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा संकेतक (रिफ्लेक्टर, ट्रायंगल, पार्किंग लाइट आदि) लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में जागरूक एवं निर्देशित किया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 334 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन व वाहन चालकों से अपील की जाती है कि यातायात नियमों का पालन करें।

# खाद किल्लत से परेशान किसानों ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/** क्योलडिया के साधन सहकारी समिति में खाद वितरण के दौरान चल रही भारी धांधली और भ्रष्टाचार को लेकर स्थानीय किसानों में गहरा आक्रोश है। किसानों ने खंड विकास अधिकारी (BDO), विकास खंड भदपुरा को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपकर समिति के सचिव और स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि वे यूरिया खाद लेने के लिए सुबह से ही लंबी लाइनों में लग जाते हैं। शिकायत के अनुसार, बीते दिनों दोपहर करीब 12 बजे जब खाद का वितरण शुरू हुआ, तो लाइन लगवाने के बाद अचानक वितरण प्रक्रिया में मनमानी शुरू कर दी गई। किसानों का आरोप है कि समिति के सचिव और स्टाफ प्रति बोरी खाद पर ?100 की अवैध वसूली (रिश्वत) कर रहे हैं। जो किसान यह अतिरिक्त रकम देने से मना करता है, उसे खाद देने से साफ इंकार कर दिया जाता है।इसके अलावा, किसानों ने यह भी शिकायत की है कि समिति परिसर में स्टॉक लिस्ट या रेट लिस्ट नहीं लगाई गई है, जिससे पारदर्शित पूरी तरह गायब है। अधिकारी अपनी मनमानी चलाते हुए प्रति कट्टा 270 वसूल रहे हैं। दूर-दूर से आए किसान दिनभर कड़कती धूप और अव्यवस्था के बीच भूखे-प्यासे बैठे रहते हैं, और शाम को खाद न मिलने के कारण निराश होकर वापस लौटने को मजबूर हैं।समय पर यूरिया खाद न मिलने की वजह से किसानों की गन्ना और धान की फसलें खराब होने की कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई गई और उन्हें निष्पक्ष रूप से खाद उपलब्ध नहीं कराई गई, तो वे विकास खंड मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान मदन लाल, प्रपेन्द्र कुमार, बाबूराम, ओमपाल, सोमपाल और राज कुमार सहित क्षेत्र के दर्जनों किसान मौजूद थे।

### पशु चराकर लौट रहे व्यक्ति पर हमला, घायल

**बरेली/** क्यों लड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम बैवाही के रहने वाले भगवान दास पुत्र तुलसी राम करीब 4:15 बजे अपनी भैंसों को चराकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात युवक, जो अत्यधिक शराब के नशे में थे, सड़क पर लापरवाही से गाड़ी चला रहे थे। टोकने पर मारपीट और धमकी देने लगे। जब वे विपक्षी के पास पहुँचे, तो उन्होंने युवकों से कहा कि उनकी गाड़ी से टक्कर लग सकती थी। इतनी सी बात पर बाइक सवार युवक आग बबूला हो गए। उन्होंने भगवान दास पर ईट-पत्थरों से हमला कर दिया और उन्हें बुरी तरह पीटा। गंभीर चोटें और पुलिस में शिकायतइस हमले में भगवान दास के सिर पर गंभीर खुली चोट आई है, उनके 4 दांत हिल गए हैं और शरीर पर कई जगह अंदरूनी चोटें लगी हैं। मारपीट के बाद आरोपी पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने क्योलड़िया थाने पहुँचकर पुलिस को लिखित शिकायत पत्र सौंपा है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## मुआवजा दिए बिना सर्विस रोड निर्माण का आरोप




### प्रभावित भू-स्वामियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला।** तहसील टूण्डला क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदाबाद स्थित गाटा संख्या 315 के प्रभावित भू-स्वामियों ने National Highways Authority of India (एनएचएआई) पर बिना विधिसम्मत मुआवजा दिए निजी भूमि पर सर्विस रोड का निर्माण कराए जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रभावित भू-स्वामियों ने उपजिलाधिकारी टूण्डला दिव्या सिंह को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने तथा नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की। भू-स्वामियों का कहना है कि उनकी भूमि से संबंधित मुआवजे का मामला माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम), फिरोजाबाद के न्यायालय में विचाराधीन है तथा एनएचएआई के विरुद्ध एक्स-पार्टी आदेश भी पारित हो चुका है। इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में उनकी भूमि पर सर्विस रोड का निर्माण कराया जा रहा है, जो न्यायिक प्रक्रिया और उनके वैधानिक अधिकारों के विपरीत है। ज्ञापन में प्रभावित भू-स्वामियों ने मांग की है कि न्यायालय के अंतिम निर्णय एवं विधिक प्रक्रिया पूरी होने तक निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही, सार्वजनिक उपयोग के लिए भूमि का प्रयोग किए जाने से पूर्व उन्हें नियमानुसार पूर्ण मुआवजा एवं अन्य देय लाभ उपलब्ध कराए जाएं। ज्ञापन सौंपने वालों में अल्का देवी, कृष्णा देवी, उषा पाल, भारत सिंह पोनियां, आशुतोष सिंह सहित अन्य प्रभावित भू-स्वामी उपस्थित रहे।

### 31 जुलाई को शिकोहाबाद आईटीआई में लगेगा शिक्षुता एवं रोजगार मेला

**फिरोजाबाद।** प्रधानाचार्य एवं जिला समन्वयक, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, स्वामी नगर, स्टेशन रोड, शिकोहाबाद में 31 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक शिक्षुता मेला (अप्रेन्टिसशिप) एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में प्रदेश की प्रतिष्ठित अधिष्ठान सामाजिक संस्था अगम सेवा फाउंडेशन के सहयोग से रिलायंस, सेक्टर-62, नोएडा द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। इस अवसर पर योग्य अभ्यर्थियों को प्रतिष्ठित संस्थान में शिक्षुता प्रशिक्षण एवं रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। प्रधानाचार्य ने बताया कि मेले में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता से संबंधित मूल प्रमाण-पत्र, उनकी छायाप्रतियां तथा बायोडाटा (रिज्यूमे) अपने साथ अवश्य लेकर आएं, ताकि चयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों के सभी आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में प्रतिभाग कर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। यह मेला युवाओं को कौशल आधारित रोजगार एवं शिक्षुता प्रशिक्षण से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

# गांव में घुसा तेंदुआ

## युवक ने मोबाइल से कैद की तस्वीर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/क्योलड़िया।** क्षेत्र के कुंअरपुर तुलसी पट्टी गांव में बुधवार रात तेंदुआ घुस आने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। रात के समय गांव निवासी अर्जुन अपने घर की छत पर थे। तभी उनकी नजर घर के पास घूम रहे तेंदुए पर पड़ी। डर के बावजूद उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए मोबाइल से तेंदुए की तस्वीर खींच ली। देखते ही देखते फोटो पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गई और ग्रामीणों में भय का माहौल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है। इससे पहले भी आसपास के खेतों और गांव के पास कई लोगों ने तेंदुए को देखने का दावा किया था। लगातार तेंदुए की मौजूदगी से लोग शाम ढलते ही घरों में रहने को मजबूर हैं। किसान खेतों में अकेले जाने से बच रहे हैं और बच्चों को भी बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन दरोगा अकबर अली और कड़े राम ने टीम के साथ गांव के आसपास खेतों में तेंदुए के पगचिह्नों की तलाश की। टीम को कई स्थानों पर संदिग्ध पगचिह्न मिले, जिनकी जांच की जा रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने, रात में अकेले बाहर न निकलने तथा तेंदुआ दिखाई देने पर तत्काल सूचना देने की सलाह दी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि तेंदुए को जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए, ताकि गांव में फैली दहशत समाप्त हो सके।

# कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**टूण्डला-** आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करना शुरू कर दिया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यात्रा मार्गों पर अत्याधुनिक आईपी (ढ्क्क) आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से पूरे मार्ग की चौबीसों घंटे निगरानी की जाएगी। इन कैमरों की सहायता से पुलिस प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखेगी और किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा टूण्डला चौराहा, एटा रोड, स्टेशन रोड, आगरा रोड तथा फिरोजाबाद रोड सहित प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। इन स्थानों पर लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे यातायात संचालन, भीड़ नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही पुलिस बल की नियमित गश्त एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी भी सुनिश्चित की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक टूण्डला बैजनाथ सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर कुल 28 उत्तम श्रेणी के आईपी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इन कैमरों के माध्यम से पूरे यात्रा मार्ग की प्रभावी निगरानी की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है तथा सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जा रही हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अपील की कि यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें, प्रशासन के निर्देशों का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि कांवड़ यात्रा सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। पुलिस प्रशासन का लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं को बिना किसी असुविधा के सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए और यात्रा पूरी तरह व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो।

# उर्वरक विक्रेताओं पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## 5 दुकानों को नोटिस और 3 लाइसेंस तत्काल निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता, गुणवत्ता एवं वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान ने तहसील सिरसागंज क्षेत्र में उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों पर गंभीर अनियमितताएं मिलने पर पांच विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जबकि तीन उर्वरक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए। निरीक्षण के दौरान उर्वरकों की गुणवत्ता की जांच के लिए प्रताप खाद भंडार, काठफोरी तथा श्री राधा कृष्ण खाद एवं बीज भंडार, सिरसागंज से दो उर्वरक नमूने संग्रहित किए गए। वहीं रेट बोर्ड एवं स्टॉक बोर्ड प्रदर्शित न करने, स्टॉक एवं विक्रय पंजिका अद्यतन न रखने तथा अभिलेखों में अनियमितता पाए जाने पर कृषक सेवा केंद्र काठफोरी, प्रशांत ट्रेडर्स सराय मुरलीधर, राधा कृष्णा बीज एवं खाद भंडार सिरसागंज, करिश्मा खाद भंडार सिरसागंज तथा आर.एस. खाद भंडार काठफोरी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि प्रताप खाद भंडार काठफोरी द्वारा बिना पीओएस (POS) मशीन के उर्वरक बिक्री किए जाने तथा प्रबल खाद भंडार सिरसागंज में स्टॉक दूसरी दुकान में रखने एवं स्टॉक-विक्रय पंजिका उपलब्ध न होने के कारण दोनों दुकानों के उर्वरक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए। इसके अलावा बघेल खाद बीज भंडार, काठफोरी द्वारा जांच टीम को देखकर दुकान बंद कर देने एवं निरीक्षण में सहयोग न करने के कारण उसका लाइसेंस भी अग्रिम आदेशों तक निलंबित कर दिया गया। निरीक्षण के दौरान सभी उर्वरक विक्रेताओं को किसानों को यूरिया एवं डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों की जानकारी देने, रेट बोर्ड एवं स्टॉक बोर्ड प्रदर्शित रखने, स्टॉक एवं विक्रय पंजिका नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा किसानों की जोत एवं अनुशंसित मात्रा के अनुसार ही उर्वरकों का वितरण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी विक्रेताओं को शत-प्रतिशत बिक्री पीओएस मशीन के माध्यम से करने तथा किसी भी प्रकार की टैगिंग या निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने से सख्ती से मना किया गया। जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसी भी विक्रेता द्वारा कालाबाजारी, जमाखोरी, ओवररेटिंग, टैगिंग अथवा बिना अभिलेख उर्वरक बिक्री जैसी अनियमितता पाई गई तो उसके विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985, आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत कठोर वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं की सतत निगरानी की जा रही है तथा भविष्य में भी औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। जनपद में यूरिया 17,685 मीट्रिक टन, डीएपी 6,886 मीट्रिक टन, एनपीके 3,421 मीट्रिक टन, एमओपी 5,361 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 1,951 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इसके



अतिरिक्त शिकोहाबाद रैक प्वाइंट पर एचयूआरएल कंपनी की यूरिया की नई खेप प्राप्त हुई है, जिसकी आपूर्ति समितियों एवं निजी विक्रेताओं को कराई जा चुकी है।

उन्होंने जनपद के किसानों से अपील की कि खरीफ फसलों की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक खरीदें और अनावश्यक भंडारण न करें। उर्वरक खरीदते समय विक्रेता से रसीद अवश्य प्राप्त करें। यदि खरीफ सीजन में उर्वरक उपलब्धता से संबंधित किसी प्रकार की समस्या आती है तो किसान जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के कंट्रोल रूम नंबर 9084557126 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य विभाग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राज्य सेक्टर की योजनाओं में आवेदन करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को राहत देते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 5 अगस्त 2026 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम स्थापना योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मछली विक्रय हेतु मोपेड विद आइस बॉक्स परियोजना, उत्तर प्रदेश मोती संवर्धन योजना तथा विशिष्ट प्रजाति की मत्स्य हैचरी स्थापना योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लिए इच्छुक व्यक्ति अब 5 अगस्त 2026 तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्येक योजना हेतु अलग-अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेखों एवं योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.inपर उपलब्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में योजनाओं के प्रावधानों में कोई संशोधन किया जाता है, तो संशोधित नियम ही प्रभावी होंगे। साथ ही जिन आवेदकों के आवेदन पूर्व वर्षों में निरस्त हो गए थे अथवा प्रतीक्षारत हैं, वे भी पुनः आवेदन कर सकते हैं। मत्स्य विभाग ने इच्छुक लाभार्थियों से समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। योजनाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय, कक्ष संख्या-108, प्रथम तल, विकास भवन, दबरई, फिरोजाबाद में किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

# धूमधाम से मनाया प्रेस क्लब संरक्षक हेमन्त उपाध्याय का जन्मदिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला-** टूण्डला प्रेस क्लब व प्रेस क्लब टूण्डला के संरक्षक हेमंत उपाध्याय का जन्मदिवस गुरुवार को क्लब के पत्रकारों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि हेमंत उपाध्याय का पत्रकारिता जगत एवं सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके मार्गदर्शन से प्रेस क्लब लगातार संगठन को मजबूत करने और पत्रकार हितों के लिए कार्य कर रहा है। प्रेस क्लब के संरक्षक पुनीत रावत ने कहा कि हेमंत उपाध्याय का लंबा पत्रकारिता का अनुभव रहा है, उनके अनुभव का प्रेस क्लब को लाभ मिल रहा है,उनके अनुभव से प्रेस क्लब नई ऊंचाइयों को छूएगा,हम उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। संरक्षक राजू उपाध्याय ने कहा कि हेमंत उपाध्याय का अनुभव और मार्गदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हम उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष राधेश्याम चौहान ने कहा कि हेमंत उपाध्याय ने सदैव पत्रकारों को एकजुट रखने और संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया है। उनका स्नेह और सहयोग हमेशा मिलता रहा है। प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां ने कहा कि हेमंत उपाध्याय का सरल स्वभाव पत्रकारों के प्रति समर्पण और संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अनुकरणीय है। उनका मार्गदर्शन आगे भी इसी प्रकार मिलता रहे, यही हमारी शुभकामना है। प्रेस क्लब के सचिव अरुण रावत ने कहा कि हेमंत उपाध्याय का जन्मदिवस हम सभी के लिए खुशी का अवसर है। ईश्वर से उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं पत्रकारों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में संरक्षक राजू उपाध्याय,पुनीत रावत, अध्यक्ष राधेश्याम चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां, उपाध्यक्ष सीपी रावत, हितेंद्र यादव, सचिव अरुण रावत, कोषाध्यक्ष राष्ट्रदीप जैन, सहसचिव विवेक शर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह, संजय शर्मा, अनिल शर्मा, रामपाल सिंह, उपेंद्र यादव, जाविद अली, अंकित श्रोतिया, सुनील गर्ग, संतोष शर्मा, कुलदीप उपाध्याय, अनुज रावत, गुलाब सिंह, योगेंद्र सिंह,धीरज बघेल आदि पत्रकार गण मौजूद रहे।

# निपुण भारत मिशन की समीक्षा बैठक में सीडीओ सख्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में 'निपुण भारत मिशन' के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक पात्र बच्चे का विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन कराया जाए तथा शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को निर्देशित किया कि नामांकन अभियान में तेजी लाकर प्रत्येक बच्चे का प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्यालयों का नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि कोई शिक्षक अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। समीक्षा के दौरान शिकोहाबाद एवं एका विकासखंड के विद्यालयों में नामांकन की धीमी प्रगति पर मुख्य विकास अधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सीडीओ ने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध कराया जाए। जिन विद्यालयों को जर्जर भवनों से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है, वहां उपलब्ध फर्नीचर का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में प्राथमिक विद्यालय लड़ीह के निर्माण कार्य की खराब गुणवत्ता पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यदायी संस्था को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय में निर्माण गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो संबंधित संस्था को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।



दिव्यांग विद्यार्थियों की सुविधाओं की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने सभी विद्यालयों में दिव्यांग सुलभ शौचालयों के निर्माण कार्य में तेजी लाने और उसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि मिड-डे मील के दौरान बच्चों को जमीन पर बैठाकर भोजन न कराया जाए, बल्कि डाइनिंग टेबल अथवा सम्मानजनक व्यवस्था पर ही भोजन कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों के ऊपर से हाई-टेंशन अथवा अन्य विद्युत लाइनें गुजर रही हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा बनी रहे। बैठक के अंत में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा कि, 'बेसिक शिक्षा विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए। नामांकन में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के साथ विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छता एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारी एवं शिक्षक पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।'

# संक्षिप्त खबरें

## आकाशीय बिजली गिरने से चार ट्रांसफार्मर जले



**मिर्ज़ापुर।** अहरौरा विद्युत सब स्टेशन से संबंधित विभिन्न स्थानों पर बुद्धवार आधी रात को आकाशीय विजली गिरने से चार ट्रांसफार्मर जल गए जिसके कारण सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।अहरौरा विद्युत सब स्टेशन के जे ई पंचधारी सिंह ने बताया की अहरौरा फीडर पर श्री रामपुर10 के वी , सरिया 10 के वी, सेखवा 25 के वी व अनंदीपुर 25 के वी का ट्रांसफार्मर आकाशीय बिजली के चपेट में आने से जल गया । जिससे ग्रामीण क्षेत्रो की विद्युत सप्लाई ठप हो गया है ।अवर अभियंता पंचधारी सिंह ने बताया की ट्रांसफार्मर जलने की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलवाया जाएगा।

## अनियंत्रित कंटेनर ने सोते समय पिता-पुत्र को रौंदा, मौके पर मौत




**मीरजापुर विंध्याचल।** थाना विंध्याचल अंतर्गत गैपुरा चौकी क्षेत्र में बुधवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में पिता और उसके 13 वर्षीय बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोई के ठीक सामने हुआ। नींद में ही चली गई जान जानकारी के अनुसार शिव प्रसाद गुप्ता पुत्र गंगा प्रसाद, 36 वर्ष* और उनका बेटा राहुल गुप्ता, 13 वर्ष घर में सो रहे थे। इसी दौरान प्रयागराज से मिर्जापुर की तरफ जा रहा एक अनियंत्रित सीमेंट लदा कंटेनर नियंत्रण खोकर घर में घुस गया और सो रहे पिता-पुत्र को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक शिव प्रसाद कबाड़ का काम करके परिवार का जीविकोपार्जन करते थे। इकलौते बेटे राहुल कक्षा 6 में ष्ष्ठस् स्कूल में पढ़ता था। इस हादसे में पत्नी संजू देवी और बेटी दिव्या का रो-रो कर बुरा हाल है। घर में कोहराम मचा हुआ है। कंटेनर की टक्कर से कुल 4 मकान क्षतिग्रस्त होने की भी सूचना है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सिटी, थाना प्रभारी विंध्याचल और चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रयागराज-मिर्जापुर मार्ग पर इस जगह डिवाइडर और इंडिकेटर नहीं होने से इस तरह की घटनाएं बार-बार हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छात्रों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग, सपा ने डीएम-एसपी को सौंपा ज्ञापन




**भदोही।** समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर काशी नरेश विश्वविद्यालय में छात्र आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने तथा छात्रों एवं उनके परिजनों का उत्पीड़न बंद करने की मांग की। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि आंदोलन में नामजद छात्रों के परिजनों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक छात्र के परिजन को ज्ञानपुर कोतवाली बुलाया गया था, जिसे जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव के हस्तक्षेप के बाद घंटों की बातचीत के उपरांत छोड़ दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने छात्र आंदोलनों के मामलों में अनावश्यक सख्ती से बचने के निर्देश दिए हैं। इसी के अनुरूप छात्रों और उनके परिवारों को परेशान न किया जाए तथा छात्र आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेकर उनके भविष्य को सुरक्षित किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में विधायक जाहिद बेग, पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, जिला महासचिव हृदय नारायण प्रजापति, रामधनी यादव तथा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र 'पप्पू' सहित अन्य सपा नेता मौजूद रहे।

# एबीसी सेंटर निर्माण को लेकर प्रशासन सक्रिय

### मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं 15वें वित्त आयोग के प्रस्तावों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं वंदन योजना के सम्बन्ध में जनपद के समस्त नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन के निर्देशानुसार एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि के चिन्हांकन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नगरीय निकायों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वन्दन योजना के अन्तर्गत चुर्क नगर पंचायत में शीतला माता मंन्दिर पर अवस्थापना सुविधायें एवं सौन्दर्यीकरण कराने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने हेतु जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किये।

जिलाधिकारी ने प्रस्तुत प्रस्तावों का परीक्षण करते हुए उपयुक्त एवं जनहितकारी कार्यों को स्वीकृति प्रदान की तथा जो प्रस्ताव योजना की गाइडलाइन के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके स्थान पर नियमों के अनुरूप अन्य जनोपयोगी कार्यों के प्रस्ताव दो दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योजनाओं के अंतर्गत ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिनसे नगरों की उपयोगिता, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं तथा सौंदर्यीकरण में प्रभावी वृद्धि हो और आमजन को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का क्रियान्वयन गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 श्री वागीश कुमार शुक्ला, नगर निकाय के सभी अधिशासी अधिकारी एवं संबंधित अवर अभियंता उपस्थित रहे।

## विट्ठलपुर में भक्ति और भंडारे का आयोजन

### प्राचीन हनुमान मंदिर विट्ठलपुर में अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ एवं विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़ संवाद,** गुरु पूर्णिमा के शुभ पावन अवसर पर क्षेत्र के विट्ठलपुर ग्राम पंचायत में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का बुधवार को विधि-विधान से समापन हुआ। तत्पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के अनुसार मंगलवार सुबह 10 बजे अखंड श्री राम चरित्र मानस पाठ का शुभारंभ जो 24 घंटे तक लगातार चला। जिसमें क्षेत्र के साथ साथ आजमगढ़ की धरती से पधारे कलाकारों द्वारा मन मोहक स्वरों से क्षेत्र के लोगों का मन मोह लिए। गुरु पूर्णिमा के दिन पाठ के समापन पर हवन-पूजन और आरती के साथ बजरंग बली का विशेष श्रृंगार किया गया।समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि भंडारे में करीब चार पांच हजार के करीब लोगों ने प्रसाद पाया।मंदिर के पुजारी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के दिन हनुमान जी और गुरु दोनों की कृपा एक साथ मिलती है। अखण्ड श्रीराम चरित मानस पाठ और भंडारे से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि का संदेश गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे भंडारे में सहयोग देने वाले दानदाताओं और स्वयंसेवकों का मंदिर समिति ने आभार व्यक्त किया।

## लोक गायन कार्यशाला का समापन, 35 छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए प्रमाणपत्र

**भदोही।** उत्तर प्रदेश लोक जनजाति एवं संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग, लखनऊ एवं जगदंबे न्यू बाल शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'सृजन' कार्यक्रम के अंतर्गत जेएनवीएस कान्वेंट स्कूल, परऊपुर में आयोजित 10 दिवसीय लोक गायन कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया। समापन समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 35 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि शहीद झूरी सिंह के प्रपौत्र डॉ. रामेश्वर सिंह ने कहा कि संस्कृति विभाग का यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है। इससे विलुप्त होती लोक कला एवं लोक गायन की परंपराओं का संरक्षण होगा और नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित होकर उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित होगी। कार्यशाला में लोक गायक घनश्याम शुक्ला ने 10 दिनों तक बच्चों को कजरी, भरथरी, करिंगा, पवारा, चितमा, जगराता, छठ गीत, घटपूजा, चैता एवं चट्टी सहित विभिन्न लोक गायन विधाओं का प्रशिक्षण दिया।

## डीएम शैलेष कुमार व एसपी अभिनव त्यागी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने गुरुवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा कारागार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर की सुरक्षा, बैरकों, रसोईघर, चिकित्सालय, मुलाकात कक्ष, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने बैरकों की नियमित तलाशी, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, बंदियों की गणना, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि बंदियों को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा कारागार परिसर में स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखा जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार में निरुद्ध बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कारागार के जेल अधीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला उद्योग बंधु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक सम्पन्न

### व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा तथा रोजगार सृजन पर जिलाधिकारी का विशेष जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्योग-व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों, उद्यमियों, निवेशकों एवं व्यापारियों के साथ व्यापार, उद्योग, निवेश, निर्यात तथा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में व्यापारियों, उद्यमियों एवं निवेशकों से संबंधित सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों के प्रति सहयोगात्मक एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए लंबित मामलों का नियमानुसार शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिले तथा अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हो सकें।

जिलाधिकारी ने खाद्य एवं रसद, विद्युत, प्रदूषण नियंत्रण, व्यापार कर सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान तथा रोस्टर के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में व्यापारियों द्वारा राजपुरा चौराहा एवं लिप्पन चौराहे पर जाम की समस्या उठाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भदोही को अतिक्रमण चिन्हित कर प्रभावी अभियान चलाकर उसे हटाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को लिप्पन चौराहे के चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कारपेट बैंकिंग क्लस्टर को एक सप्ताह के भीतर संचालित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के दौरान विकास खंडों में लंबित प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने संबंधित खंड विकास अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए एक सप्ताह के भीतर जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) को निर्देशित किया कि जिन बैंकों की प्रगति संतोषजनक नहीं है, उनकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जिलाधिकारी ने लीड बैंक सहित सभी बैंक अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक ऋण प्रकरण स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जनपद में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए लैंड बैंक डाटा उपलब्ध कराने, प्लग एंड प्ले पार्क विकसित करने, सिटी ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस तथा डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। साथ ही पीएम सूर्यघर:मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने औद्योगिक विकास के लिए निवेशकों के साथ मास्टर प्लान के अनुरूप ही विकास कार्य किए जाने पर बल दिया तथा बीडा क्षेत्र के निवासियों से अपील की कि वे भवन निर्माण से पूर्व मानचित्र स्वीकृत अवश्य कराएं। उन्होंने भूमि एवं राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त उद्योग, अग्रणी जिला प्रबंधक, निर्यातकगण, अधिशासी अभियंता विद्युत, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनपद के व्यापारी, उद्यमी, निवेशक तथा व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला ओलंपिक संघ का वार्षिक समारोह 9 अगस्त को

**मिर्ज़ापुर** आशीष पटेल कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश शासन मुख्यअतिथि एवं जिला अधिकारी मिर्ज़ापुर विशिष्ट अतिथि होंगे उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के सह संयुक्त सचिव तथा मिर्ज़ापुर ओलिंपिक एवं वॉलीबॉल संघ के महासचिव एस.पी.त्रिपाठी ने एक प्रेस विज्ञपति में सुचित किया है कि दिनांक 9 अगस्त रविवार को जिला कोऑपरेटिव बैंक के (कचहरी परिसर) सभागार में दिन में 12 बजे, जिला ओलंपिक संघ के स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में वार्षिक समारोह का आयोजन करने जा रहा है जिला ओलंपिक संघ की विशेष बैठक भी प्रातः 10:00 बजे अयोजित की जाएगी जिसमें वर्ष 2026-27 का खेल कैलेंडर तथा मिर्ज़ापुर ओलिंपिक संघ का पुनर्गठन तथा वर्ष 2026 में जिन बालक - बालिकाओ (महिला ,पुरुष) ने राज्य ,राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनपद का खेल के तौर पर मान-सम्मान बढ़ाया है उनको पुरुस्कृत भी किया जाएगा एस.पी.त्रिपाठी ने सभी जनपद के मान्यता प्राप्त जो प्रदेश संघ से पंजीकृत हो सभी से निवेदन किया है कि वे समय से संघ की बैठक में उपस्थित हों तथा जनपद के सभी खेलों से जुड़े खिलाड़ियों से अपील की है कि उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराएं।

## प्रेमी से शादी की मांग, टावर पर चढ़ी महिला

### प्रेमी से शादी की मांग को लेकर छह माह की गर्भवती महिला मोबाइल टावर पर चढ़ी, चार घंटे बाद उतरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंज।** प्रेमी द्वारा शादी से इनकार और कथित प्रताड़ना से आहत छह माह की गर्भवती महिला गुरुवार को गोपीगंज कस्बे में एक मोबाइल टावर पर चढ़ गई। करीब चार घंटे तक चले घटनाक्रम के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने-बुझाने तथा विधिक कार्रवाई के आश्वासन पर महिला सुरक्षित नीचे उतर आई। इसके बाद पुलिस उसे अपने साथ लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार, गोपीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बिरनई निवासी प्रतिमा बिंद का आरोप है कि गांव के ही लवकुश बिंद के साथ उसका कई वर्षों से प्रेम संबंध था। इस दौरान दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने, जिससे वह गर्भवती हो गई। महिला का आरोप है कि गर्भधारण के बाद उसने शादी करने का दबाव बनाया, लेकिन युवक लगातार टालमटोल करता रहा।

महिला का कहना है कि उसने पहले भी गोपीगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। करीब तीन माह पूर्व वह न्याय की मांग को लेकर थाने के सामने धरने पर बैठी थी। उस समय पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर कोर्ट मैरिज कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अगले दिन आधार कार्ड न होने का हवाला देकर शादी नहीं हो सकी। महिला ने आरोप लगाया कि उसे प्रेमी के घर पर रहने की अनुमति और सम्मान नहीं दिया गया तथा लगातार प्रताड़ित किया गया। दो दिनों तक थाने के चक्कर लगाने के बावजूद कार्रवाई न होने से क्षुब्ध होकर उसने मोबाइल टावर पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया। घटना की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत और समझाइश के बाद महिला को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। पुलिस का कहना है कि महिला की शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस की प्रभावी पैरवी से धारा 376 भादवि के अभियोग में अभियुक्त दोष सिद्ध

### न्यायालय द्वारा 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50,000/- अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी के निर्देशन, पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मिर्जापुर के कुशल पर्यवेक्षण तथा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे Operation Conviction अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।सोनभद्र पुलिस द्वारा की गई प्रभावी विवेचना, सुदृढ़ साक्ष्य संकलन एवं अभियोजन पक्ष की प्रभावी न्यायालयीन पैरवी के फलस्वरूप थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत धारा 376 भादवि से सम्बन्धित अभियोग में न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50,000/- अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र एसटी संख्याः 114/2017 मु0अ0 सं0 : 327/2017 धारा 376 भादवि दोषसिद्ध अभियुक्त- सन्तोष पासवान पुत्र हरि पासवान, निवासी बगथरी कला, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। न्यायालय, एएसजे/ एफटीसी/ सीएडब्लू जनपद सोनभद्र द्वारा अभियुक्त सन्तोष पासवान को धारा 376 भादवि के अपराध में 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं ?50,000/- अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को 06 माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किए जाने का आदेश पारित किया गया। अभियुक्त द्वारा जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किए जाने का आदेश मा. न्यायालय द्वारा पारित किया गया है।उक्त अभियोग में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा की गई प्रभावी विवेचना, अभियोजन अधिकारी की सशक्त न्यायालयीन पैरवी, कोर्ट मोहर्रिर के समन्वय तथा जनपद मॉनिटरिंग सेल की सतत निगरानी एवं प्रभावी अनुश्रवण के परिणामस्वरूप अभियुक्त को दोषसिद्ध कराते हुए मा. न्यायालय से सजा सुनिश्चित कराई गई।सोनभद्र पुलिस अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई तथा गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं सशक्त अभियोजन के माध्यम से दोषियों को माननीय न्यायालय से सजा दिलाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## नाली-जाली की सफाई न होने से झरना बना ओवरब्रिज, हादसे की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोपीगंज।** बारिश से पहले ओवरब्रिज पर बनी नालियों और जल निकासी व्यवस्था की सफाई नहीं कराए जाने से गोपीगंज का ओवरब्रिज झरने में तब्दील हो गया है। पहलवान बीर मंदिर से गिराई पेट्रोल पंप तक पुल के दोनों लेन पर जलभराव बना हुआ है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ओवरब्रिज और राष्ट्रीय राजमार्ग के रखरखाव व मेंटेनेंस पर हर माह लाखों रुपये खर्च करने का दावा करता है, लेकिन जल निकासी व्यवस्था की समय पर सफाई नहीं होने से बारिश का पानी पुल पर जमा हो रहा है। सड़क चौड़ीकरण के दौरान निर्मित ओवरब्रिज पर जल निकासी के लिए नालियां और पाइप लगाए गए थे, लेकिन नियमित सफाई के अभाव में पाइप जाम हो गए हैं। इसके कारण पानी पुल पर ही भर जाता है और ऊपर से गुजरने वाले वाहनों के दबाव से नीचे गिरता रहता है। बारिश बंद होने के कई दिनों बाद भी पुल से पानी टपकने का सिलसिला जारी रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज पर लगातार जलभराव रहने से फिसलन बढ़ गई है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराते हुए ओवरब्रिज की नालियों और जल निकासी पाइपों की तत्काल सफाई कराने की मांग की है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से पर्यावरण संरक्षण को मिल रही नई दिशा

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलाया जा रहा 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 अभियान प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़कर जनआंदोलन का रूप ले रहा है। डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में आईआईए औद्योगिक क्षेत्र, सतहरिया एवं यूपीसीडीए, सतहरिया द्वारा आयोजित वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वाराणसी के संयोजन में किया गया। इस दौरान उन्होंने एमकेडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों एवं सुरक्षा बलों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाए तो पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य प्रभावी रूप से हासिल किया जा सकता है।

## दुर्गागंज पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, कबाड़ दुकानदार समेत चार गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** दुर्गागंज थाना पुलिस ने सिंचाई की प्लास्टिक पाइप चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक कबाड़ दुकानदार समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन बाल अपचारी भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की गई प्लास्टिक पाइप बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को थाना दुर्गागंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्रयागराज जनपद के थाना सरायममरेज क्षेत्र स्थित जंघई बाजार में पंकज गुप्ता की कबाड़ की दुकान पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कबाड़ दुकानदार पंकज गुप्ता (28) निवासी जंघई बाजार तथा तीन बाल अपचारियों को हिरासत में लिया। मौके से चोरी की गई सिंचाई वाली प्लास्टिक पाइप बरामद की गई।

पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 28 जून 2026 की सुबह सिंचाई की प्लास्टिक पाइप चोरी की थी। चोरी का सामान बेचने और रुपये लेने के लिए वे कबाड़ की दुकान पर एकत्र हुए थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। इस संबंध में थाना दुर्गागंज में दर्ज मुकदमा संख्या 83/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रवीन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपनिरीक्षक राजेश सिंह, कांस्टेबल आश्विन कुमार चौधरी, राजकुमार, राघवेन्द्र, शिवश्याम एवं प्रकाश शामिल रहे।

## एडीसीओ सदर ने किया बहुआर बीपैक्स का निरीक्षण



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-**उपायुक्त सहकारिता अमित कुमार पांडेय के निर्देश पर एडीसीओ सदर निर्मल कुमार मौर्य ने बृहस्पतिवार को राबर्टसगंज ब्लॉक स्थित बीपैक्स बहुआर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीसीओ ने समिति की कैशबुक, संतुलनपत्र और सदस्य खातो का अवलोकन किया। सचिव विन्ध्याचल राम ने अधिकारी को समिति की वित्तीय स्थिति और व्यवसाय के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। एडीसीओ सदर ने समिति सचिव और अन्य कर्मचारीगण से कहा कि बीपैक्स मे समयबद्धता और वित्तीय अनुशासन ही समिति के सशक्तिकरण का मूल आधार है तथा ग्रामीण भारत को सशक्त करना ही सहकारी समिति की सफलता का मानक है। एडीसीओ निर्मल मौर्य ने जहाँ एक ओर समिति के डाटा बाउचर फीडिंग को नियमित रूप से सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया वहीं समिति के ऋण वितरण, वसूली और नकद बिक्री के नियमित अभिलेखीकरण मे सुधार लाने के निर्देश भी दिए। एडीसीओ ने निर्देशित किया कि किसी भी किसान को अनुमन्य मात्रा से अधिक उर्वरक न दें तथा वितरण कार्य मे पारदर्शिता और नियमबद्धता का विशेष ध्यान दें।

## मसाज सेंटर की आड़ में चल रहा था देह व्यापार

**अलीगढ़।** किशनपुर तिराहे स्थित एक आयुर्वेदिक मसाज सेंटर पर पुलिस ने छापेमारी कर अनैतिक गतिविधियों का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सेंटर के संचालक समेत दो पुरुष और तीन महिलाओं को हिरासत में लिया। सभी के खिलाफ क्वार्सी थाने में अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। सीओ सिविल लाइन सर्वम सिंह के अनुसार मसाज सेंटर में अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की सूचना मिलने पर टीम ने बुधवार देर शाम छापा मारा। पुलिस को देखकर वहां अफरा-तफरी मच गई।

# संक्षिप्त खबरें

## धोखाधड़ी से जमीन का करा लिया बैनामा, केस दर्ज हुआ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धोखाधड़ी से जमीन का बैनामा करा लेने की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के उछापुर गांव की मीना सिंह पत्नी अंजनी सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पति नशे के आदी हैं। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति अंजनी को नशे की लत का फायदा उठाते हुए गांव के ही पूरे भदौरिया पुरवा निवासी सुनील सिंह पुत्र सुरेश प्रताप सिंह ने बीते वर्ष 26 अप्रैल को उसके पति को नशा कराकर उप निबन्धन कार्यालय लालगंज ले गये और उनके नाम की करीब छः बीघा जमीन का धोखाधड़ी से बैनामा करा लिया। इसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने 29 जुलाई को पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद आरोपी सुनील सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु, पुलिस मुस्तैद



**लालगंज, प्रतापगढ़।** पौराणिक शिवालय बाबा घुइसरनाथ धाम में गुरुवार को सावन माह के पहले दिन जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। हर हर महादेव के जयकारों के बीच भोर में मंदिर गर्भगृह का कपाट खुलते ही जलाभिषेक शुरू हुआ। जलाभिषेक को लेकर कतारबद्ध शिवभक्त हाथ में जल फूल, भांग, धतूरा, अक्षत, विल्वपत्र लिए जलाभिषेक को आतुर दिखे। मंदिर में महंत मयंक भाल गिरि की अगुवाई में मंदिर समिति के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सेवा व सुव्यवस्थित जलाभिषेक को लेकर जुटे दिखे। वहीं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन के लोग भी मुस्तैदी से डटे नजर आये।

## सड़क और यातायात नियमों के बारे में किया गया जागरूक



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के कुशल निर्देशन में गुरुवार को क्षेत्र के तीर्थराज समर्था इण्टर कॉलेज पकड़ी में सड़क दुर्घटना रोकने के मद्देनजर जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत यातायात व्यवस्था व वाहन दुर्घटना नियंत्रण टीम द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।उसका बाजार सीसी टीम प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षित चले जीवन बहुमूल्य है,जीवन की सुरक्षा के उद्देश्य से वाहन धीमी गति से चलाए और हेलमेट का प्रयोग करें,नशे में और नींद में वाहन कदापि न चलाएं।वाहन चलाने के पहले ड्राइविंग लाइसेंस बेहद जरूरी है।बच्चों को जागरूक करते हुए उप निरीक्षक ने कहा कि अपनी बाइक पर तीन व्यक्ति कभी भी न बैठाएं और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करें।जागरूकता कार्यक्रम की इसी कड़ी में सीसी टीम के अवनीश कुमार, अंसार अहमद, मुख्य आरक्षी जयप्रकाश कुशवाहा आदि ने बच्चों को जागरूक करते हुए कम उम्र के बच्चों को बाइक न चलाने, हमेशा सड़क व यातायात नियमों का पालन करने, सड़क अपने से बाएं चलने आदि के बारे में जानकारी दिया।

## सुरियावां में तहसील बनाने की मांग तेज

### तहसील निर्माण संघर्ष समिति की बैठक रविवार को, क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील



**भदोही।** सुरियावां तहसील निर्माण संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार दिनांक दो अगस्त को दोपहर 1 बजे सुरियावां नगर स्थित जोधराज तालाब पर बैठक होगी बैठक की जानकारी देते हुए संघर्ष समिति के संरक्षक श्री अशोक सिंह और अध्यक्ष दिनेश यादव 'दादा 'ने बताया कि सुरियावां क्षेत्र में तहसील बनाने की मांग लगभग कई वर्षों से की जा रही है। क्षेत्र के ग्रामीणों और आम जनता को राजस्व, पुलिस और अन्य सरकारी कार्यों के लिए भदोही चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी सरकार ने इस जनहित के मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया। इसी को लेकर समिति लगातार संघर्ष कर रही है। सुरियावां क्षेत्र की जनता को समय और पैसे की बचत के लिए यहां तहसील का होना बेहद जरूरी है। बैठक में आगामी कार्यक्रम की रणनीति पर चर्चा होगी पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में जुटकर तहसील निर्माण संघर्ष समिति को अपना सहयोग प्रदान करें। बैठक में बड़ी संख्या में क्षेत्र के सम्मानित लोग और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# सड़क पर पैचिंग कार्य मानक विहीन करने का आरोप



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत स्थित पुलिस बूथ से सेमरा मोड़ की तरफ क्षतिग्रस्त मार्ग के गड्ढों को मिट्टी व बड़ी गिट्टी से पाटकर ऊपर से तारकोल से पैचिंग का कार्य हो रहा है। लेकिन कार्य को मानक के अनुरूप न कराने का आरोप क्षेत्र के लोगों ने लगाकर कार्रवाई की मांग की है। व्यापार संगठन के महामंत्री दुर्गेश कसौधन, नीलू रूंगटा,दीपक वर्मा, लक्ष्मीकांत गुप्ता,राम किशोर, सुनील कुमार गुप्ता, अजय कुमार कसौधन रविकांत अग्रहरि ,पंकज श्रीवास्तव, गुड्डू पांडेय आशीष कौशल आदि ने निर्माण कार्य पर आपत्ति जताते हुए आरोप लगाकर कहा कि यह महत्वपूर्ण मार्ग है। नगर पंचायत के अलावा कई गांव के नागरिकों का हर दिन आवागमन इस मार्ग से होता रहता है। कहा कि इस मार्ग से कावड़ यात्रियों का जत्था जलाभिषेक करने डोई नदी तट के शिव मंदिर जाते हैं। नवरात्रि में प्रतिमाओं को विसर्जित करने व सावन में शिवमन्दिर पर जलाभिषेक करने श्रद्धालुओं का आना जाना होता है।कहा कि ठीकेदार मनमानी तरीके से निर्माण कार्य करा रहे हैं।

लोगों ने कहा कि गड्ढों में गिट्टियां डालने से पहले तारकोल डाल दिया जाए,तो गिट्टियां नहीं उखड़ेंगी, वरना एक भी बरसात नहीं झेल पाएगी और गड्ढों से गिट्टियां उखड़कर बिखरने लगेंगी। पिछले वर्ष कस्बावासियों ने क्षतिग्रस्त सड़क का चौड़ीकरण निर्माण कार्य कराए जाने को लेकर तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ.राजा गणपति आर को मांगपत्र दिया था। व्यापार संगठन शोहरतगढ़ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि मानक के विपरीत हो रहे निर्माण कार्य जांच कराकर तत्काल कार्य को रोकवाया जाए। कार्य को ठीक ढंग से कराए जाने की मग नगरवासियों ने की है।

## सांप काटने पर झाड़-फूंक नहीं, तुरंत अस्पताल पहुंचें-एडीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** बरसात के मौसम में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य कुमार प्रजापति ने जनपदवासियों के लिए सर्पदंश से बचाव, पहचान, प्राथमिक उपचार एवं उपचार संबंधी विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सावधानी और समय पर उपचार ही सर्पदंश से होने वाली जनहानि को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है। एडवाइजरी में बताया गया है कि भारत में लगभग 270 से अधिक प्रजातियों के सांप पाए जाते हैं, जिनमें से कुछ ही अत्यधिक विषैले होते हैं। इनमें प्रमुख रूप से करैत, कोबरा, रसेल वाइपर और सॉ-स्केल्ड वाइपर को सबसे खतरनाक माना जाता है।

उन्होंने बताया कि सर्पदंश होने पर घबराने के बजाय पीड़ित को शांत रखें, काटे गए अंग को अधिक हिलने-डुलने न दें तथा घाव को साफ पानी और साबुन से धोकर बिना देर किए निकटतम सरकारी अस्पताल पहुंचाएं।

एडवाइजरी में बताया गया है कि भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अस्पतालों में पॉलीवेलेंट एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) उपलब्ध है, जो विषैले सांपों के जहर के उपचार में प्रभावी है। पीड़ित को जितनी जल्दी एंटीवेनम उपचार मिल जाएगा, उसके स्वस्थ होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। जिला प्रशासन ने जनसामान्य से अपील की है कि सर्पदंश की किसी भी घटना में तत्काल 108 अथवा 102 एम्बुलेंस, 112 आपातकालीन सेवा या 1077 जिला आपदा नियंत्रण कक्ष पर संपर्क करें तथा निकटतम पीएचसी/सीएचसी या सरकारी अस्पताल में पहुंचकर चिकित्सकीय उपचार अवश्य प्राप्त करें।

## 5 अगस्त को होगा ओडीओपी प्रशिक्षण चयन

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग एस.एस. रावत ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित ''एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण टूलकिट'' एवं डेयरी प्रोडक्ट्स (खाद्य प्रसंस्करण) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद हेतु चिन्हित आंवला उत्पाद के उत्पाद निर्माण व विकास हेतु 10 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण तथा टूलकिट दिये जाने के लिये आवेदकों से आनलाइन प्राप्त पत्रों का साक्षात्कार 5 अगस्त से उपायुक्त उद्योग की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार पूर्वाह्न 11 बजे से कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, प्रतापगढ़ में सम्पन्न होगा। उपायुक्त उद्योग ने सभी ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

## तहसील परिसर में जलजमाव के चलते कामकाज हुआ प्रभावित

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में बारिश के जलजमाव की समस्या को लेकर गुरुवार को भी कामकाज प्रभावित हुआ दिखा। अदालतों के पहुंच मार्ग तक पानी जमा होने के कारण अधिवक्ताओं ने न्यायिक कामकाज से विरत रहने का निर्णय लिया। वहीं वादकारियों तथा फरियादियों को भी प्रशासनिक कार्यालयों एवं अदालतों तक पहुंचने में कठिनाईयों का सामना करते देखा गया। हालांकि एसडीएम के निर्देश पर परिसर में बरसात के कारण जलजमाव की समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत कार्यदायी संस्था द्वारा बोरिंग का कार्य भी शुरू कराया गया है। जलजमाव के कारण बुधवार को भी तहसील में कामकाज पर विपरित प्रभाव देखा गया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद खान तथा उपाध्यक्ष नामवर सिंह ने गुरुवार को साथियों के साथ एसडीएम से मुलाकात कर समस्या के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। एसडीएम वाचस्पति सिंह ने अधिवक्ताओं को शीघ्र समस्या के निस्तारण का भरोसा दिलाया।

# शिरडी वाले साईं बाबा आया है तेरे दर पे सवाली... साईं बाबा का लगा जयकारा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** शिरडी वाले साईं बाबा आए है तेरे दर पे सवाली...। जय जय साईं नाथ बली, तेरे आगे भला किसकी चली...। रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने वही ये सृष्टि चला रहा है...। इस तरह के भजनों का रस साईं दरबार में बरसा। तालियां खूब बजीं। श्री साईं नारायण संस्थान द्वारा हर साल गुरु पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय साईं नाथ महोत्सव होता है। इसकी दूसरी शाम बुधवार को रात साईं जागरण व झांकियों के मंचन के नाम रही। भजन गायक रविशंकर मिश्रा सहित कई कलाकारों ने अपने भजन की प्रस्तुति दी। मां काली का रौद्र रूप, शिव तांडव का मंचन देख लोग भाव विभोर व रोमांचित हो गए। राधा कृष्ण के प्यार मनुहार की झांकी हर किसी को भक्ति रस में डुबो गई। जब भगवान शिव ने गौरा जी से भांग पीसकर देने का अनुरोध किया तो यह दृश्य लोग आनंदपूर्वक देखते रहे। सुहाने मौसम में तालियां भी बजती रहीं।सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, प्रभात एकेडमी के संस्थापक डॉ. प्रभात शर्मा, पं. राम राज तिवारी सहित कई अतिथियों ने भी कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। साईं नारायण संस्थान के अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ ने कहा कि गुरु के प्रति भक्ति हमें आत्मबल प्रदान करती है। यह कार्यक्रम जनपद की पहचान बन गया है। बाबा के सजे हुए दरबार में देर रात तक कलाकारों ने मंचन किया। इस अवसर पर समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, विनोद सिंह, राकेश साधवानी, संतोष त्रिपाठी निशुल्क, संजय खंडेलवाल, हरिप्रसाद खंडेलवाल, धर्मेंद्र देव शुक्ला, देवव्रत मिश्रा, ऋषभ सिंह, रिंकू सरदार, देवेश सिंह, शिवेंद्र नाथ, उत्कर्ष मिश्रा समेत साईं भक्तों ने कलाकारों को प्रोत्साहित किया।

# विश्व मानव तस्करी विरोध दिवस पर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में हुई कार्यशाला

» छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विश्व मानव तस्करी विरोध दिवस के अवसर पर मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान एवं सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में 'ट्रैफ्ड बिहाइंड द स्कैम' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक प्रशासन विभाग की प्रो. सुनीता त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी आज समाज के सामने गंभीर चुनौती बन चुकी है। सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते उपयोग के साथ अपराधी नए-नए तरीकों से युवाओं को झूठे रोजगार, शिक्षा और विदेश भेजने का लालच देकर अपने जाल में फंसा रहे हैं। इससे बचाव के लिए जागरूकता और सतर्कता सबसे प्रभावी उपाय है। प्रो. हरीश द्विवेदी ने कहा कि मानव तस्करी मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। शिक्षा के माध्यम से युवाओं में सामाजिक चेतना विकसित कर इस अपराध के खिलाफ मजबूत जन-जागरूकता अभियान चलाया जा सकता है। एसएसबी 43वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट सचिन ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में मानव तस्करी की रोकथाम के लिए एसएसबी लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों को देने की अपील की। इस दौरान रविन्द्र सिंह, पंकज कुमार सिंह, श्याम सुन्दर तिवारी, प्रसून कुमार शुक्ल, डॉ. यशवंत यादव, प्रो. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. अविनाश सिंह, डॉ सच्चिदानंद चौबे, डॉक्टर विशाल गुप्ता, डॉक्टर ह्रदयकांत पांडेय, डॉक्टर रविकांत शुक्ला, डॉक्टर जय सिंह यादव, डॉक्टर आभा द्विवेदी, डॉक्टर सरिता सिंह, डॉक्टर मयंक कुशवाहा, डॉक्टर वंदना गुप्ता, डॉ आशीष श्रीवास्तव, डॉक्टर अमरजीत यादव, एमएसईएमवीएस से एमआइएस अभिषेक मिश्रा, तेज नारायण, अशोक विश्वकर्मा, सोनम मोदनवाल, ज्योति सिंह, अमन शर्मा, विजय गहलौत, रामशंकर, हेमन्त गुप्ता, नेपाल के पीआरसी से कल्पना क्षेत्री,एएचटी थाना, साइबर थाना, कपिलवस्तु कोतवाली की पुलिस टीम, एवं विश्वविद्यालय के छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

## दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान




**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार,अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौयरन व क्षेत्राधिकारी यातायात राजकुमार सिंह के निर्देशन में, प्रभारी यातायात अजय कुमार सिंह यादव एवं थानाध्यक्ष लोटन हरिओम कुशवाहा के व सीसी टीम थाना लोटन की संयुक्त नेतृत्व में जेडएफडी योजना के अन्तर्गत चिन्हित दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर कुल दो चेतावनी साइन बोर्ड स्थापित किए गये। इस अभियान के अंतर्गत थाना लोटन पुलिस व यातायात पुलिस की टीम द्वारा लोटन-सोहास मार्ग पर पड़ने वाले अत्यंत संवेदनशील व चिन्हित दुर्घटना बाहुल्य स्थान ग्राम सिंगरहा मोड़ तथा खखरा बुजुर्ग मोड़ पर यातायात चेतावनी साइन बोर्ड स्थापित किए गए। इन साइन बोर्डों के माध्यम से कृपया वाहन धीरे चलाएं आगे बाएं मोड़ है जैसे जीवन रक्षक संदेश प्रदर्शित किए गए हैं।ताकि वाहन चालक पहले से सतर्क होकर सुरक्षित आवागमन कर सकें।

# उद्योग बंधु बैठक में योजनाओं की समीक्षा

» निवेश मित्र पोर्टल के लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण एवं स्वीकृत ऋण प्रकरणों का तत्काल वितरण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) ऋण योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा), एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना सहित विभिन्न औद्योगिक एवं स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही निवेशकों एवं उद्यमियों की विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं तथा पीएलईडीजीई (PLEDGE) निजी औद्योगिक पार्क विकास योजना की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुसार निवेशकों एवं उद्यमियों को पारदर्शी, सरल एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद को 169 लाभार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके सापेक्ष अब तक 117 आवेदन विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए जा चुके हैं। इनमें 23 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जा चुका है, 19 आवेदन स्वीकृत हैं तथा 113 आवेदन विभिन्न बैंकों में लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना को शासन की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सहित सभी संबंधित बैंकों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने तथा स्वीकृत आवेदनों पर तत्काल ऋण वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) ऋण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद को 50 लाभार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके सापेक्ष 58 आवेदन विभिन्न बैंकों को भेजे गए हैं, जिनमें 11 आवेदन स्वीकृत तथा 13 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जा चुका है। शेष लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा संबंधित बैंकों को दिए गए। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के अंतर्गत सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग ने उपस्थित उद्यमियों एवं व्यापारी बंधुओं को एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना एवं एक जनपद एक व्यंजन विपणन प्रोत्साहन योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। जिला व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों द्वारा उठाई गई विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) हरेंद्र कुमार, उपायुक्त उद्योग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगरीय निकाय, पूर्ति विभाग के अधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि तथा उद्यमी एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्राः मया-टांडा मार्ग पर आरओबी कार्य शुरू






» दो दिन में सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** शासन के मंशानुसार अनुरूप श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा-2026 के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध आवागमन की सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर जनपद के समस्त चिन्हित कांवड़ मार्गों पर आवश्यक सुधार, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं प्राथमिकता पर कराई जा रही हैं। इसी क्रम में मया-टाण्डा मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे ऊपरिगामी पुल (आरओबी) के पहुंच मार्ग का स्थलीय निरीक्षण सौरभ सिंह, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, अम्बेडकरनगर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान पहुंच मार्ग पर सुधार कार्य प्रगति पर पाया गया।

निरीक्षण उपरान्त अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग द्वारा सेतु निगम के सहायक अभियन्ता से वार्ता कर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार निर्माण कार्य में आवश्यक तेजी लाने और आगामी दो दिवस के भीतर पहुंच मार्ग का आवश्यक सुधारीकरण पूर्ण करते हुए इसे कांवड़ यात्रियों के सुरक्षित, सुगम एवं निष्कंटक आवागमन के लिए पूर्णतः उपयोगी बनाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए है कि कांवड़ यात्रा से संबंधित सभी चिन्हित मार्गों पर गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ आवश्यक कार्य पूर्ण किए जाएं, और सुनिश्चित करें कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा शासन की मंशा के अनुरूप कांवड़ यात्रा सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सकुशल संपन्न कराएं।

# बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, मारपीट के बाद तमंचा लहराने का वीडियो वायरल

» रजनीखेड़ा गांव में दो पक्षों में बवाल, फायरिंग के आरोप; वायरल वीडियो की जांच में जुटी पुलिस




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के रजनीखेड़ा गांव में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। विवाद के बाद तमंचा लहराने तथा कथित फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे लोगों की पहचान कर पूरे मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार बुधवार देर शाम रजनीखेड़ा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले आई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। मारपीट में दिलाकर लोध घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

क्षेत्राधिकारी नगर विनी सिंह ने बताया कि बच्चों के विवाद के बाद दोनों परिवारों में मारपीट हुई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे तमंचा लहराने और मारपीट के वीडियो की जांच की जा रही है। वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर एक महिला ने आरोप लगाया कि बच्चों के झगड़े के बाद पुरानी रंजिश के चलते दूसरे पक्ष के लोग बड़ी संख्या में उनके घर पहुंचे।

पहले ईंट-पत्थर चलाए गए और उसके बाद फायरिंग की गई। महिला का दावा है कि फायरिंग में उसके एक परिजन के हाथ में गोली लगी, जबकि दूसरी गोली सीने के पास से निकल गई। महिला ने कई लोगों पर जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि फायरिंग के आरोपों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। मेडिकल रिपोर्ट, घटनास्थल से मिले साक्ष्य, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और वायरल वीडियो के आधार पर निष्पक्ष जांच की जा रही है। यदि जांच में फायरिंग अथवा अवैध हथियार के प्रयोग की पुष्टि होती है तो संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

## बीआरसी डीघ में मेडिकल असेसमेंट कैंप, 25 बच्चों के बने दिव्यांगता प्रमाण पत्र



**ज्ञानपुर, भदोही।** समग्र शिक्षा अभियान के समेकित शिक्षा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बीआरसी डीघ में दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट कैंप आयोजित किया गया। कैंप में कुल 39 दिव्यांग बच्चों का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया, जिनमें से चिकित्सकों की मेडिकल बोर्ड टीम ने 25 बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए। कैंप में ऑर्थोपेडिक सर्जन डा. हरिओम ने अस्थि संबंधी 9, आई सर्जन डा. सुरेंद्र कुमार ने दृष्टिबाधित 5 तथा मानसिक रोग विशेषज्ञ डा. दिनकर प्रसाद एवं नैदानिक मनोवैज्ञानिक डा. अशोक पारसर ने बौद्धिक दिव्यांगता (आईडी) से संबंधित 11 बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया। वहीं ईएनटी सर्जन डा. दीप्ति पांडेय ने दो बच्चों को श्रवण जांच के लिए बीएचयू रेफर किया। कैंप के दौरान सीएमओ कार्यालय की प्रिया श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज सिंह, फिजियोथेरेपिस्ट डा. जेपी सिंह, स्पेशल एजुकेटर सत्येंद्र कुमार द्विवेदी, संवर्त मिश्रा, राजेश पांडेय, देवराज मिश्र एवं रामप्रवेश पांडेय ने सहयोग प्रदान किया।

# संदिग्ध मौत से हड़कंपः विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

» मायके पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

» दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर हत्या का आरोप, पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों का हंगामा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के हिंदूखेड़ा गांव में 24 वर्षीय विवाहिता पूनम का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मायके पक्ष ने दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है। घटना के बाद पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों ने हंगामा किया और शीशे तोड़ दिए, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। मृतका के पिता राम प्रसाद निवासी पड़री कला, थाना अचलगंज ने बताया कि वर्ष 2021 में उनकी बेटी पूनम की शादी हिंदूखेड़ा निवासी प्रदीप के साथ हुई थी। आरोप है कि करीब आठ दिन पहले दामाद ने दो लाख रुपये की मांग की थी। मांग पूरी न होने पर पूनम की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया। मृतका की मां ने भी ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने पति प्रदीप, सास राजदुलारी, जेठ गुड्डू, जेठानी शैलू तथा विवाहित ननद ज्योति और लक्ष्मी सहित छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि पूनम अपने पीछे चार छोटे बच्चों को छोड़ गई है।

**पोस्टमार्टम हाउस में हंगामा** गुरुवार शाम पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने आक्रोशित होकर हंगामा किया और शीशे तोड़ दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया।

**पुलिस का पक्ष** थानाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने बताया कि महिला के फांसी लगाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मायके पक्ष से तहरीर मिलने पर नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर जांच की जाएगी।

## कांवड़ियों को न हो परेशानी कानपुर कमिश्नरेट पुलिस हुई अलर्ट



**कानपुर।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा में कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए कानपुर कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह से सजग हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जनपदों को यह निर्देश भी दिए है। पुलिस प्रशासन एलर्ट मोड पर आकर सभी तरह की व्यवस्थाओं को परख रहा है। जो कांवड़िए बाहर से कानपुर की तरफ आ रहे हैं उनके लिए रुट व्यवस्था देखी जा रही है। दूसरी तरफ यातायात में भी कोई परेशानी न आये इस तरह से रूट डायवर्ट किया जा रहा है। आज श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा द्वारा रामादेवी चौराहा एवं जाजमऊ क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त यातायात कपिल देव सिंह भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, डायवर्जन, पार्किंग, सीसीटीवी मॉनिटरिंग एवं पुलिस बल की तैनाती सहित समस्त सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया गया।अधिकारियों एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बनाए रखें, यातायात को निर्बाध संचालित करें, आपातकालीन सेवाओं के आवागमन में बाधा न आने दें तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से त्वरित एवं प्रभावी ढंग से निपटने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### अलग-अलग स्थानों पर सर्पदंश की चार घटनाएं, सभी घायलों को किया गया हजारीबाग रेफर

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अलग-अलग सर्पदंश की घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सर्पदंश के शिकार होने वालों में कटियान निवासी नरेश सिंह (70) पिता स्व. लालो सिंह, देवचंदा निवासी कुंती देवी (40) पति उदय सिंह, रालो निवासी रामेश्वर यादव (60) तथा करीपहरी (चौपारण) निवासी हरि दास पिता रूपण रविदास शामिल हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सभी मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया गया। प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन्हें बेहतर उपचार एवं निगरानी के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि की संभावना को देखते हुए लोगों से खेतों, बगीचों और झाड़ियों में कार्य करते समय विशेष सावधानी बरतने तथा सर्पदंश होने पर किसी प्रकार के झाड़-फूंक के बजाय तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचने की अपील की है।

### ओएसआर पोर्टल एवं राजस्व स्रोतों की वृद्धि पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**नीमगांव खीरी।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत गुरुवार को विकास खंड मितौली सभागार में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। जहां सहायक विकास अधिकारी ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।प्रशिक्षण का विषय 'जनपद खीरी में ओएसआर (OSR) पोर्टल एवं राजस्व स्रोतों में वृद्धि' रहा। जनपद पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) के तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत सहायक के स्थानीय राजस्व स्रोतों में वृद्धि, ओएसआर पोर्टल के प्रभावी संचालन तथा पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं पंचायतों की आय बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण में विकास खंड के संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत सहायक ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सचिव धीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार एवं मेघना सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पीड़ित पिता ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

पांच साल तक फर्जी मार्कशीट जारी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पिता ने बच्चे को साथ लेकर जिला अधिकारी से न्याय की गुहार की है। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने तत्काल मामले को दिखवाने का आश्वासन दिया है। मामला सिंगाही कस्बे का है। यहां के निवासी आकाश सिंह ने जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मुख्य मंत्री को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनका बेटा पांच साल से सिंगाही पब्लिक स्कूल सिंगाही में पढ़ता है। कक्षा 1 से लेकर पांच तक शिक्षा पूरी कर ली। मार्च 2026 में उसने अपने बेटे की टीसी लेकर दूसरे विद्यालय में नाम लिखवाया। आकाश सिंह का आरोप है कि विद्यालय ने उनके बच्चे की फर्जी टीसी दे दी। जब उसको लेकर वह नाम लिखाने गया तो वहां मना कर दिया गया। पेन नंबर बनवाने के नाम पर विद्यालय संचालक ने 29400 रुपए लिए। इसके बाद भी फर्जी पेन नंबर टीसी पर लिख कर मामला टरका दिया। पेन नंबर लिखी टीसी से दूसरे विद्यालय में दाखिला तो हो गया लेकिन तीन माह बाद जब दूसरे विद्यालय को टीसी फर्जी मिली तो वहां से बच्चे का नाम काट कर उसको घर भेज दिया गया।

# 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली और 200 यूनिट मुफ्त बिजली सुनिश्चित करने के निर्देश

## ऊर्जा व्यवस्था को हाईटेक बनाने पर मुख्यमंत्री का जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रांची, झारखंडः-** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में ऊर्जा विभाग के अद्यतन कार्यों एवं योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होंने विभिन्न जिलों के उपायुक्तों से संवाद कर बिजली आपूर्ति, पावर ग्रिड निर्माण, ट्रांसमिशन नेटवर्क और अन्य समस्याओं की जानकारी ली तथा इनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को राज्य में 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, बिजली कटौती की समस्या का स्थायी समाधान करने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**पात्र उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी पात्र उपभोक्ताओं को 200 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना का लाभ प्रभावी और पारदर्शी तरीके से मिले। उन्होंने लाभुकों की पहचान, योजना के क्रियान्वयन और शिकायतों के निवारण की नियमित निगरानी करने को कहा, ताकि कोई पात्र उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए योजना को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया।

**24 घंटे में बदले जाएं जले ट्रांसफार्मर**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ट्रांसफार्मर जलने की स्थिति में 24 घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाए, ताकि आम लोगों को लंबे समय तक बिजली संकट का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया।

**रांची में तीन नए स्मार्ट ग्रिड**

राजधानी रांची में बिजली व्यवस्था को और आधुनिक एवं मजबूत बनाने के लिए कुसई कॉलोनी, बरियातू और इटकी में तीन नए स्मार्ट ग्रिड स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा कई नए विद्युत उपकेंद्र भी बनाए जाएंगे। स्मार्ट ग्रिड के माध्यम से बिजली वितरण प्रणाली को आधुनिक तकनीक से लैस किया जाएगा। इससे बिजली आपूर्ति की निगरानी, लोड प्रबंधन, ऊर्जा हानि में कमी और तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने तथा गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**जलविद्युत, फ्लोटिंग और रूफटॉप सोलर पर जोर**

मुख्यमंत्री ने झारखंड में उपलब्ध जल संसाधनों, जलाशयों और जलप्रपातों से जलविद्युत उत्पादन की संभावनाओं का वैज्ञानिक एवं तकनीकी अध्ययन करने का निर्देश दिया। हुंडरू और जोन्हा सहित विभिन्न जलप्रपातों एवं जलाशयों की क्षमता का आकलन कर कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। सिकिदिरी जलविद्युत परियोजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने पुरानी और नई मशीनों की कार्यक्षमता का तुलनात्मक अध्ययन करने तथा आधुनिक एवं ऊर्जा दक्ष तकनीकों के इस्तेमाल की संभावनाओं पर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कम जल उपयोग में अधिकतम बिजली उत्पादन और भविष्य में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना बनाने को कहा। इसके साथ ही जलाशयों में फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं तथा सरकारी एवं निजी भवनों पर रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। बंजर और अनुपयोगी भूमि पर सोलर फार्मिंग को प्रोत्साहित कर किसानों की आय बढ़ाने की संभावनाओं पर भी काम करने को कहा गया।

**ट्रांसमिशन नेटवर्क को आधुनिक बनाने पर जोर**

मुख्यमंत्री ने पारंपरिक चार पोल आधारित संरचनाओं के स्थान पर जरूरत के अनुसार मोनोपोल जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने शहरी एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कम भूमि घेरने वाली तकनीक के इस्तेमाल और सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन का निर्देश दिया। बोकारो, धनबाद और हजारीबाग के उपायुक्तों तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत कर ट्रांसमिशन लाइन एवं ग्रिड निर्माण में आ रही भूमि और वन स्वीकृति संबंधी बाधाओं की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने संबंधित समस्याओं का समन्वय के साथ अगले 10 दिनों में समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# खड़े डंपर में घुसी पिकअप, सगे दो भाइयों की मौत

## दोनों भाई हैं कोंच निवासी, पशुओं का करते थे व्यापार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे में कोंच निवासी सगे दो भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा जिला जालौन के कुठौंद थाना क्षेत्र में हुआ, जहां तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे पर खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सगे दोनों भाइयों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय सईद और 25 वर्षीय नसीर पुत्रगण शरीफ कुरैशी निवासी आराजीलेन कोंच के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, उक्त दोनों भाई पिकअप में सवार होकर कोंच से इटावा के परशुपुरा बाजार भैंस खरीदने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर ओवरटेक करने के प्रयास में पिकअप बेकाबू हो गई और सड़क पर खड़े डंपर में पीछे से जा भिड़ी। हादसे में पिकअप चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य में लग गई। घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जबकि दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की गई। वहीं एक साथ दो सगे भाइयों की मौत की खबर जैसे ही उनके घर पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। मृतक सईद के 5 और नसीर के 2 बच्चे हैं। फिलहाल पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### पलिया कलां- से लगभग 60 श्रद्धालुओं का कांवड़ यात्रा दल बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना

**पलिया कलां-** खीरी से लगभग 60 शिवभक्तों का कांवड़ यात्रा दल बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) के लिए श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रवाना हुआ। यात्रा से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने प्राचीन पाण्डे बाबा मंदिर में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता आलोक मिश्रा भइया ने सभी कांवड़ यात्रियों को मंगलमय, सुरक्षित एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएँ दीं। श्रद्धालु श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन कर सुल्तानगंज से पवित्र गंगाजल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक करेंगे। पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव ', 'बोल बम ', 'नमः शिवाय ', 'जय बाबा बैद्यनाथ' के गगनभेदी जयघोषों से भक्तिमय हो उठा।

# गुरु पूर्णिमा पर संकट मोचन धाम में भजन-कीर्तन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंड;-** सिद्धपीठ कालिधाम पथरोल स्थित संकट मोचन धाम में बुधवार की संध्या आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) के अवसर पर भव्य भजन-कीर्तन, हनुमान जी की महाआरती तथा खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। मंदिर प्रबंधन समिति के अनुसार, संकट मोचन धाम में वर्ष 2002 से प्रत्येक पूर्णिमा पर भक्तों के सहयोग से महाआरती, भजन-कीर्तन एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। इसी क्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्वर्गीय गुरुवर सुधीर पाठक की तस्वीर पर श्रद्धापूर्वक गुरु पूजन किया गया। इसके बाद संकट मोचन परिवार की ओर से श्रद्धालुओं के बीच हनुमान चालीसा की पुस्तिकाओं का वितरण किया गया और भजन-कीर्तन का शुभारंभ हुआ। मंदिर के पुजारी पंडित गौतम पाठक ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। भजन गायक लालटू पाल, दिवाकर लाल यादव एवं रामजी रवानी ने अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। नाल पर गिरिधारी जी एवं मदन रवानी, पैड पर सुरेश पंडित तथा बेंजो पर जटल जी सहित अन्य कलाकारों ने भी



अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को सफल बनाया। मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा पर भक्तों के स्वैच्छिक सहयोग से भजन संध्या एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है और यह धार्मिक परंपरा वर्षों से निरंतर जारी है। इस अवसर पर श्याम सिंह, मुकेश मिश्रा, महेंद्र तिवारी, संतोष पांडेय, दिनेश दास, किशुन साह, राम भोक्ता, प्रमोद झा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में माधो मंडल, उपेंद्र रवानी, सुरेंद्र दास, पंचू शर्मा, अजय रवानी, कारू रवानी, राजकिशोर, गुणधार मंडल, महेंद्र विश्वकर्मा, कामदेव रवानी, जग्गू रवानी, जटाशंकर राउत, सुबास पोद्दार, कामदेव महतो, गुड़ा पंडित, वरुण बावरी, बलदेव रवानी, मनोज यादव, हीरो यादव सहित सभी ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

### ताला तोड़ उत्क्रमित मध्य विद्यालय केंदुवा में चोरी, एमडीएम के बर्तन व दस्तावेजों से की छेड़छाड़

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय केंदुवा में बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय भवन का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर वर्मा ने नारायणपुर के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) एवं स्थानीय थाना को लिखित आवेदन देकर दी है। प्रधानाध्यापक के अनुसार, चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) में उपयोग होने वाले चूल्हा, डैग, थाली, डेकची सहित अन्य आवश्यक सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा विद्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को बिखेरकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

# चेक डेम, सिंचाई कूप एवं पुष्करों में जल जमाव से प्रखण्ड के कृषकों में दिखा हार्दिक उल्लास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** इस वर्ष 'अल नीनो' के कारण मानसून की वर्षा में विलम्ब होने का असर पाकुड़ जिला के पाकुड़िया प्रखण्ड में भी देखा गया। हालांकि, पाकुड़िया प्रखण्ड में मई और जून के महीने में रुक-रुक कर हल्की बारिश होने से भूमि में नमी रहने पर कृषकों ने खेतों की जुताई की और समय पर रोहण नक्षत्र तथा इसके बाद भी किसानों ने खेतों में धान के बीज डाल दिए। यद्यपि समय पर खेतों में बीज डालने के बाद पौधे तैयार हो गए, लेकिन वर्षा नहीं होने से कृषकों की चिंता बढ़ती दिखी। वहीं, पाकुड़िया प्रखण्ड के डोमनगड़िया, जामसोल व अन्य गांवों की सबसे निचली भूमि में रुक-रुक कर हुई हल्की बारिश का पानी जमा रहने पर किसानों ने 10 जुलाई से धान रोपनी प्रारम्भ की। इसके बाद मानसून सक्रिय होने पर छिटपुट वर्षा होती रही। पाकुड़िया में 30 जुलाई तक 265.2 मिमी वर्षापात हुआ है, जबकि सर्वाधिक 37.2 मिमी वर्षा 30 जुलाई को दर्ज की गई। इन दिनों पाकुड़िया प्रखण्ड के सभी ग्रामीण क्षेत्रों की ऊपरी, मध्यम एवं निचली भूमि में वर्षा का पर्याप्त जल भरा है तथा कृषक धान रोपनी में तेजी से जुटे हैं। एक अनुमान के आधार पर कृषकों का मानना है कि 30 जुलाई तक 60 प्रतिशत से अधिक धान रोपनी हो चुकी है। किसानों का कहना है कि यदि इसी प्रकार वर्षा होती रही तो धान की रोपनी शत-प्रतिशत पूरी हो जाएगी। साथ ही चेक डेम, छोटे-बड़े तालाबों और नदियों में वर्षा का पानी जमा रहने से रबी एवं विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती करने में भी सुविधा होगी। आकलन के आधार पर बताया जा रहा है कि इस वर्ष सम्भवतः 15 अगस्त तक धान की रोपनी समाप्त हो सकती



है। पिछले वर्ष 2 सितम्बर को धान रोपनी का समापन हुआ था। पाकुड़िया प्रखण्ड की नदियों में वर्षा का जल संग्रहित होने के साथ-साथ बीच पहाड़ी गांव के पक्का डेम, सिंचाई कूपों और तालाबों में भी पर्याप्त जल भर गया है, जिससे प्रखण्ड के किसानों में प्रसन्नता की झलक साफ देखी जा रही है। कृषकों को आशा है कि वर्षा के मौसम में डेम, कूप, तालाब तथा नदियों में पर्याप्त जल संग्रहित होगा, जिससे किसान वर्ष भर लाभान्वित होंगे।

# शिक्षा जगत के प्रेरणास्रोत सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बिजैया निवासी क्षेत्र के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं सेवानिवृत्त शिक्षक छत्रु महतो का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से शिक्षा जगत, सामाजिक क्षेत्र तथा पूरे इलाके में शोक की लहर व्याप्त है। उनके व्यक्तित्व, कर्तव्यनिष्ठा और सादगी को लंबे समय तक याद किया जाएगा। स्वर्गीय छत्रु महतो ने अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत मध्य विद्यालय झुमरा से की और लगभग 25 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएँ दीं। वे 2003 में सेवानिवृत्त हुए। अपने पूरे कार्यकाल में उन्होंने अनुशासन, नैतिक मूल्यों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके मार्गदर्शन में पढ़े अनेक छात्र आज प्रशासनिक सेवा, पुलिस, शिक्षा, सेना, चिकित्सा, इंजीनियरिंग तथा अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में देश की सेवा कर रहे हैं। वे केवल एक शिक्षक ही नहीं, बल्कि समाज के सच्चे मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत थे। शिक्षा के प्रसार, सामाजिक सद्भाव, जनजागरण तथा जनहित के कार्यों में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। उनके सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और सेवा भावना ने उन्हें समाज में विशिष्ट पहचान दिलाई। स्वर्गीय छत्रु महतो अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके एक पुत्र एवं छः पुत्रियाँ हैं। उनके सुपुत्र चंद्रशेखर आजाद वर्तमान में डीएसपी के पद पर कार्यरत हैं और अपने पिता के आदर्शों को आगे बढ़ा रहे हैं। दिवंगत शिक्षक का अंतिम संस्कार आज 30 जुलाई,2026 को पैतृक गांव बिजैया में पूरे सामाजिक सम्मान के साथ संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी



श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने आदर्श जीवन, उत्कृष्ट शिक्षण और समाज सेवा के लिए स्वर्गीय छत्रु महतो सदैव लोगों के हृदयों में अमर रहेंगे। शोक व्यक्त करने वालो में अल्पसंख्यक कल्याण महा समिति अध्यक्ष मो कैयूम, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता रघु मोदी, सहदेव शर्मा, सुनील प्रसाद, सूरेश कुशवाहा, लोकेश प्रसाद, उमेश प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, रवि प्रसाद, शशि प्रसाद, केदार यादव, लक्ष्मण प्रसाद, उमेश, किशोर, दशरथ प्रसाद, मुकेश सहित अन्य शामिल है।

# एनसीसी भर्ती प्रक्रिया संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** एसआरपी इंटर कॉलेज में गुरुवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की 58 बटालियन उरई के तत्वावधान में जूनियर डिवीजन प्रथम वर्ष की भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। भर्ती में संबंधित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता और स्वास्थ्य परीक्षण सहित दस्तावेजों का सत्यापन निर्धारित मानकों के अनुसार कराया गया। भर्ती प्रक्रिया में कुल 47 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिनमें से 25 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। अभ्यर्थियों की फिटनेस, अनुशासन, शारीरिक क्षमता एवं अन्य आवश्यक मानकों का बारीकी से परीक्षण किया गया ताकि योग्य और सक्षम कैडेटों का चयन सुनिश्चित किया जा सके। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच के चिकित्सक डॉ. राजेश निरंजन ने अभ्यर्थियों का परीक्षण किया। नेत्र परीक्षण में ओटी टेक्नीशियन सर्वेश कुमार ने सहयोग दिया। स्टाफ नर्स दीपा, आईसीटीसी की रेखा कुशवाहा, सुनीता ने भी भर्ती प्रक्रिया को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष



पोरवाल एवं एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट विजय वर्मा ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि एनसीसी अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रभक्ति, सेवा भावना और आत्मविश्वास का विकास करती है, इससे युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से एनसीसी से जुड़कर देश सेवा के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व को निखारने का आह्वान किया। भर्ती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में 58 बटालियन उरई के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रसन्ना सेन के निर्देशन में एनसीसी यूनिट के नायब सूबेदार मनोहर सिंह, हवलदार हीरेंद्र सिंह, हवलदार नवीन कुमार आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### फटी हुई सड़क की साइडों को ठेकेदार ने भरवाया, लेकिन मुख्य मार्ग आज भी बदहाल

**मितौली।** मजदूरों का सहारा अखबार द्वारा सीतापुर-कस्ता मार्ग से मुरासा की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग पर निर्माणाधीन पुल के पास सड़क की फटी हुई साइडों और राहगीरों को हो रही परेशानी का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद निर्माण एजेंसी हरकत में आ गई। समाचार प्रकाशित होते ही ठेकेदार ने सड़क की फटी हुई साइडों को मिट्टी डालकर भरवा दिया, जिससे तत्काल खतरा कुछ हद तक कम हुआ। हालांकि, यह कार्रवाई केवल अस्थायी राहत साबित हुई। वास्तविकता यह है कि सीतापुर-कस्ता मार्ग से मुरासा की ओर जाने वाला संपर्क मार्ग आज भी पूरी तरह जर्जर है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी सतह और बरसात के कारण जलभराव से वाहन चालकों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल सड़क की साइडें भर देने से समस्या खत्म नहीं होगी, बल्कि पूरे मार्ग की गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराना जरूरी है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग की जल्द मरम्मत कराकर लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। 'मजदूरों का सहारा' जनहित से जुड़े इस मुद्दे को आगे भी प्रमुखता से उठाता रहेगा।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए दिवंगत पत्रकार रमेश तिवारी


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** नामचीन वरिष्ठ पत्रकार, बुंदेली संस्कृति एवं लोककला संवर्धन संस्थान के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ रंगकर्मी व रामलीला विशेषज्ञ स्व. रमेश तिवारी को उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। जरूरतमंदों को नित्य प्रति भोजन कराने वाली सामाजिक संस्था दरिद्र नारायण सेवा समिति आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने समाज के प्रति उनके योगदान के अलावा पत्रकारिता व सांस्कृतिक क्षेत्रों में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर परिजनों ने तमाम बेसहारा जरूरतमंदों को भोजन भी कराया। नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था दरिद्र नारायण सेवा समिति आश्रम में गुरुवार को पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सरिता वर्मा की अध्यक्षता, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन व विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य तथा पूर्व बार संघ अध्यक्ष द्वय विज्ञान विशारद सीरौठिया, विनोद अग्निहोत्री, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ब्रजेश बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार के विशिष्ट आतिथ्य में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। लोगों ने स्व. रमेश तिवारी को बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताते हुए कहा कि वे साधु स्वभाव के ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने सकारात्मक सोच के साथ जीवन के हर क्षेत्र में काम किया। एक साथ चार पीढ़ियों से दोस्ताना व्यवहार बना कर रखना किसी विरले व्यक्तित्व की क्षमता हो सकती है और उनकी यही विशेषता उन्हें दूसरों की पांत से अलग करने के लिए काफी है। संचालन संस्था के संयोजक कढोरेलाल यादव ने किया। इससे पूर्व दिवंगत तिवारी के भाइयों कृष्णकांत तिवारी, हरिश्चंद्र तिवारी, राघवेंद्र तिवारी और उनके परिजनों ने सैकड़ों जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस दौरान मोहम्मद अहमद, प्रभुदयाल गौतम, प्रियाशरण नगाइच, अनिल वैद एड, रामकिशोर पुरोहित, प्रधान विरगुवां रवि गौतम, आनंद दुवे, मोहनदास नगाइच, रुचिर नायक, सभासद/सपा नगर अध्यक्ष अमित यादव, सभासद रघुवीर कुशवाहा, लकी दुवे, संतोष तिवारी, भास्कर माणिक, महावीर यादव, राजा नगाइच, शिवांग दुवे, सुशील दूरवार, जगराम परिहार बाबूजी, योगेंद्र यादव प्रबंधक अमरचंद विद्यालय, मोहन यादव डंपी, नासिर खान, प्रधव मिश्रा एड, रंजन



गोस्वामी, शकील राईन, जीतू विरगुवां, धर्मेंद्र बबेले, अभिषेक रिछारिया, गौरव तिवारी, अनिल पटेरिया, दंगल सिंह यादव, राजा निरंजन, आनंद अग्रवाल, आवेश जाटव, गोपाल शुक्ला, विजय अवस्थी, विपिन निरंजन, शिव सिंह कुशवाहा, गीतेश शर्मा, अन्नू त्रिपाठी, अखिलेश बबेले, केशव बबेले, जाहिद, राजीव अग्रवाल आदि सहित नगर के पत्रकारगण मौजूद रहे।

### तीन माह बाद अपहरण-हत्याकांड का खुलासा




**उरई (जालौन)।** उरई कोतवाली पुलिस ने करीब तीन माह पहले हुए चर्चित विजेंद्र मोर अपहरण एवं हत्याकांड का खुलासा करते हुए 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी मोहित मलिक और उसकी पत्नी सपना रानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हमीरपुर के जलालपुर थाना क्षेत्र स्थित कूपरा जंगल से मृतक के अधजले शव के अवशेष भी बरामद किए हैं। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि 4 मई 2026 को हरियाणा के जींद निवासी विजेंद्र सिंह मोर का उरई कोतवाली क्षेत्र के रिनिया गांव स्थित एक ट्यूबवेल से अपहरण कर लिया गया था। आरोप है कि आरोपियों ने उनकी हत्या कर शव को कूपरा जंगल में ले जाकर डीजल डालकर जला दिया, ताकि साक्ष्य नष्ट किए जा सकें। जांच में सामने आया कि घटना की साजिश में हरियाणा के जींद निवासी आजाद सरपंच और सपना रानी की भी भूमिका थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने 29 जुलाई को कदौरा थाना क्षेत्र के चितैला फार्म हाउस से मोहित मलिक और सपना रानी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद मोहित की निशानदेही पर पुलिस ने जंगल से अधजला कंकाल और चादर का टुकड़ा बरामद किया, जिन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि मृतक के सपना रानी से पहले संबंध थे। बाद में सपना ने मोहित मलिक से विवाह कर लिया था। पुलिस के अनुसार मृतक दोनों को लगातार धमकियां देता था। साथ ही मृतक और आजाद सरपंच के बीच करोड़ों रुपये की जमीन के लेनदेन को लेकर विवाद भी चल रहा था। पुलिस का आरोप है कि बकाया भुगतान से बचने के लिए हत्या की साजिश रची गई थी। पुलिस के अनुसार घटना से करीब 15 दिन पहले आरोपियों ने घटनास्थल की रेकी भी की थी। मामले में फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। इस हत्याकांड की जांच के दौरान 5 मई 2026 को हरियाणा के नूंह में आरोपियों की तलाश के लिए गई उरई पुलिस टीम की गाड़ी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई थी। हादसे में दो उपनिरीक्षक, दो आरक्षी तथा वादी अमरीक सिंह के चालक की मृत्यु हो गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### घाटमपुर में अधूरा सुलभ शौचालय बना विज्ञापन का अड्डा

**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर के मूसानगर रोड पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी के पास नगर पालिका परिषद द्वारा सुलभ शौचालय का काम अधूरा है इसके बावजूद शौचालय की दीवारों पर विज्ञापनो की पेंटिंग शुरू हो गई,, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी रोष है जबकि प्रतिदिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सैकड़ों मरीज़ पहुंचते हैं यह शौचालय जन सुविधा के लिए बनाया जा रहा है, लेकिन इसका निर्माण पूरा नहीं हुआ है,,अधूरे शौचालय के कारण उन्हें खुलें में शौच करने,य अन्य स्थानों पर भटकनें के लिए मजबूर होना पड़ रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि पालिका प्रशासन का ध्यान जनहित के कार्यो को पूरा करने के बजाय विज्ञापनों से राजस्व कमानें पर अधिक हैं, बिना हैंड ओवर और निर्माण कार्य पूरा हुए सरकारी संपत्ति का व्यावसायिक उपयोग नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है लोगों का कहना है कि ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की कथित मिली भगत के कारण निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है जबकि विज्ञापनों का का काम तेज़ी से चल रहा है स्थानीय जनता ने नगरपालिका परिषद के उच्च अधिकारियों और जिला प्रशासन से सवाल किया कि अधूरी सरकारी बिल्डिंग पर विज्ञापन लगानें की अनुमति किस अधिकारी ने और क्यों दी, उन्होंने लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार और कनिष्ठ अभियन्ताओ के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की हैं।

### पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना घाटमपुर क्षेत्र में बुधवार देर रात तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी हादसे के बाद पिकअप भी अनियंत्रित होकर पलट गई, गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे म्रत घोषित कर दिया, आपको बताते चलें कि घाटमपुर थाना क्षेत्र के परास गांव निवासी रामचंद्र 30 वर्ष मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करतें थे परिवार में पत्नी और डेढ़ वर्षीय बेटी हैं उसके बड़े भाई हरबंश लाल मुगल रोड स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम करते हैं जानकारी के अनुसार बुधवार की रात रामचंद्र अपने बड़े भाई से मिलने ईंट भट्ठे पर गए थें वहां से रात करीब 11 बजें वह साइकिल से घाटमपुर स्थिति अपनी बहन के घर जा रहा था, जैसें ही वह परास गांव के मोड़ पहुंचे,, पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप भी अनियंत्रित होकर मुग़ल रोड पर पलट गई हादसे में रामचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए, राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर और एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर भेजा,, जहां डॉक्टरों ने उन्हें म्रत घोषित कर दिया,, पुलिस ने परिजनों देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हादसे के बाद क्रेन की मदद से पल्टी पिकअप को सडक से हटाकर यातायात सामान्य कराया गया पुलिस मामले की जांच कर रही है, घाटमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,, परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### अपर पुलिस महानिदेशक ने की अपराध समीक्षा

**कानपुर।** अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जोनल कार्यालय में अपराध एवं कानून-व्यवस्था, आगामी पर्व एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। गोष्ठी में आकाश कुलहरि, पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी भी उपस्थित रहे।

# 2020 दंगा मामले में भगवंत मान की बढ़ीं मुश्किलें,मुख्यमंत्री से मांगा जवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंडीगढ़।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अन्य आम आदमी पार्टी के नेताओं से चंडीगढ़ प्रशासन की एक याचिका पर जवाब तलब किया है। याचिका में हाई कोर्ट द्वारा 2020 के दंगा मामले को रद करने के फैसले को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने मान और आप के नेताओं हरपाल सिंह चीमा, गुरमीत सिंह, मीत हेयर, बलजिंदर कौर, अमन अरोड़ा और अन्य को नोटिस जारी किए। एडिशनल सालिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि यह गैरकानूनी तरीके से एकत्रित होने और बल प्रयोग का मामला था, जिस कारण संज्ञेय अपराध हुआ, लेकिन हाई कोर्ट ने इसे पूर्णतः गलत आदेश में रद कर दिया।

राजू की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने मान और अन्य को नोटिस जारी किए। 21 जुलाई को शीर्ष अदालत ने मौखिक टिप्पणी की थी कि ऐसा कोई आरोप नहीं था कि मान सहित आरोपितों ने 2020 में चंडीगढ़ में बिजली दरों में बढ़ोतरी का विरोध कर रही भीड़ को उकसाया था। हाई कोर्ट ने पूर्व में कहा था कि आप नेताओं के विरुद्ध प्रथमदृष्टया कोई मामला नहीं बनता है और आइपीसी के तहत लगाए गए आरोपों के तत्व मौजूद नहीं थे। लिहाजा हाई कोर्ट ने आइपीसी की धारा 147 (दंगा), 149 (गैर-कानूनी तरीके से एकत्रित होना), 332 (सरकारी कर्मचारी को ड्यूटी से रोकने के लिए जानबूझकर चोट पहुंचाना), और 353 (हमला या आपराधिक बल प्रयोग) के तहत दर्ज एफआईआर व आरोप-पत्र को रद कर दिया। 2020 में कांस्टेबल मनप्रीत कौर की शिकायत पर दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि बिजली दरों में बढ़ोतरी के विरुद्ध आप के विरोध प्रदर्शन के दौरान मान सहित पार्टी के कई नेताओं ने लगभग 750-800 कार्यकर्ताओं को चंडीगढ़ के सेक्टर-2 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के आवास की ओर मार्च करने के लिए उकसाया था। पुलिस का आरोप था कि प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की और वाटर कैनन के इस्तेमाल के बाद पथराव किया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

### सुरक्षा को लेकर आम जनमानस के विश्वास पर खरी उतरी पुलिस, एसपी को किया सम्मानित

**फ़तेहपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने,अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा आमजन की भागीदारी से अपराध नियंत्रण को नई गति देने की दिशा में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने एक महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी पहल की शुरुआत की है। अब जिले का कोई भी नागरिक किसी भी प्रकार की अपराधिक गतिविधि, संदिग्ध व्यक्ति,नशा तस्करी, चोरी, अवैध हथियार,जुआ-सट्टा एवं महिला अपराध आदि से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी को सीधे फ़तेहपुर एसपी तक पहुंचा सकेगा। उनके द्वारा जारी किए गये विशेष मोबाइल नंबर-9236399009 से लोगो को सीधा लाभ मिलेगा।इसी को देखते हुए मंगलवार को वरिष्ठ पत्रकार राहुल अग्निहोत्री, ऐडवोकेट हरिओम अवस्थी इलाहाबाद हाईकोर्ट व अन्य के द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक को बुके देकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर संयुक्त रूप से सम्मानित किया वही सम्मानित करने वाले वरिष्ठ पत्रकारों और व्यापारियों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली,त्वरित निर्णय क्षमता और निष्पक्षता ने उन्हें एक कुशल पुलिस अधिकारी के रूप में स्थापित किया। पुलिस अधीक्षक ने जनपद वासियों को भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी और पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी।

## असम विश्वविद्यालय में सोनबील में आर्द्रभूमि और आजीविका पर राष्ट्रीय सेमिनार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि:** असम विश्वविद्यालय ने उत्तर-पूर्व भारत की आर्द्रभूमियों के संरक्षण, आजीविका और सतत विकास पर केंद्रित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन गुरुवार को श्रीभूमि जिले के सोनबील में किया। कार्यक्रम का आयोजन नॉर्थ ईस्टर्न काउंसिल (एनईसी) और केंद्रीय विकास मंत्रालय (डोनर) के वित्तीय सहयोग से मौकम कालीबाड़ी मंदिर परिसर में हुआ। सेमिनार का विषय 'उत्तर-पूर्व भारत की आर्द्रभूमि, आजीविका और समाज' था। कार्यक्रम में रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, होजाई के कुलपति प्रो. मानवेंद्र दत्तचौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि असम विश्वविद्यालय के प्रयासों से सोनबील को राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन और शोध की दृष्टि से नई पहचान मिली है तथा इसी प्रकार की पहल मध्य असम में भी शुरू करने की योजना है। असम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव मोहन पंत ने वीडियो संदेश में सोनबील को बराक घाटी के पर्यटन का 'मुकुट का रत्न' बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की 'बेमिसाल बराक' पहल के तहत इसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और अनुसंधान केंद्र के रूप में विकसित करने के प्रयास जारी रहेंगे। सेमिनार की अध्यक्षता प्रो. सुदीप्त राय ने की। उन्होंने कहा कि शोध के निष्कर्षों को समाज और स्थानीय समुदायों के हित में उपयोगी बनाना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। पर्यावरण विज्ञान विभाग की प्रो. जयश्री राउत ने विषय पर व्याख्यान दिया, जबकि उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. जयश्री दे ने किया। शोधकर्ता अनिमेष हजारिका ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में दो तकनीकी सत्र भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्रो. अरुणज्योति नाथ ने केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित सोनबील पर दो वर्षीय शोध परियोजना के निष्कर्ष प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि अध्ययन में सोनबील की जैव विविधता, जलवायु कारकों, मिट्टी की गुणवत्ता, पारिस्थितिकी तंत्र, भूमि उपयोग में बदलाव, वृक्ष आवरण, भू-क्षरण की दर, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के आर्थिक मूल्यांकन तथा एकीकृत प्रबंधन योजना का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। इस परियोजना में प्रो. संजीव सक्सेना और डॉ. अदिति नाथ भी शामिल रहे।

## पंजाब विधानसभा कोऑपरेशन कमेटी ने मिल्क प्लांट वेरका का किया दौरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमृतसर-** पंजाब विधानसभा की कोऑपरेशन और उससे जुड़ी एक्टिविटीज़ की कमेटी ने आज मिल्क प्लांट वेरका का दौरा किया और मिल्क प्लांट के कामकाज, दूध और मिल्क प्रोडक्ट्स के क्वालिटी कंट्रोल और प्रोसेसिंग सिस्टम का रिव्यू किया। कमेटी को चेयरमैन MLA सरवन सिंह धुन ने लीड किया। कमेटी मेंबर MLA अमन शेर सिंह शेरी कलसी, MLA फौजा सिंह और MLA सुखविंदर सिंह कोटली भी उनके साथ मौजूद थे। मिल्क प्लांट यूनियन अमृतसर के चेयरमैन भूपिंदर सिंह रंधावा, वाइस चेयरमैन भूपिंदर सिंह और बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स ने कमेटी मेंबरों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर मिल्क प्लांट वेरका के जनरल मैनेजर अनिमेष प्रमाणिक और मिल्कफेड पंजाब के रिप्रेजेंटेटिव गुरदेव सिंह संधू ने कमेटी को डेयरी के अलग-अलग डिपार्टमेंट्स का दौरा कराया। उन्होंने कमेटी को दूध और मिल्क प्रोडक्ट्स की क्वालिटी चेकिंग, क्वालिटी कंट्रोल और मॉडर्न प्रोसेसिंग सिस्टम के बारे में डिटेल में जानकारी दी। कमेटी को यह भी बताया गया कि माननीय मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान और मिल्कफेड पंजाब के मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल गुप्ता (IAS) की कोशिशों से वेरका अमृतसर डेयरी में 2.35 LLPD फर्मेंटेड डेयरी और अन्य प्रोडक्ट्स का डेयरी प्लांट लगाया जा रहा है। इस स्टेट-ऑफ-द-आर्ट प्रोजेक्ट से डेयरी की प्रोडक्शन कैपेसिटी और दूध के प्रोडक्ट्स की क्वालिटी और बढ़ेगी। साथ ही, कंज्यूमर्स को हाई क्वालिटी दूध और दूध के प्रोडक्ट्स मिलेंगे, जबकि दूध बनाने वाले किसानों को भी इसका सीधा फायदा मिलेगा। इस मौके पर मिल्क यूनियन अमृतसर के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स अमनदीप सिंह, गुरमुख सिंह, जगजीत सिंह, हरजीत सिंह, हरभजन सिंह, मिल्कफेड पंजाब के रिप्रेजेंटेटिव गुरदेव सिंह संधू और मिल्क यूनियन अमृतसर के दूसरे ऑफिसर्स और एम्प्लॉइज भी मौजूद थे।

### बारिश के बीच भी मुस्तैद रही जलापूर्ति परियोजना टीम



**लुधियाना।** महापौर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर तथा नगर निगम आयुक्त ओजस्वी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विश्व बैंक एवं एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के वित्तीय सहयोग से संचालित लुधियाना बल्क जलापूर्ति परियोजना की टीमें नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे सक्रिय हैं। गुरुवार सुबह हुई भारी बारिश के तुरंत बाद परियोजना की तकनीकी एवं सहयोगी टीमों ने मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन सभी स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान बैरिकेडिंग, यातायात डायवर्जन, चेतावनी संकेतक तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित की गई, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परियोजना की टीमें लगातार क्षेत्र में मौजूद रहकर शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर रही हैं। साथ ही परियोजना के अंतर्गत सभी सुरक्षा मानकों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

# अकाली दल के दो नेता आप में शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गढ़शंकर/होशियारपुर:** गढ़शंकर हलके की राजनीति में एक अहम घटनाक्रम तब सामने आया जब शिरोमणि अकाली दल को बड़ा झटका देते हुए पार्टी के जिला वाइस प्रेसिडेंट अरविंदर सिंह नीटा और प्रमुख नेता हरप्रीत सिंह ने शिरोमणि अकाली दल को अलविदा कह दिया और आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर और गढ़शंकर के MLA एस. जय कृष्ण सिंह रोरी ने उन्हें सिरोपा पहनाकर पार्टी में शामिल करके उनका जोरदार स्वागत किया।इस मौके पर डिप्टी स्पीकर रोरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार ने राज्य में जनता के हितों को प्राथमिकता देकर काम किया है, जिसके चलते हर वर्ग के लोग लगातार पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गढ़शंकर हलके में रिकॉर्ड लेवल पर विकास कार्य हो रहे हैं और यही वजह है कि अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के नेता और वर्कर भी आम आदमी पार्टी में अपनी आस्था जता रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी में शामिल होने वाले हर वर्कर को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर अरविंदर सिंह नीटा ने कहा कि उन्होंने शिरोमणि अकाली दल छोड़ने का फैसला सोच-समझकर लिया है। उन्होंने कहा कि वह आम आदमी पार्टी की जनहितैषी नीतियों, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा किए जा रहे कामों और डिप्टी स्पीकर एस. जय कृष्ण सिंह रौड़ी द्वारा गढ़शंकर हलके में किए जा रहे विकास कामों से प्रभावित होकर अपने साथियों के साथ पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब वह आम आदमी पार्टी की सोच को घर-घर तक पहुंचाने और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूरी लगन से काम करेंगे। हरप्रीत सिंह ने यह भी कहा कि पंजाब के लोग पुरानी राजनीति से तंग आ चुके हैं और अब वे विकास और ईमानदार राजनीति को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर आम आदमी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूरी लगन से काम करेंगे। इस मौके पर डिप्टी स्पीकर रौड़ी ने पार्टी में शामिल हुए नेताओं को बधाई दी और कहा कि उनके शामिल होने से गढ़शंकर हलके में आम आदमी पार्टी और मजबूत होगी और आने वाले समय में और भी कई नेता पार्टी में शामिल होंगे। इस अवसर पर हल्का संगठन इंचार्ज एवं ओएसडी चरणजीत सिंह चन्नी, ब्लॉक अध्यक्ष हरिंदर मान, ब्लॉक अध्यक्ष रिंकू टिब्बियां, सरपंच गुरलाल सैला कलां, बाल्क अध्यक्ष गुलशन ठाकुर, सरपंच अशोक मोनू सोली, वीरेंद्र नैनवा एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिक्षा सुधारों को लेकर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**होशियारपुर-** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), होशियारपुर ने पंजाब के राज्यपाल के नाम संबोधित एक ज्ञापन सहायक आयुक्त, होशियारपुर को सौंपा। ज्ञापन में पंजाब की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए पेपर लीक की लगातार घटनाओं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के प्रभावी क्रियान्वयन, स्थायी शिक्षकों की भर्ती, छात्रवृत्तियों के समय पर वितरण, छात्रसंघ चुनावों की बहाली, शैक्षणिक ढांचे के सुदृढ़ीकरण, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा, नशामुक्त शैक्षणिक परिसर तथा रोजगारोन्मुख शिक्षा जैसी प्रमुख मांगें रखी गईं। इस अवसर पर एबीवीपी पंजाब के प्रदेश सह मंत्री अंकित कुंद्रा ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक ने लाखों मेहनती विद्यार्थियों का विश्वास तोड़ा है और पंजाब की परीक्षा प्रणाली की खामियों को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के अनेक दावों के बावजूद विद्यार्थी आज भी असुरक्षित और निराश महसूस कर रहे हैं। अंकित कुंद्रा ने कहा कि वर्ष 2022 में विजिलेंस ब्यूरो को भेजे गए पेपर लीक के मामले आज भी लंबित हैं। उन्होंने प्रश्न उठाया कि वर्षों बीत जाने के बावजूद इन मामलों में ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

उन्होंने मांग की कि सभी लंबित मामलों की समयबद्ध जांच पूरी कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने सुरक्षित एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली, एनईपी-2020 के पूर्ण तंत्र क्रियान्वयन, स्थायी शिक्षकों की भर्ती, छात्रवृत्तियों के समय पर वितरण, छात्रसंघ चुनावों की बहाली, फीस नियंत्रण, करियर एवं प्लेसमेंट सेल तथा उद्योग-शिक्षा सहयोग को मजबूत करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रों के हितों के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी और शिक्षा व्यवस्था में सार्थक सुधार होने तक अपनी आवाज़ बुलंद करती रहेगी। इस अवसर पर अंकित कुंद्रा (प्रदेश सह मंत्री, एबीवीपी पंजाब), रितेश शर्मा (नगर सह मंत्री, एबीवीपी होशियारपुर) तथा अभिषेक कुमार (इकाई सदस्य, एबीवीपी होशियारपुर) उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची डिजिटलीकरण पूरा करने पर सुपरवाइजर सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंजाब में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत मतदाता सूची से संबंधित प्रपत्रों के संग्रह, सत्यापन और डिजिटलीकरण का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 जुलाई 2026 तक अपने आवंटित मतदान केंद्रों का शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण पूरा करने वाले सुपरवाइजरों को जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु जैन (आईएएस) ने सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र खन्ना के सुपरवाइजर राजिंदर सिंह और पवनजीत कौर, समराला के अमरीक सिंह, विक्रमजीत सिंह, अमनदीप सिंह एवं नरिंदर पाल तथा पायल के हरदीप सिंह को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। हिमांशु जैन ने सम्मानित अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की सफलता अधिकारियों और क्षेत्रीय कर्मचारियों की मेहनत, समर्पण तथा टीम भावना का परिणाम है। उन्होंने कहा कि समयबद्ध और शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण से मतदाता सूची अधिक सटीक और पारदर्शी बनेगी। उन्होंने सभी निर्वाचन कर्मियों से आगामी लक्ष्यों को भी पूरी जिम्मेदारी और समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आह्वान किया, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन सके। इस अवसर पर निर्वाचन तहसीलदार राजन ढल्ल, सम्मानित सुपरवाइजर तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत बदला रहेगा यातायात

**कानपुर।** श्रावण मास/ कांवड़ यात्रा दिनांक 30.07.2026 से प्रारंभ होकर दिनांक 28.08.2026 को संपन्न होने तक कानपुर नगर से भारी वाहनों का यातायात डायवर्जन दिनांक 1.08.2026 (शनिवार) समय रात्रि 8 बजे से 03.08.2026 (सोमवार) रात्रि 12 बजे तक इसी प्रकार दिनांक 08.08.2026 से दिनांक 10.08.2026 तक, दिनांक 15.08.2026 से दिनांक 17.08.2026 तक व दिनांक 22.08.2026 से दिनांक 24.08.2026 को रात्रि 12 बजे तक निम्नवत रहेगा। कानपुर नगर के थाना चौबेपुर से शिवली कानपुर देहात मार्ग पर कोई भी भारी वाहन नहीं जा सकेगें, ऐसे भारी वाहन बिल्हौर, अरौल, कन्नौज होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। कानपुर नगर के थाना कल्याणपुर से मैथा/ बैरी तिराहा शिवली कानपुर देहात मार्ग पर कोई भी भारी वाहन नहीं जा सकेगें, ऐसे भारी वाहन बाबा मार्केट तिराहा से बाएं मुड़कर भौति से रनिया होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। कानपुर नगर के थाना सचेंडी से मैथा/ शिवली कानपुर देहात मार्ग पर कोई भी भारी वाहन नहीं जा सकेगें. ऐसे भारी वाहन किसान नगर, रनिया होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। कानपुर नगर के थाना बिल्हौर से रसूलाबाद कानपुर देहात मार्ग पर कोई भारी वाहन नहीं जा सकेगें ।

# पत्रकार पर हमले का मामला सुलझा, मुख्य आरोपी ने सार्वजनिक रूप से मांगी माफी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि:** असम के श्रीभूमि जिले के राताबाड़ी क्षेत्र में पत्रकार मुस्तफा आलम पर हुए हमले के मामले का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा हो गया। मामले के मुख्य आरोपी हेलाल उद्दीन ने सार्वजनिक रूप से अपना दोष स्वीकार करते हुए बिना शर्त माफी मांगी। इसके बाद रामकृष्णनगर सर्किल प्रेस क्लब ने समाधान पर संतोष व्यक्त किया। पत्रकार मुस्तफा आलम ने हेलाल उद्दीन, बिलाल उद्दीन और मसूद अहमद के खिलाफ राताबाड़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, समाचार संकलन के दौरान मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद उनके साथ कथित रूप से मारपीट की गई। आरोप है कि उनका मोबाइल फोन और वीडियो रिकॉर्डिंग स्टिक भी छीन ली गई। इस हमले में उनके हाथ की हड्डी टूट गई, जिसकी पुष्टि मेडिकल जांच में हुई। घटना के बाद रामकृष्णनगर सर्किल प्रेस क्लब ने जिला पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। पुलिस की त्वरित पहल पर अगले ही दिन दोनों पक्षों के बीच वार्ता शुरू हुई। बाद में श्रीभूमि के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राइम) त्रिनय भुइया की उपस्थिति में कई दौर की बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें प्रेस क्लब के पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा दोनों पक्षों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के दौरान आरोपी मसूद अहमद और बिलाल उद्दीन ने सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार करते हुए पत्रकार मुस्तफा आलम, प्रेस क्लब और उपस्थित लोगों से बिना शर्त माफी मांगी। उस समय राज्य से बाहर होने के कारण मुख्य आरोपी हेलाल उद्दीन बैठक में शामिल नहीं हो सके। उनके परिजनों ने लिखित आश्वासन दिया कि लौटने के बाद वह भी सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार कर माफी मांगेंगे। आश्वासन के अनुरूप गत 29 जुलाई की रात राताबाड़ी थाने में आयोजित अंतिम बैठक में हेलाल उद्दीन उपस्थित हुए और सार्वजनिक रूप से अपना दोष स्वीकार करते हुए पत्रकार मुस्तफा आलम, रामकृष्णनगर सर्किल प्रेस क्लब तथा उपस्थित सभी लोगों से बिना शर्त माफी मांगी। इसके साथ ही दोनों पक्षों की सहमति से मामले का सम्मानजनक और सौहार्दपूर्ण समाधान हो गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राइम) त्रिनय भुइया ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कानून को अपने हाथ में लेना स्वीकार्य नहीं है। यदि किसी को कोई शिकायत है तो उसका समाधान केवल कानूनी प्रक्रिया के तहत ही किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर हमला गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। रामकृष्णनगर सर्किल प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज मोहंती ने कहा कि आरोपियों द्वारा सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार करने और बिना शर्त माफी मांगने के बाद क्लब इस सम्मानजनक समाधान से संतुष्ट है। प्रेस क्लब ने मामले में त्वरित कानूनी कार्रवाई तथा संवाद के माध्यम से समाधान का मार्ग प्रशस्त करने के लिए श्रीभूमि जिला पुलिस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राइम) त्रिनय भुइया और राताबाड़ी थाना प्रभारी चित्तरंजन बरा के प्रति आभार व्यक्त किया। अंतिम बैठक में प्रेस क्लब के मुख्य सलाहकार तापस पाल, सचिव रसीद अहमद, पत्रकार अज़ीज़ुल हक, सचिंद्र शर्मा, तपु राजकुमार, पूर्व अध्यक्ष खैरुल हसन खान, हुसैन अहमद खान, अनवर हुसैन, एनाम उद्दीन अबुल सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## फिरोजाबाद में नागरिक सुरक्षा कोर के लिए स्वयंसेवकों की भर्ती शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** नवसृजित नगर फिरोजाबाद में नागरिक सुरक्षा कोर (Civil Defence) को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वयंसेवकों एवं सदस्यों की भर्ती प्रक्रिया पुनः प्रारंभ कर दी गई है। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) एवं उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा के अनुसार पूर्व में 11 मई 2026 को जारी भर्ती विज्ञप्ति के सापेक्ष अपेक्षित संख्या में आवेदन प्राप्त न होने के कारण इच्छुक अभ्यर्थियों से दोबारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिलाधिकारी के अनुमोदन के क्रम में जनपद के नगरीय क्षेत्र के 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के युवक एवं युवतियों की भर्ती चीफ वार्डन से लेकर सेक्टर वार्डन सहित विभिन्न अवैतनिक स्वयंसेवी पदों पर की जाएगी। भर्ती के लिए अभ्यर्थी का हाईस्कूल उत्तीर्ण, शारीरिक रूप से स्वस्थ, सजग, सक्रिय, अराजनैतिक तथा उत्तम चरित्र का होना अनिवार्य है। नागरिक सुरक्षा विभाग की स्थापना वर्ष 1968 में युद्ध एवं बाह्य आक्रमण जैसी परिस्थितियों में नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा, जन-धन की हानि को कम करने तथा जनसामान्य का मनोबल बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी। वर्ष 2010 में नागरिक सुरक्षा (संशोधन) अधिनियम-2009 लागू होने के बाद विभाग को आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों की भी वैधानिक जिम्मेदारी प्रदान की गई। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को युद्ध जैसी परिस्थितियों, प्राकृतिक आपदाओं, भूकंप, बाढ़, अग्निकांड तथा अन्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न त्योहारों, मेलों, सार्वजनिक आयोजनों, मॉक ड्रिल, राहत एवं बचाव कार्यों तथा प्रशासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी अभियानों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र कार्यालय उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा विभाग, कक्ष संख्या-221, कलेक्ट्रेट परिसर, फिरोजाबाद में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है।

**आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज**

2 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति, हाईस्कूल की अंकतालिका की स्वप्रमाणित छायाप्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) एवं उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा ने बताया कि आवेदन पत्र के साथ सभी प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा आवश्यकता पड़ने पर सत्यापन के लिए मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने जनपद के पात्र युवक-युवतियों से अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कर नागरिक सुरक्षा कोर का हिस्सा बनने और समाज व राष्ट्र सेवा में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की है।

# आईटीआई परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश एसटीएफ ने प्रधानाचार्य समेत 11 को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राहुल जायसवाल

**नैनी, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की प्रयागराज फील्ड इकाई ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की वार्षिक अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा के दौरान नकल कराने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गुरुवार को हुई कार्रवाई में एसटीएफ ने गिरोह में शामिल प्रधानाचार्य,परीक्षा प्रभारी, अनुदेशकों और साल्वरों समेत कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया।एसटीएफ प्रयागराज फील्ड इकाई के पुलिस उपाधीक्षक शैलेश प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रधानाचार्य अशोक कुमार निवासी मम्फोर्डगंज थाना कर्नलगंज, परीक्षा



प्रभारी रवि प्रकाश निवासी महेशपुर अंदावा थाना झूंसी, साल्वर शिवम कुमार पुत्र जटाशंकर निवासी बरवा शुकुलपुर थाना मेजा, जय सिंह निवासी खारा बिरतिया थाना मेजा, जितेन्द्र पटेल* निवासी बेंदो थाना करछना, दिलीप कुमार पटेल निवासी तेवरिया कला थाना करछना शामिल हैं।इसके अलावा अनुदेशक फूल प्रकाश निवासी एडीए कॉलोनी नैनी, अनुदेशक धीरज कुमार शर्मा निवासी कोहड़ार थाना मेजा, राजेश कुमार निवासी लीलापुर कला थाना सराय इनायत, राजकुमार मौर्य निवासी बड़ा चाका एग्रीकल्चर थाना नैनी, जिला प्रयागराज तथा विजय सिंह निवासी दमड़ी थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को भी गिरफ्तार किया गया है।पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मौके से 5 लाख 10 हजार रुपये नकद, 5 कम्प्यूटर, 5 मॉनिटर, माउस, की-बोर्ड तथा आईटीआई-67 के प्रपत्र बरामद किए गए हैं। इस पूरे प्रकरण के संबंध में थाना नैनी में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। एसटीएफ मामले की गहन जांच कर रही है ताकि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका का भी पता लगाया जा सके।

# पीलीभीत मण्डी से प्रतिबंधित कटरुआ के अवैध कारोबार का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** प्रतिबंध के बावजूद जंगल से लाकर कटरुआ बेचे जाने का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। लगातार वन विभाग की टीम इसको लेकर छापामारी कर रही है। फिर भी इस अवैध धंधे में कमी नहीं आ रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को वन विभाग की टीम ने मंडी से प्रतिबंधित कटरुआ के अवैध कारोबार का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार कर लिया है। प्रतिबंधित वन उपज कटरुआ के अवैध कारोबार पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। प्रभागीय वनाधिकारी (डीके) भरत कुमार ने बताया कि आरोपी को नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति में छापेमारी के दौरान पकड़ा गया, जिसके कब्जे से करीब 40



किलोग्राम प्रतिबंधित कटरुआ बरामद हुआ है। वन एवं वन्यजीव प्रभाग, पीलीभीत के अनुसार बुधवार सुबह करीब छह बजे मुखबिर की सूचना पर पीलीभीत रेंज की टीम ने नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति पीलीभीत में छापा मारा। कार्रवाई के दौरान मंडी लाइसेंसधारी फर्म ताज एंड कंपनी के स्वामी शकील अहमद पुत्र रफीक अहमद, निवासी मोहल्ला शेर मोहम्मद, वार्ड-23, कोतवाली पीलीभीत के कब्जे से प्रतिबंधित वन उपज कटरुआ का अवैध भंडारण और फुटकर बिक्री पकड़ी गई।वन विभाग ने मौके से लगभग 40 किलोग्राम प्रतिबंधित कटरुआ बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डीएफओ भरत कुमार डीके ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी प्रतिबंधित कटरुआ का मुख्य सप्लायर है और उसके नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता मिलने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी टीम में उप क्षेत्रीय वनाधिकारी दिविजय सिंह, वन दरोगा कोषेंद्र कुमार, वन रक्षक अमित तिवारी, रंजीत सिंह, टीएसओ किशन लाल तथा न्यूनतम वेतनकर्मी राजेंद्र कुमार सैनी शामिल रहे। इस मामले में पीलीभीत रेंज में रेंज केस दर्ज कर वन अधिनियम की संबंधित धाराओं में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वन विभाग ने प्रतिबंधित वन उपज के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है।

# राष्ट्र निर्माण में गुरुओं की भूमिका सर्वोपरि : विकास गुप्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षकों को सम्मानित किया। इस मौके पर राष्ट्र निर्माण में गुरुओं की भूमिका को सर्वोपरि बताते हुए गुरुओं का स्थान ईश्वर से ऊपर बताया गया। नगर के तिरंगा चौक स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा विद्यालय के समस्त आचार्यों और शिक्षिकाओं को पटका पहनाकर एवं सप्रेमभेंट देकर भव्य सम्मान व वंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विद्यालय की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों और प्रधानाचार्य द्वारा मां सरस्वती एवं मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। व्यापार मंडल के महामंत्री विकास गुप्ता



ने सभी गुरुजनों का आत्मीय अभिनंदन किया। इसके उपरांत प्रबंध समिति द्वारा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक महेंद्र मिश्रा ने कहा कि गुरु केवल अक्षर ज्ञान नहीं देता, बल्कि वह छात्र के अंतर्निहित गुणों को तराशकर उसे एक सच्चा राष्ट्रभक्त और जिम्मेदार नागरिक बनाता है। राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है। विद्यालय की कोषाध्यक्ष संगीता सिंघल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊपर माना गया है, क्योंकि वही हमें अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं।

# लखनऊ कोर्ट हिंसा: हाईकोर्ट ने चार वकीलों की आईबी जांच के दिए आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लखनऊ जिला कोर्ट परिसर में 21 जुलाई को हुई हिंसा के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए चार आरोपित वकीलों की खुफिया ब्यूरो से गोपनीय जांच कराने का आदेश दिया। साथ ही अदालत ने इन वकीलों को पिछले 10 वर्षों की आयकर रिटर्न संपत्ति, कारोबार, परिवार और पिछले पांच वर्षों के संपत्ति लेन-देन का पूरा ब्योरा अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। जस्टिस राजन राय और जस्टिस मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेकर चल रही सुनवाई में कहा कि वकालत पेशे की गरिमा बनाए रखने के लिए बार के भीतर मौजूद 'काली भेड़ों' की पहचान कर उन्हें जवाबदेह बनाना जरूरी है। हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्दोष और ईमानदार वकीलों को किसी भी तरह से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने लखनऊ स्थित ढ्क्क के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिया कि वह वकील सौरभ कुमार वर्मा, हर्षित पांडेय, यश पांडेय और अभय प्रताप वर्मा की गतिविधियों और पृष्ठभूमि की गोपनीय जांच कर सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट अदालत के समक्ष प्रस्तुत करें। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि वकील सौरभ कुमार वर्मा के खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों में आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि यश पांडेय के खिलाफ भी एक आपराधिक मामला लंबित है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि कई वकीलों ने अदालत को बताया कि जिला कोर्ट परिसर में कुछ ऐसे समूह सक्रिय हैं जो गुंडों की तरह व्यवहार करते हैं और वकील होने की पहचान का दुरुपयोग कर संपत्तियों पर कब्जा करते हैं। अदालत ने कहा कि ऐसे लोग फर्जी दस्तावेज तैयार करते हैं, मुकदमे दायर कर कब्जे का रास्ता बनाते हैं, अदालतों पर दबाव डालते हैं और विरोधी पक्ष को वकील के जरिए मुकदमा लड़ने तक से रोकते हैं, जिससे न्याय व्यवस्था प्रभावित होती है। यह मामला 21 जुलाई को लखनऊ जिला अदालत परिसर में दिल्ली के तीन वकीलों, जिनमें दो महिला वकील शामिल थीं, और उनके मुवक्किल मोहम्मद शाकिर के साथ कथित मारपीट की घटना से जुड़ा है। आरोप है कि जब दिल्ली के वकील एक दीवानी मुकदमे में वकालतनामा दाखिल करने पहुंचे, तब उन्हें रोक दिया गया और उनके मुवक्किल के साथ मारपीट की गई। बाद में हाईकोर्ट ने इस घटना का स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की।

# संत रविदास की 650वीं जयंती वर्ष पर लिया गया समरसता का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूरनपुर स्थित श्री ठाकुर द्वारा मंदिर में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का 650वां जयंती वर्ष 'समरसता संकल्प अभियान' के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में संत रविदास के समरसता, समानता और मानव सेवा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अतिन्दर पाल सिंह ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मंदिर के पुजारी श्याम कुमार अवस्थी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका नगर महामंत्री सपना सिंह चौहान रहीं। मुख्य अतिथि का स्वागत एवं सम्मान नगर कोषाध्यक्ष एवं नामित सभासद ठाकुर प्रदीप सिंह 'मुखिया', सपना सिंह चौहान, विवेक तिवारी तथा भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने की। इस अवसर पर नगर महामंत्री सूरज बाथम, नगर उपाध्यक्ष रवि वर्मा, गौरव गुप्ता, मानस शुक्ला, अमन वाल्मीकि, रितेश गुप्ता, नीलम शर्मा, निर्मला गुप्ता, सोनी जायसवाल, चांदनी जायसवाल, रचना जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।वक्ताओं ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जीवन, उनके सामाजिक समरसता, समानता और मानव कल्याण के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को एकता और सद्भाव की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों ने समाज में भाईचारे और समरसता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# शिक्षा मंत्री की नियुक्ति पर राहुल गांधी ने घेरा केंद्र, लगाए गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि शिक्षा प्रणाली में सुधार को लेकर युवाओं के प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसे व्यक्ति को देश का शिक्षा मंत्री बनाया है जो बलात्कारियों का बचाव करने वाला है। उन्होंने कहा कि इससे अधिक शर्मनाक बात नहीं हो सकती है। एक्स पर राहुल गांधी ने कहा, रेपिस्ट को बचाने वाले से ज़्यादा गंदा आदमी कोई नहीं हो सकता। प्रह्लाद जोशी हमारे एजुकेशन सिस्टम और उसमें पढ़ने वाले हर स्टूडेंट का अपमान हैं। करोड़ों जवान लड़कियां उन इंस्टीट्यूशन में पढ़ती हैं जिनकी अब वह देखरेख करते हैं। भारत की महिलाएं पीएम मोदी के नए एजुकेशन मिनिस्टर को कभी स्वीकार नहीं करेंगी। संसद परिसर में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, ''देश में शिक्षा प्रणाली में सुधार को लेकर युवाओं के प्रदर्शन के बाद बीजेपी ने भारत के शिक्षा मंत्री के रूप में ऐसे व्यक्ति को नियुक्त किया है, जो बलात्कारियों का बचाव करता है। वह बेहद घटिया किस्म का इंसान है। जो व्यक्ति यह कहे कि बलात्कारियों को सुरक्षा की जरूरत है, उससे ज़्यादा घटिया इंसान कोई नहीं हो सकता। इससे अधिक शर्मनाक बात नहीं हो सकती कि कोई व्यक्ति बलात्कारियों को संरक्षण दिए जाने की वकालत करे और वही आज देश का शिक्षा मंत्री हो।'' राहुल गांधी ने जोशी को शिक्षा मंत्री बनाने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, ''प्रधानमंत्री का कदम अजीब है। उनके मंत्रिमंडल में इतने लोग हैं, वह किसी को भी शिक्षा मंत्री बना सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसे व्यक्ति को चुना जो बलात्कारियों का बचाव करता है। वाकई हैरान करने वाली बात है! '

## माता सावित्रीबाई फुले वेलफेयर ट्रस्ट ने घोषित की उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी।

**नैनी ,प्रयागराज।** संस्था की अध्यक्षा पूजा चौधरी और राष्ट्रीय महासचिव सिद्धार्थ सोनकर ने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राहुल देव आजाद को नियुक्त किया यूपी का प्रदेश अध्यक्ष।प्रदेश अध्यक्ष राहुल देव आजाद ने संगठन विस्तार करते हुवे अधिवक्ता आदर्श कुमार को प्रदेश महासचिव, अधिवक्ता साहिल कुमार को प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रयागराज के तेजतर्रार पत्रकार अजय कुमार को प्रदेश मीडिया प्रभारी व समाजसेवी मुकेश कुमार सिंहानिया को प्रदेश कोषाध्यक्ष,श्रीमती मोनी सोनकर को महिला मोर्चा जिला प्रभारी यमुनापार प्रयागराज, अधिवक्ता अरविंद चौधरी को प्रदेश संगठन मंत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता बलवीर कुमार को प्रदेश विधिक सलाहकार, मनोरंजन सिंह मुंडा को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया।

# अमित शाह को इस्तीफ़ा देना होगा, गृहमंत्री छात्रों पर बर्बरता के लिए ज़िम्मेदार: राहुल गांधी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े के बाद अब देश के गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफ़े की मांग हो गई है। वह भी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा। उन्होंने 20 जुलाई को जंतर मंतर प्रोटेस्ट के दौरान पुलिस की बर्बरता के लिए अमित शाह को ज़िम्मेदार ठहराया। राहुल गांधी ने कहा कि या तो अमित शाह ने पुलिस कार्रवाई का आदेश दिया, जिससे वे 'दोषी' ठहराए जा सकते हैं, या फिर उन्हें पता ही नहीं था कि सड़कों पर क्या हो रहा है, जिससे वे 'अक्षम' साबित होंगे। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं के पीछे यही दो संभावित कारण हो सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा, 'हमने सदन में पूछा कि छात्रों पर हमला किसने करवाया, ये किसके आदेश पर हुआ? छात्रों पर पैलेट गन और लीथल फोर्स का इस्तेमाल गृह मंत्री के आदेश के बिना नहीं किया जा सकता। ऐसे में दो संभावनाएं हैं- गृह मंत्री ने छात्रों को मारने का ऑर्डर दिया या गृह मंत्री को मालूम नहीं था कि छात्रों पर फायरिंग होगी। इन दोनों हालातों में गृह मंत्री अमित शाह को पद से हटाया जाना चाहिए।' लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल ने कहा, 'आज अमित शाह लोकसभा में नहीं आए, क्योंकि वे दोषी हैं। अगर दोषी नहीं होते तो.. सदन में आकर जवाब दे देते। इसलिए हम कह रहे हैं कि इन्हें गृह मंत्री के पद से हटना होगा।' उन्होंने कहा, 'छात्रों पर हिंसा दिल्ली पुलिस और आरएएफ़ यानी रैपिड एक्शन फोर्स ने की है- ये दोनों ही गृह मंत्रालय को रिपोर्ट करते हैं। मैंने 25 जुलाई को गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखकर पूछा था- क्या आपने छात्रों पर लीथल फोर्स इस्तेमाल करने के ऑर्डर दिए? सादे कपड़ों में छात्रों को लाठियों से मारने वाले लोग कौन थे? लेकिन सवालों का कोई जवाब नहीं मिला।' राहुल ने कहा, 'आज नहीं तो कल, छात्रों को न्याय जरूर मिलेगा। ऐसे में मोदी सरकार को हमारी सलाह है- अमित शाह को गृह मंत्री के पद से हटाइए और दिल्ली में छात्रों पर किए गए बर्बर हमले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक स्वतंत्र उच्चस्तरीय कमिटी जांच करे।'

# श्रीराम जानकी मंदिर में अखंड पाठ व भंडारे के पश्चात हुआ भजन कीर्तन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** श्रीराम जानकी मंदिर पर गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में हुए अखण्ड पाठ व भंडारे के पश्चात रात्रि में भजन कीर्तन के बाद दूर–दराज से आए सन्त महात्माओं को गुरुवार को दक्षिणा देकर विदाई दी गई। पूरनपुर रामलीला मैदान के सामने श्रीराम जानकी मंदिर के महंत बाबा राघवदास के द्वारा गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में 28 जुलाई से अखण्ड पाठ व भंडारा प्रारम्भ हुआ। अखण्ड पाठ व भंडारे के पश्चात सन्त महात्माओं ने मंदिर पर रात्रि में विश्राम कर रात्रि भर भजन कीर्तन किए। जिसमें कई श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर सन्त महात्माओं के भजन कीर्तन को सुना और उनसे नवीन जानकारी प्राप्त की। मन्दिर के महंत बाबा राघवदास ने भोग लगाकर दूर–दराज से आए हुए सन्त महात्माओं को भंडारे में प्रसाद ग्रहण कराकर उनको दक्षिणा देकर विदाई दी। जिसमें दूरदराज के बरेली, बदायूँ, शाहजहांपुर, निगोही, पीलीभीत, न्यूरिया हुसैनपुर, बंडा, जितौरिया, लुकटिहाई, बलरामपुर, कसगंजा, अमरैयाकलां, खाता, तकियादीनारपुर, सुखदासपुर, देवीपुर आदि कई स्थानों के सन्त महात्माओं ने अखण्ड पाठ व भंडारे में भाग लिया। विदाई समारोह में महंत बाबा राघवदास, बाबा जीवन दास, नत्थूदास, देवेंद्र पुरी, कामता दास, भगवान दास, सियाराम दास, हिमांशु सैनी, शिवम भारती आदि मौजूद रहे।

# माकपा कार्यालय पहुंची दिल्ली पुलिस, विपक्ष ने उठाए सवाल; नड्डा ने 'आपातकाल' का किया जिक्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली में माकपा हेडक्वार्टर में दिल्ली पुलिस की टीम का जाना - जहाँ वे जेएनयू छात्र संघ की पूर्व अध्यक्ष आइशा घोष को जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के आरोप में गिरफ़्तार करने गई थी - बुधवार को राज्यसभा में टकराव का कारण बना। जहाँ माकपा के जॉन ब्रिटास और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक राष्ट्रीय पार्टी के ऑफिस में घुसने के लिए सत्ताधारी बीजेपी पर निशाना साधा, वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाई गई इमरजेंसी के दौरान उन्हें क्लासरूम के अंदर से गिरफ़्तार किया गया था। उच्च सदन में यह मुद्दा उठाते हुए ब्रिटास ने कहा, 'हमारे यहाँ बहु-दलीय प्रणाली पर आधारित संसदीय लोकतंत्र है। कल एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। दिल्ली पुलिस की एक टीम माकपा के हेडक्वार्टर में घुस गई, जो एक राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी है... वे जेएनयू छात्र संघ की पूर्व अध्यक्ष आइशा घोष को गिरफ़्तार करने आए थे। उनकी एकमात्र गलती यह थी कि उन्होंने जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। ' ब्रिटास ने कहा कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें बताया कि वे जेएनयू कैंपस में हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े 2021 के एक मामले में घोष को गिरफ़्तार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हैरानी की बात यह है कि वे बिना वर्दी के आए थे... वे डराना चाहते हैं...' उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जवाब की मांग की। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की मांग की। खड़गे ने कहा, 'मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि जो लोग बिना अधिकार के वहाँ गए हैं, उन्हें सज़ा मिलनी चाहिए। वे क्यों गए? वे कौन हैं? उन्हें किसने आदेश दिया? किसने आदेश दिया? मैं पूछ रहा हूँ कि वे कौन हैं... उन्हें वहाँ जाने के लिए किसने कहा? किसने आदेश दिया?

# उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील स्तरीय बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जाने वाले अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बृहस्पतिवार को पूरनपुर उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें 03 अगस्त 2026 से प्रारम्भ डी0 पी0 टी0/टी0डी0 अभियान, 10 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय कृति मुक्ति दिवस अभियान तथा 18 अगस्त 2026 से प्रारम्भ हो रहे एम0आर0 टीकाकरण अभियान एव नियमित टीकाकरण अभियान के सम्बंध में बैठक की गई। अधिकारियों ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को शत–प्रतिशत सफल बनाने के निर्देश दिए। बैठक में डा0 मनीष राज शर्मा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डा0 राजेश गौतम, चिकित्सा अधिकारी, महेश कुमार, बी0आर0सी0 पूरनपुर, अवनीश कुमार, ए0डी0ओ0 पंचायत, आशा देवी, प्रभारी सी0डी0पी0ओ0, अन्जू, मुख्य सेविका, शहनवाज, ब्लॉक कोर्डिनेटर, (एडरा), अजय कुमार शुक्ला, बी0पी0एम0, गौरी शंकर, एफ0एम0 डब्लू0एच0ओ0 मौजूद रहे।

# मोनालिसा भोसले को मर्जी के बिना एमपी पुलिस को नहीं सौंपा जा सकता: केरल हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोच्चि/प्रयागराज।** केरल हाईकोर्ट ने महाकुंभ 2025 के दौरान सुर्खियों में आई मोनालिसा भोसले मामले में अहम अंतरिम आदेश देते हुए कहा है कि उनकी इच्छा के विरुद्ध उन्हें मध्य प्रदेश पुलिस के हवाले नहीं किया जा सकता। अदालत ने साथ ही राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) के उस निर्देश पर भी गंभीर सवाल उठाए, जिसमें केरल पुलिस को मोनालिसा को मध्य प्रदेश पुलिस को सौंपने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस की एकल पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि एनसीएसटी को ऐसा आदेश जारी करने का अधिकार किस कानून के तहत प्राप्त है। उन्होंने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा, 'राष्ट्रीय आयोग को इस प्रकार का आदेश पारित करने का अधिकार कैसे मिला? वह इस तरह का निर्देश कैसे दे सकता है? ' अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जब तक मोनालिसा भोसले की पुलिस सुरक्षा संबंधी याचिका पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक उन्हें उनकी इच्छा के विरुद्ध या हाईकोर्ट की अनुमति के बिना मध्य प्रदेश पुलिस को नहीं सौंपा जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि कोच्चि शहर के पुलिस आयुक्त सहित संबंधित पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए जाएं कि मोनालिसा को न्यायालय की अनुमति के बिना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर न ले जाया जाए। सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रथम दृष्टया मोनालिसा के इस दावे को गंभीर माना कि अंतरधार्मिक विवाह के कारण उनकी जान को खतरा है। हाईकोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि मोनालिसा को किसी भी प्रकार की धमकी या खतरे की आशंका हो तो तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। अदालत ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता फिलहाल सुरक्षा कारणों से छिपकर रह रही हैं, इसलिए किसी भी आपात स्थिति में वह महिला सुरक्षा अधिकारी से संपर्क करें। सूचना मिलते ही पुलिस उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। मोनालिसा भोसले वर्ष 2025 के महाकुंभ मेले के दौरान माला बेचते हुए वायरल हुए वीडियो के बाद देशभर में चर्चा में आई थीं। इसी वर्ष उन्होंने अभिनेता मोहम्मद फरमान खान से विवाह किया, जिसके बाद यह विवाह विवादों में आ गया। कुछ संगठनों ने आरोप लगाया कि विवाह के समय मोनालिसा नाबालिग थीं, इसलिए शादी अवैध है। हालांकि मोनालिसा और उनके पति ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विवाह के समय उनकी उम्र 18 वर्ष तीन माह थी। उनके वकील ने अदालत को बताया कि मध्य प्रदेश की एक अदालत भी उनकी आयु का सत्यापन कर चुकी है। इससे पहले 20 जून को केरल हाईकोर्ट ने मोनालिसा को अंतरिम पुलिस सुरक्षा प्रदान की थी। यह सुरक्षा 10 जुलाई तक प्रभावी रही। बाद में राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि पुलिस मोनालिसा का पता नहीं लगा पा रही है, जिसके बाद सुरक्षा आदेश की अवधि समाप्त हो गई। हालिया सुनवाई के दौरान केरल पुलिस ने अदालत को सूचित किया कि एनसीएसटी ने मोनालिसा को मध्य प्रदेश पुलिस को सौंपने का निर्देश जारी किया है। इस पर अदालत ने आयोग के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाते हुए आदेश के कानूनी आधार की जानकारी मांगी। मोनालिसा के अधिवक्ता ने अदालत में दलील दी कि उन्हें मध्य प्रदेश वापस भेजने का कोई भी प्रयास उनकी जान के लिए गंभीर खतरा बन सकता है और ऑनर किलिंग जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि एनसीएसटी का आदेश उनकी मुवक्किल को उपलब्ध ही नहीं कराया गया। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत जारी रखते हुए राज्य पुलिस को निर्देश दिया कि मोनालिसा भोसले को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए और न्यायालय की अनुमति के बिना उन्हें किसी भी एजेंसी या व्यक्ति के हवाले न किया जाए।

# घर पर हमले के मामले में एफआईआर दर्ज, 5-6 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राहुल जायसवाल



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी पुलिस ने दाउद नगर कस्बा में हुए घर पर हमले के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 5–6 अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित रमेश कुमार बाल्मीकि पुत्र स्व0 रामरतन निवासी 66/4बी दाउद नगर कस्बा नैनी ने थाना नैनी में दी गई तहरीर में बताया कि 28/29 जुलाई 2026 की रात करीब 01:00 बजे वह घर में सो रहे थे। इसी दौरान 5–6 अराजक व्यक्तियों ने उनके घर पर हमला कर दिया। हमले की आवाज सुनकर जब वह बाहर निकले तो वहां धुआं दिखाई दे रहा था। रमेश को देखते ही सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# स्कूल गया 14 वर्षीय छात्र रहस्यमय परिस्थितियों में लापता, परिजनों ने पुलिस से लगाई सकुशल बरामदगी की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद, लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अटौरा से एक 14 वर्षीय किशोर के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर बच्चे की खोजबीन कराने की मांग की है। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और परिजन किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं। प्रार्थना पत्र के अनुसार ग्राम अटौरा निवासी कमलेश कुमार पुत्र कल्लूराम ने बताया कि उनका लगभग 14 वर्षीय भांजा राज पुत्र राजकुमार, जो उनके घर पर रहकर पढ़ाई करता है, 29 जुलाई 2026 की सुबह करीब 8 बजे रोज की तरह स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। इसके बाद सुबह करीब 9:30 बजे वह घर से विद्यालय के लिए रवाना हुआ, लेकिन स्कूल नहीं पहुंचा। परिजनों के अनुसार जब करीब 10 बजे बच्चे के स्कूल न पहुंचने की जानकारी मिली तो परिवार के लोग घबरा गए। सूचना मिलते ही कमलेश कुमार ने अपने स्तर पर बच्चे की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के गांवों में खोजबीन की, लेकिन बच्चे का कहीं कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और अन्य संभावित स्थानों पर भी जाकर बच्चे की तलाश की। काफी प्रयासों के बावजूद जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिवार ने पुलिस की शरण ली और गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए थाना मलिहाबाद में प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि बच्चा नाबालिग और सीधा-सादा है। ऐसे में उसके साथ किसी अनहोनी या बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी कारण परिजनों ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई करते हुए खोजबीन तेज करने और बच्चे को सकुशल बरामद कराने की मांग की है। पहचानः घटना के समय काला लोअर और लाइनिंग वाली टी-शर्ट पहने हुए था। परिजनों का कहना है कि बच्चे के अचानक लापता होने से पूरा परिवार सदमे में है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर विशेष टीम गठित करने और जल्द से जल्द बच्चे की सकुशल बरामदगी सुनिश्चित करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंप दिया गया है और परिवार को उम्मीद है कि पुलिस की सक्रिय कार्रवाई से जल्द ही बच्चे का पता चल सकेगा। वहीं क्षेत्र में भी इस घटना को लेकर लोगों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

**गुमशुदा बालक का विवरण**

नामः राज
पिता का नामः राजकुमार
उम्रः लगभग 14 वर्ष
रंगः गेहुआं
कदः लगभग 4 फीट 8 इंच
भाषाः हिंदी

# नाबालिग पर चाकू से जानलेवा हमला मामलें में एफआईआर दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** पुरानी रंजिश के चलते नाबालिग पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। इस मामले में नाबालिग के पिता ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने चार नामजद व एक अज्ञात महिला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कलां में पुरानी रंजिश के चलते एक नाबालिग किशोर पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना में घायल किशोर का उपचार कराने के बाद उसके पिता की तहरीर पर पुलिस ने अरमान पुत्र नईम, तौहीद पुत्र शाकिर, अरमान की मां (नाम अज्ञात) तथा एक अन्य अज्ञात महिला के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम शेरपुर कलां निवासी हसन हैदर पुत्र रियासतुल्ला खां ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका नाबालिग पुत्र रिजान हैदर गुरुवार को करीब साढ़े ग्यारह बजे दवा लेने जा रहा था। आरोप है कि गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास पहले से मौजूद अरमान पुत्र नईम और तौहीद पुत्र शाकिर ने बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल लगाकर उसका रास्ता रोक लिया। इसके बाद दोनों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इसी दौरान अरमान की मां, जिनका नाम ज्ञात नहीं है, एक अन्य अज्ञात महिला के साथ हाथ में चाकू लेकर मौके पर पहुंचीं और रिजान हैदर पर हमला कर दिया। चाकू लगने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह घायल किशोर को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के बाद आरोपी दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। परिजन घायल किशोर को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। घटना के बाद हसन हैदर ने कोतवाली पूरनपुर में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अरमान पुत्र नईम, तौहीद पुत्र शाकिर, अरमान की मां (नाम अज्ञात) तथा एक अज्ञात महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

# एसडीएम, सीओ व सीएफओ ने आतिशबाजी की लाइसेंसधारी दुकानों का किया संयुक्त निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** उपजिलाधिकारी पूरनपुर के निर्देशन में बृहस्पतिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी पीलीभीत द्वारा आतिशबाजी की अस्थायी एवं स्थायी लाइसेंसधारी दुकानों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, अग्निशमन विभाग द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन, आतिशबाजी के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था, परिसर में उपलब्ध फायर एक्सटिंग्विशर की संख्या एवं उनकी कार्यशीलता, आपातकालीन सुरक्षा उपायों तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि आतिशबाजी का भंडारण निर्धारित क्षमता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान संबंधित दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि आतिशबाजी का क्रय-विक्रय केवल शासन एवं विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित मानकों तथा लाइसेंस की शर्तों के अनुरूप ही किया जाए। किसी भी दशा में अवैध, बिना लाइसेंस अथवा मानकों के विपरीत आतिशबाजी का भंडारण एवं विक्रय न किया जाए। सभी दुकानदार अपनी दुकानों पर अग्निशमन उपकरण सदैव कार्यशील अवस्था में रखें तथा सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। इसके अलावा मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा सर्वोपरि है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी, लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को अग्नि सुरक्षा एवं दुर्घटना की स्थिति में अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में भी जागरूक किया गया।

# काकोरी में सूअर और भैंस चोरी का खुलासा, दोबारा चोरी करने पहुंचे तीन युवक ग्रामीणों के हत्थे चढ़े

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**काकोरी/, लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के ग्राम करझन में लगातार हो रही पशु चोरी की घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को तीन कथित चोरों को रंगेहाथ पकड़ लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दिन पहले गांव से तीन सूअर, उनके पांच बच्चे तथा दो भैंस चोरी कर ली गई थीं। लगातार हो रही इन घटनाओं के बाद गांव के लोगों में भारी आक्रोश था और वे चोरों की तलाश में कई दिनों से निगरानी कर रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार चोरी की यह घटना नागेश्वर महादेव मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थित खेत की है, जहां एक ग्रामीण ने झोपड़ी बनाकर अपने पशु पाल रखे हैं। बताया गया कि पहले हुई चोरी के बाद से ग्रामीणों को शक था कि वही लोग दोबारा गांव में आ सकते हैं। इसी आशंका के चलते गांव के कई लोग रात में पहरा दे रहे थे। गुरुवार को संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर ग्रामीण सतर्क हो गए और घात लगाकर निगरानी करने लगे। इसी दौरान तीन युवक खेत की ओर पहुंचे और वहां से एक सूअर के बच्चे को लेकर जाने लगे। ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें घेर लिया और पकड़ लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपितों को पकड़कर उनसे पूछताछ की। ग्रामीणों का कहना है कि पूछताछ के दौरान तीनों युवकों ने अपना नाम सूरज, अजय और रामदयाल बताया तथा खुद को काकोरी क्षेत्र के दासदोई गांव का निवासी बताया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यही लोग पहले हुई सूअर और भैंस चोरी की घटनाओं में भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि इस संबंध में अंतिम पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। लोगों ने आरोपितों का वीडियो भी बनाया, जिसमें उन्हें सूअर के बच्चे के साथ पकड़े जाने का दावा किया जा रहा है। यह वीडियो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद आसपास के गांवों में भी इस घटना की चर्चा शुरू हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि वीडियो इसलिए बनाया गया ताकि घटना का प्रमाण सुरक्षित रहे और पुलिस कार्रवाई में मदद मिल सके। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। पुलिस ने मौके से मिले तथ्यों और ग्रामीणों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गांव के लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में पशु चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे पशुपालकों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि सूअर और भैंस उनके लिए आय का मुख्य साधन हैं और चोरी होने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उनका कहना है कि पहले हुई चोरी में तीन सूअर, उनके पांच बच्चे और दो भैंस गायब हो गई थीं, जिनकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की गहराई से जांच कर यह पता लगाया जाए कि आरोपित किसी बड़े पशु चोरी गिरोह से जुड़े हैं या नहीं। साथ ही पहले हुई चोरी की घटनाओं का भी खुलासा किया जाए और चोरी हुए जानवरों की बरामदगी सुनिश्चित की जाए। फिलहाल पुलिस पकड़े गए युवकों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है।

## चोरों ने घर मे घुसकर नकदी व सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ किया साफ

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** अकेली महिला के सोने के बाद अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए नकदी व सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। जागने पर महिला ने जब बिखरा हुआ सामान और खुली हुई अलमारी देखी तो उसके होश उड़ गये। महिला ने इस मामले की तहरीर पुलिस को देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ढका जमीमा पूरनपुर में स्थित कैनरा बैंक के पीछे बुधवार देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता गुलहार बी पत्नी मकसूद ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह 29 जुलाई की रात खाना खाकर घर में अकेली सो गई थीं। रात करीब एक से डेढ़ बजे के बीच अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुसे और उत्तर दिशा की ओर स्थित कमरे की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पूरनपुर प्रशासन सख्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** प्रशासन ने कावड़ यात्रा को लेकर मीट बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की बात कहते हुए उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज करने की स्पष्ट चेतावनी दी है। इसको लेकर आयोजित बैठक में पुलिस प्रशासन ने व्यापारियों से आदेशों का पालन करने के साथ ही नियमित निगरानी में सहयोग मांगा है। कांवड़ यात्रा और सावन माह के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय एवं चौकी इंचार्ज जय प्रकाश की अध्यक्षता में व्यापारियों की बैठक हुई। बैठक में होटल, ढाबा, शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजनालय संचालकों समेत व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। पुलिस ने जिला प्रशासन के आदेशों की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि 30 जुलाई से 29 अगस्त 2026 तक जनपद में मीट बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। प्रभारी निरीक्षक श्री पांडेय ने चेतावनी दी कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर श्री पांडेय के द्वारा व्यापारियों से धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रशासन का सहयोग करने और आदेशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि सावन माह में नियमित निगरानी रखी जाएगी ताकि जिले में शांति और सौहार्द बना रहे।

# इंदिरा नहर में मिला 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव

**.........समेसी पुल के पास मिला शव, दाहिने हाथ में बंधा था कलावा; पहचान के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया का लिया सहारा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नगराम, संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह इंदिरा नहर के समेसी पुल के पास करीब 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब नौ बजे राहगीरों ने इंदिरा नहर में एक शव उतराता देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष आंकी गई है। उसने सफेद रंग का कुर्ता और कच्छा पहन रखा था। उसके दाहिने हाथ में कलावा बंधा मिला है। थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि नहर के तेज बहाव के कारण शव किसी अन्य स्थान से बहकर समेसी पुल तक पहुंचा होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों को सूचना देने के साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी फोटो प्रसारित किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मौत के कारणों की जांच की जाएगी। फिलहाल पुलिस अज्ञात में पंचनामा भरकर आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# रेलवे प्रशासन एवं कर्मचारी संगठनों के बीच प्रेम बैठक में रेलकर्मियों की समस्याओं पर हुआ मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत/बरेली।** मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) इज्जतनगर सुश्री वीणा सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में रेलवे प्रशासन एवं कर्मचारी संगठनों के बीच प्रेम बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में संगठनात्मक विकास, रेल संरक्षा, कर्मचारियों के कल्याण, कार्यस्थल की समस्याओं और विभिन्न नीतिगत विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में एन.ई. रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन, ऑल इंडिया एससी/एसटी एसोसिएशन और ओबीसी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और मांगों को रेलवे प्रशासन के समक्ष रखा तथा उनके शीघ्र समाधान की मांग की।डीआरएम वीणा सिन्हा ने कहा कि 'प्रेम' बैठक भारतीय रेलवे का महत्वपूर्ण संवाद मंच है, जहां प्रशासन और कर्मचारियों के बीच रचनात्मक चर्चा के माध्यम से संगठनात्मक विकास, सुरक्षित रेल संचालन और उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों के सुझाव रेलवे की कार्यकुशलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि बैठक का उद्देश्य सुरक्षित ट्रेन संचालन, रेल राजस्व में वृद्धि तथा कर्मचारियों के कल्याण और कार्यस्थलों से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना है। बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया एससी/एसटी एसोसिएशन के अध्यक्ष बच्चूलाल ने की। उन्होंने कर्मचारियों और जनहित से जुड़े विभिन्न एजेंडों पर त्वरित कार्रवाई की मांग रखी। वहीं, मेंस कांग्रेस के मंडल मंत्री रजनीश तिवारी, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव, एससी/एसटी एसोसिएशन के प्रवीन प्रकाश निश्चल, ओबीसी एसोसिएशन के संजय कुमार एवं सतीश चन्द्र पाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने प्रस्ताव और मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं।

# सड़क किनारे पैदल जा रहे वृद्ध को बाइक ने मारी टक्कर, सिर में गंभीर चोट, पैर टूटा

**..........परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, इलाज में दो लाख रुपये खर्च होने का दावा; पुलिस ने शुरू की जांच।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मोहनलालगंज।** सड़क किनारे पैदल जा रहे एक वृद्ध को तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि एक पैर में फ्रैक्चर हो गया। परिजनों की तहरीर पर मोहनलालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रायबरेली जनपद के रामपुर सुदौली निवासी रामसजीवन ने तहरीर देकर बताया कि उनके पिता रजऊ 12 जून 2026 को अपनी पुत्री की ससुराल गनेशखेड़ा आए थे। वह सड़क की पटरी पर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार हीरो स्प्लेंडर बाइक (यूपी-32 एनडब्ल्यू-4528) के चालक ने लापरवाही से उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में रजऊ के सिर में गंभीर चोटें आई और पैर टूट गया। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। परिजनों का कहना है कि इलाज पर अब तक करीब दो लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और इसके लिए उन्हें कर्ज तक लेना पड़ा है। एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, चार माह बाद दर्ज हुआ मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**निगोहां, लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के मंगटइया गांव में पानी-पूड़ी का ठेला लगाने वाले एक व्यक्ति की नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने करीब चार माह बाद मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर झांसी निवासी आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, मूल रूप से मध्य प्रदेश के दतिया निवासी ठाकुर दास प्रजापति वर्तमान में परिवार सहित मंगटइया गांव में रहकर पानी-पूड़ी का व्यवसाय करते हैं। उन्होंने अपनी तहरीर में बताया कि 14 अप्रैल 2026 को उनकी नाबालिग पुत्री को गांव में ही पानी-पूड़ी का कारोबार करने वाला झांसी निवासी बलराम बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल थाने में शिकायत दी थी। पुलिस द्वारा मामले की जांच के उपरांत अब आरोपी बलराम के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि नाबालिग की तलाश के लिए पुलिस टीम सक्रिय है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने परिजनों के बयान भी दर्ज कर लिए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर लोगों में चिंता का माहौल है।